
जबलपुर गुरुवार 23 जुलाई 2026 > शक संवत 1948, अषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमीं
वर्ष 32 अंक 28 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



अब हर रोज दर्पण ⏩ 3




सूर्योदय - 5.37 | सूर्यास्त - 6.57

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



कार्यवाही की आहट से पहले इस्तीफा!... ⏩ 4



प्रभास देश के सबसे पसंदीदा स्टार... ⏩ 7



एनसीएल ने ओबरी से कसैया वाया कन्हैया दह सड़क... ⏩ 8

# मुझे सरकार के हमले झेलने की आदत : राहुल गांधी




## धर्मेंद्र प्रधान फेल शिक्षा मंत्री, छात्रों से माफी मांगें प्रधानमंत्री



### काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे विपक्षी सांसद

बुधवार को राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे। विपक्षी पार्टियां 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान छात्रों पर पुलिस कार्रवाई, पेपर लीक का विरोध कर रही हैं। संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को विपक्ष ने कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर हंगामा किया। राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, वे सदन में नीट पेपर लीक मामले में चर्चा तभी चाहते हैं जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दे दें।

नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने छात्रों के प्रदर्शन और जंतर-मंतर पर उनके साथ कथित मारपीट का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि आखिर छात्रों ने ऐसा क्या गलत किया है, जिसके लिए उनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि छात्र कोई अपराध नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपने हक की मांग कर रहे हैं। इस दौरान राहुल ने केंद्र सरकार के सामने तीन मांगें भी रखीं। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश के हजारों-हजारों छात्र आखिर क्या गलत कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि छात्रों पर सुरक्षा बलों की ओर से हथियार तानने, उन्हें पीटने और अपमानित करने की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि छात्रों के साथ ऐसा क्यों हो रहा है? कांग्रेस नेता ने कहा कि छात्र शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकार से वही मांग रहे हैं, जिसका उन्हें अधिकार है। उन्होंने कहा कि छात्रों को ऐसी शिक्षा व्यवस्था चाहिए, जो सही तरीके से काम करे और निष्पक्ष हो। लेकिन आज देश में ऐसी शिक्षा व्यवस्था नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि पेपर लीक की समस्या अब बहुत गंभीर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि छात्र पहले से ही भारी तनाव से गुजरते हैं। कई बच्चे आत्महत्या तक कर चुके हैं। छात्र और उनके परिवार मेहनत की कमाई परीक्षा और शिक्षा पर खर्च करते हैं, लेकिन परीक्षा से ठीक पहले उन्हें पता चलता है कि पेपर लीक हो गया है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में इतनी शालीनता होनी चाहिए कि वह छात्रों से माफी मांगें। प्रधानमंत्री सिर्फ उस व्यवस्था को चला रहे हैं, जिसमें छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है। जब राहुल को पुलिस द्वारा लेकर जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे अपने साथ हुए व्यवहार की कोई चिंता नहीं है, मुझे सरकार के हमले झेलने की आदत हो गई है। उनके साथ पांच गुना ज्यादा बुरा व्यवहार किया जाए, उन्हें इसकी भी परवाह नहीं है, लेकिन ध्यान छात्रों के मुद्दे पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों के साथ पूरी तरह खड़ी है। कल मेरे मुंह से खून निकल रहा था, लेकिन मुझे इसकी चिंता नहीं है। उन्होंने इस पूरे मुद्दे में डॉ. जितेंद्र सिंह के बयान को अप्रासंगिक बताया।

### 10 साल में देश में 152 पेपर लीक की घटनाएं

राहुल गांधी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में देश में 152 पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं, लेकिन इनमें एक भी मामले में दोषसिद्धि नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इससे करीब 7.5 करोड़ छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए हैं। इनमें ज्यादातर मध्यम वर्ग और गरीब परिवार हैं, जो अपने बच्चों की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपनी मेहनत की कमाई लगाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कोई व्यक्ति या लोगों का एक समूह देश की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर रहा है और छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि यह युवाओं के विरोध प्रदर्शन की एक बिल्कुल जायज वजह है। उन्होंने केंद्र सरकार से छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेने और शिक्षा व्यवस्था को निष्पक्ष बनाने की मांग की।

### शिक्षा व्यवस्था सिर्फ भ्रष्ट नहीं, महंगी भी

राहुल गांधी ने कहा कि समस्या सिर्फ यह नहीं है कि शिक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी है, बल्कि यह व्यवस्था अब आम परिवारों की पहुंच से भी बाहर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा देश का हर युवा जानता है, लेकिन पता नहीं भारत सरकार इसे क्यों नहीं समझती। राहुल गांधी के मुताबिक, सरकार टैक्स के जरिए पैसा जुटाती है और बच्चों के भविष्य के लिए शिक्षा बजट पर खर्च करती है। उन्होंने दावा किया कि देश का शिक्षा बजट करीब 1.4 लाख करोड़ रुपये है, जबकि हर साल नीट परीक्षा देने वाले परिवार करीब 1.32 लाख करोड़ रुपये खर्च कर देते हैं। उन्होंने इसे परिवारों से की जा रही लूट करार दिया। राहुल गांधी ने कहा कि पहले परिवारों से इतना पैसा खर्च कराया जाता है और फिर उन्हें बताया जाता है कि पेपर लीक हो गया। यही वजह है कि युवा सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। देश युवाओं को रोजगार और आजीविका का अधिकार देता है, लेकिन आज उनके सामने सभी दरवाजे बंद हैं और सिर्फ सरकारी नौकरी का रास्ता बचा है। उन्होंने कहा कि वह छात्रों की मांगों के साथ 1000 फीसदी सहमत हैं और जो कुछ हुआ है, उसके लिए जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

### राहुल गांधी ने रखीं छात्रों की तीन मांगें

राहुल गांधी ने छात्रों की ओर से तीन प्रमुख मांगें भी सामने रखीं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए। इसके अलावा, जिन लोगों ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ मारपीट की, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। तीसरी मांग के तौर पर राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छात्रों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और छात्रों के साथ कथित दुर्व्यवहार जैसी घटनाओं पर सरकार को जवाब देना होगा। राहुल गांधी ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था भारत की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं छात्रों के भविष्य और इस व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने सरकार से छात्रों की आवाज सुनने और उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

## विधानसभा में हंगामे के बीच पांच बिल पास

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन के भीतर और बाहर जबरदस्त सियासी ड्रामा देखने को मिला। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुई मारपीट और कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर पहुंचे। स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा न मिलने से नाराज विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के बीच विधानसभा में 5 बिल पारित- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) संशोधन विधेयक, मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय स्थापना एवं संचालन (संशोधन) विधेयक-2026, मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) विधेयक-2026, मध्य प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2026 तथा मध्य प्रदेश निरसन विधायक 2026 को पारित कर दिया गया।

## अनंतनाग में आतंकी हमले में हेड कॉन्स्टेबल की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के लाल चौक इलाके में बुधवार को आतंकियों ने पुलिस पर हमला किया। इसमें हेड कॉन्स्टेबल (35 साल) की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक दोपहर करीब 12.30 बजे आतंकियों ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर अचानक फायरिंग की। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलियां चलीं। इस दौरान हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हमले के बाद आतंकी भाग गए। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

### राम मंदिर ट्रस्ट में बड़ा बदलाव, सीईओ की नियुक्ति टली

## संतों को सौंपी गई धार्मिक कार्यों की जिम्मेदारी

अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को अयोध्या में ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के संभावित आगमन को देखते हुए दर्शन व्यवस्था, प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने, मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति, चढ़ावा गणना व्यवस्था, ट्रस्ट में रिक्त पदों की पूर्ति और मंदिर की परंपरागत पूजा व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और अहम निर्णय लिए गए। न्यासियों ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और संतोष व्यक्त किया कि चढ़ावा गणना कक्ष सहित सभी महत्वपूर्ण कैमरों की पहुंच सुरक्षा एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों को पहले से उपलब्ध करा दी गई है। बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ चढ़ावा राशि की गणना के लिए हुए एमओयू की



भी समीक्षा की गई। न्यासी मंडल ने बैंक की कार्यप्रणाली और दायित्वों के निर्वहन में सामने आई त्रुटियों पर नाराजगी जताई। ट्रस्ट ने बैंक की प्रतिक्रिया और गंभीरता पर असंतोष व्यक्त करते हुए वित्त समिति को एसबीआई के साथ भविष्य के संबंधों और मानक संचालन प्रक्रियाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लेने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी के चयन के लिए गठित समिति ने बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों का हवाला देते हुए चयन प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक माह का अतिरिक्त समय मांगा, जिसे न्यासी मंडल ने स्वीकार कर लिया। इस बीच श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रस्ट ने प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन के लिए एक सचिव की नियुक्ति को मंजूरी दे दी।

### धार्मिक समिति का पुनर्गठन

ट्रस्ट ने फैसला किया कि अब राम मंदिर के धार्मिक कार्यों का संचालन संतों के निर्देशन में होगा। मंदिर की पूजा-पद्धति की परंपरागत शुद्धता और प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए धार्मिक समिति का पुनर्गठन भी किया गया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि को धार्मिक समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, मध्वपीठाधीश्वर स्वामी विश्वप्रसन्नतीर्थ जी महाराज, महंत दिनेंद्र दास (निर्मोही अखाड़ा), महंत कमलनयन दास (मणिराम दास छावनी), महंत राजकुमार दास (रमावल्लभ कुंज), स्वामी रामानंद दास (रामकथा कुंज), स्वामी मिथिलेश नंदिनी शरण और युगपुरुष स्वामी परमानंद को सदस्य बनाया गया है।

## नीति आयोग के नये सीईओ होंगे अनुराग जैन

नई दिल्ली (वार्ता)

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग जैन नीति आयोग के अगले मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने बुधवार को उनकी नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। समिति के कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि मध्य प्रदेश कैडर के 1989 बैच के अधिकारी अनुराग जैन का कार्यकाल कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होगा। वह प्रशासनिक सेवा में अपने विस्तारित कार्यकाल की समाप्ति तक और उसके बाद कुल मिलाकर दो साल तक या अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे।

## सभी सुधारों के केन्द्र में नागरिकों का कल्याण होना चाहिए: मोदी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां अपने आवास पर विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक में विकसित भारत के लक्ष्यों को पाने की दिशा में प्रगति की समीक्षा की और जोर देकर कहा कि सभी सुधारों के केन्द्र में नागरिकों का कल्याण होना चाहिए। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि बैठक में ग्रामीण विकास, कृषि, सामाजिक कल्याण और संबंधित क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने बैठक में इस बात पर ज़ोर दिया कि सभी सुधारों के केंद्र में नागरिकों का कल्याण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गए सुधारों को असल रफ़्तार मिलनी चाहिए और उनसे सार्थक बदलाव आने चाहिए। उन्होंने कहा कि सुधारों का मकसद सिर्फ़ सरकार के कामकाज को बेहतर बनाना नहीं, बल्कि भारत के विकसित राष्ट्र बनने के सफ़र को तेज़ करना है। उन्होंने कहा कि शासन प्रणाली में तेज़ी से बदलाव हो रहे हैं। उन्होंने बदलते माहौल की ज़रूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए शासन प्रक्रियाओं को अपनाने और मज़बूत करने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों में उभरती ज़रूरतों की व्यापक मैपिंग करने का सुझाव दिया। मोदी ने देश के विकास लक्ष्यों को पाने के लिए पूरी सरकार के मिलकर काम करने के नज़रिए की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने का सपना एक जन आंदोलन बनना चाहिए और भारत के युवा इस विज़न की नींव बनने चाहिए। प्रधानमंत्री ने युवाओं में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की गंभीर समस्या से निपटने के महत्व को रेखांकित किया।

## शरद पवार और सुप्रिया ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** शरद पवार ने बुधवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में मुलाकात की। इस मौके पर बेटी सुप्रिया सुले भी उनके साथ रहीं। पीएम ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। शरद पवार ने मोदी को एक पत्र भी सौंपा। यह बैठक करीब 20 मिनट चली। बैठक को लेकर शरद पवार ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा- नीट परीक्षा के पेपर लीक, इसके



खिलाफ छात्रों के आंदोलन, आंदोलन के दौरान पुलिस के गलत व्यवहार और छात्रों पर दर्ज आपराधिक मामलों समेत कृषि क्षेत्र से जुड़े कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विस्तार से चर्चा हुई। पवार ने आगे लिखा- प्रधानमंत्री मोदी की साथ हुई बैठक में देश और महाराष्ट्र में कृषि क्षेत्र की प्रशासनिक और नीतिगत कमियों, किसानों की गंभीर समस्याओं, जल प्रबंधन और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान पीएम को किसानों की लंबित मांगों और कृषि क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों से भी अवगत कराया गया। इन मुद्दों पर आवश्यक कदम उठाने की जरूरत पर जोर दिया गया। शरद पवार की मोदी से मुलाकात ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। परिसीमन बिल पर बीजेपी को एनसीपी के 8 सांसदों का समर्थन चाहिए। इस मुलाकात को उससे जोड़कर भी देखा जा रहा है। सुप्रिया सुले ने कुल सीटों में 50 फीसदी बढ़ोतरी की लिखित गारंटी मिलने पर इस बिल को सशर्त समर्थन देने के संकेत दिए हैं। हालांकि सुप्रिया सुले ने एनडीए में शामिल होने या किसी भी तरह के विलय के प्रस्तावों को खारिज किया है। ऐसे में शरद पवार के अगले कदम पर सस्पेंस है।

# हर विधानसभा में किराये पर मिलेंगे कृषि यंत्र

## छोटे किसान आसानी से कर सकेंगे आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर किसानों की सहूलियत के लिये प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक 'कृषि यंत्र किराये की दुकान' अनिवार्य रूप से खोलने की तैयारी चल रही है। कृषक कल्याण वर्ष में जल्दी ही इस पहल के परिणाम मिलेंगे। छोटे और सीमांत किसानों को अपने खेत तैयार करने आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करना आसान हो जायेगा। वर्तमान में ऐसे 5260 केन्द्र संचालित है। अब हर साल 1060 कृषि यंत्र किराये की दुकानें स्थापित की जायेगी। मध्यप्रदेश अब तेजी से कृषि यंत्रों के निर्माण में आत्मनिर्भर हो रहा है। विदिशा जिले ने आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर उच्च गुणवत्ता के कृषि यंत्रों का निर्माण करना शुरू कर दिया है। ग्रेडर, लेवलर, हाइड्रालिक ट्रॉली, कल्टीवेटर, प्लाउ जैसे उपकरण जिले में ही बनाये जा रहे है। यहां लगभग 150 कृषि उपकरण निर्माण इकाइयाँ है। यहां बने कृषि यंत्रों की मांग अन्य राज्यों और विदेशों में भी हो रही है। मेडागास्कर, नाइजीरिया, सूडान, यूगांडा, घाना, अलजीरिया, ग्वाटेमाल, भूटान, नेपाल,



बांग्लादेश में यहां से निर्मित उपकरण भेजे जा रहे है। छोटे किसानों को न्यूनतम सेवा शुल्क पर अत्याधुनिक कृषि यंत्रों की सेवाएं मिल रही है। युवा उद्यमियों को भी इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। उषा एग्रो के मानस गुप्ता बताते हैं किहम खेती में काम आने वाले यंत्र और उपकरण बनाते हैं, जैसे- लोडर, डिलोडर, कल्टीवेटर आदि। सभी उपकरण किसानों के लिए उपयोगी हैं। उन्होंने बताया कि हमारे बनाए यंत्र और उपकरण 10 से ज्यादा देशों तक पहुंच रहे हैं. इनमें नाइजीरिया, सूडान, केन्या, यूगांडा, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, घाना, अल्जीरिया, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल हैं। हमारा दो-तिहाई बिजनेस देश के अंदर होता है और एक-तिहाई कारोबार विदेशों में है। पूरे साल में करीब 4 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। हमें इस काम में डॉ. मोहन यादव की सरकार से बहुत मदद मिलती है। उत्पादन से लेकर व्यवसाय के विस्तार तक में सरकार की नीतियां हमारे लिए मददगार साबित हुई हैं।

### किसानों के लिए उपयोगी उपकरण

विष्णु शर्मा, संजय उद्योगट्रैक्टर से संबंधित उपकरण बनाते हैं जैसे कल्टीवेटर, प्लाऊ आदि। ये उपकरण किसानों के लिए उपयोगी हैं। ट्रैक्टर से किसान अपने खेतों को आसानी से तैयार करते हैं। इसमें जिन उपकरणों की जरूरत होती है वो सब बनाते हैं। उत्पादों की सप्लाय के संबंध में उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से विदिशा और उसके आसपास के जिलों में होती है। दूसरे राज्यों में भी पहुंचते हैं।

### दूसरे राज्यों तक फैला कारोबार

विपिन रघुवंशी, मेसर्स किसान इंडस्ट्रीज मुख्य रूप से कल्टीवेटर, प्लाऊ, लोडर, डिलोडर बनाते हैं। खेतों को तैयार करने से लेकर रोपनी, बोवनी और कटाई सभी कार्यों के लिए उपकरण बनाते हैं। दीपक नरवरिया, मे. एग्रो स्मार्ट टेक्नोलॉजी ने बताया कि हमारा बाजार मध्यप्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों तक फैला हुआ है। अधिकांश यंत्र और उपकरण विदिशा और आसपास के इलाकों के किसानों की मांग पूरी करने में ही खप जाते हैं।



## राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण: कलेक्टर श्री सिंह

### शहपुरा में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को शहपुरा तहसील कार्यालय में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नीता राठौर, एसडीएम, तहसीलदार, सभी पटवारी और राजस्व निरीक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाइन, पीएम किसान सम्मान निधि, ई-केवाईसी और फॉर्मर आईडी से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने पटवारियों से लंबित राजस्व प्रकरणों और पटवारियों के पास लंबित सीमांकन मामलों की समीक्षा की। उन्हों ने समय-सीमा में कार्य पूर्ण न करने वाले पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती राठौर ने कहा कि यदि अगली बैठक तक कार्य पूरा नहीं हुआ, तो संबंधितों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान कई पटवारी अवकाश पर थे, जिसको लेकर कलेक्टर श्री सिंह ने बिना सूचना के अवकाश पर रहने वाले पटवारियों का एक दिन का वेतन काटने के भी निर्देश दिए गए।बैठक में कलेक्टार श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्हों ने कहा कि सीएम हेल्पमलाईन के प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन ऐप अपने मोबाइल में अनिवार्य रूप से रखें ताकि शिकायतों की जानकारी व निराकरण की स्थिति निरंतर मिलती रहे। उन्होंने बैठक में पटवारियों से फॉर्मर आईडी बकेट की जानकारी लेकर बताया कि इससे किसानों को ई-विकास पोर्टल की समस्या हल हो जाती है, इसलिए सभी किसानों की फार्मर आईडी प्राथमिकता से बनाई जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने चालू वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश देकर कहा कि सभी पटवारी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली करें। उन्होंकने न्यायालयीन प्रकरणों, आदेश अनुपालन, नामांतरण और बंटवारे के मामलों का समय-सीमा में तुरंत निराकरण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त अवैध खनन की शिकायतों पर विशेष चर्चा की। जनसुनवाई में अवैध खनन की शिकायतों पर पटवारियों द्वारा रेत डंप की जानकारी समय पर न दिए जाने पर संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

# जीडीए सीईओ और अधिवक्ता को आपराधिक अवमानना का नोटिस

### बेंच हंटिंग पर एमपी उच्च न्यायालय सख्त, 5 अगस्त को व्यक्तिगत पेशी के आदेश

जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा है कि बेंच हंटिंग जैसी प्रवृत्ति न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर सीधा हमला है। हाई कोर्ट की एकलपीठ ने ग्वालियर विकास प्राधिकरण (जीडीए) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) और अधिवक्ता राजकुमार मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए, इस संबंध में शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने दोनों को आगामी 5 अगस्त को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का आदेश भी दिया है।

न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि मामले में पहले से वरिष्ठ अधिवक्ता रिकॉर्ड पर मौजूद होने के बावजूद बीच सुनवाई नया वकालतनामा दाखिल कर अधिवक्ता राजकुमार मिश्रा को जोड़ा गया। अदालत ने इस घटनाक्रम पर गंभीर आपत्ति जताते हुए प्रथम दृष्टया माना कि



अधिवक्ता बदलने का कदम न्यायाधीश बदलवाने अथवा सुनवाई को प्रभावित करने के उद्देश्य से उठाया गया प्रतीत होता है, जिसे न्यायिक व्यवस्था में स्वीकार नहीं किया जा सकता। मामला ग्वालियर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित द्वारा दायर याचिका से संबंधित है।

संस्था ने ग्वालियर विकास प्राधिकरण के 28 जनवरी 2023 के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत संस्था के साथ हुआ अनुबंध समाप्त कर दिया गया था और 663 प्लाटों के नामांतरण भी निरस्त कर दिए गए थे। इस आदेश पर हाई कोर्ट पहले ही अंतरिम रोक लगा चुका है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

### केवल मांफी मांगने से मामले की गंभीरता समाप्त नहीं होती

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी देखा कि जीडीए की ओर से अधिवक्ता परिवर्तन के पीछे कोई ठोस और संतोषजनक कारण प्रस्तुत नहीं किया गया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले ऐसे प्रयास अदालत की गरिमा और न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि यदि पक्षकार या उनके प्रतिनिधि सुनवाई के दौरान इस प्रकार की रणनीति अपनाते हैं तो इससे न्यायपालिका की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। ग्वालियर विकास प्राधिकरण के सीईओ की ओर से बिना शर्त माफी भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई, लेकिन हाई कोर्ट ने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। अदालत का मत था कि केवल माफी मांग लेने से मामले की गंभीरता समाप्त नहीं हो जाती, विशेषकर तब जब प्रथम दृष्टया न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास सामने आता हो। हाई कोर्ट ने दोनों संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के संबंध में शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आदेश दिया है कि जीडीए के सीईओ और अधिवक्ता राजकुमार मिश्रा 5 अगस्त को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर यह स्पष्ट करें कि उनके विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। हाई कोर्ट की इस टिप्पणी को न्यायिक व्यवस्था की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट संकेत दिया कि न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने या न्यायाधीश बदलवाने जैसी किसी भी कोशिश को गंभीरता से लिया जाएगा और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई से परहेज नहीं किया जाएगा।



## काशी एक्सप्रेस में पकड़ा गया फर्जी टीटीई

### पमरे विजिलेंस टीम ने की कार्यवाही, डब्ल्यूसीआरएमएस की आईडी लगाकर कर रहा था यात्रियों की जांच

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पमरे की विजिलेंस टीम ने गाड़ी संख्या 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस काशी एक्सप्रेस में फर्जी टीटीई बनकर यात्रियों से अवैध वसूली करने वाले एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा है. आरोपी के पास से नकली रेलवे सील, रसीद बुक, फर्जी पहचान पत्र, 3500 रुपये नकद,गन जैसी दिखने वाली एक लाइटर बरामद हुई है। साथ ही डबलूसीआरएमएस का कार्ड लगाये था। बताया जाता है कि ट्रेनों में फर्जी टीटीई बनकर यात्रियों से अवैध वसूली करने वाले एक शातिर आरोपी को काशी एक्सप्रेस में दबोचने में रेलवे की टिकट चेकिंग टीम को बड़ी सफलता मिली है. जानकारी के अनुसार, टिकट चेकिंग स्टाफ को गोपनीय सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति टीटीई बनकर ट्रेनों में यात्रियों के टिकट चेक कर उनसे वसूली कर रहा है। सूचना के आधार पर टिकट चेकिंग स्टाफ दीपक कुमार उपाध्याय अपने साथियों शिवम सोनी, टीटीई मोहित कुमार तथा सीसीटीसी दीपक कुमार सोनी के साथ ट्रेन नंबर 15018 काशी एक्सप्रेस में जांच कर रहे थे। इसी दौरान स्लीपर कोच एस-1 में एक व्यक्ति यात्रियों के टिकट चेक करता दिखाई दिया। टीम ने पहले उसका वीडियो बनाया और फिर पूछताछ के लिए रोक लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अरुण कुमार यादव (54 वर्ष), निवासी सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बताया. तलाशी लेने पर उसके गले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर के नाम का पहचान पत्र लटका मिला, जबकि जेब से डब्ल्यूसीआरएमएस यूनियन का कार्ड बरामद हुआ।

## जीसीएफ वेस्ट गेट पर मजदूर कर्मचारी मोर्चा की विशाल द्वार सभा आयोजित

### कर्मचारी हित और एकजुटता का लिया संकल्प

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गन कैरेज फैक्टरी में आगामी 25 जुलाई को आयोजित होने जा रहे कार्य समिति चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव के सिलसिले में ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉयज फेडरेशन के संयुक्त महासचिव कॉमरेड रविंद्र रेड्डी का जबलपुर आगमन प्रस्तावित है। अपने प्रवास के दौरान वे कर्मचारियों के बीच पहुंचकर फेडरेशन द्वारा कर्मचारी हितों में किए गए ऐतिहासिक संघर्षों, उपलब्धियों और भावी रणनीति से अवगत कराएंगे। मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कॉमरेड रविंद्र रेड्डी के आगमन से पूर्व कर्मचारियों में उत्साह का



माहौल है और कर्मचारी आंदोलन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।चुनाव प्रचार की कड़ी में आज जीसीएफ वेस्ट गेट पर मजदूर कर्मचारी मोर्चा (हथौड़ा-इंटक) द्वारा एक विशाल द्वार सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों ने शिरकत की।सभा को संबोधित करते हुए मिठाई लाल रजक पूर्व अध्यक्ष, मजदूर संघ ने ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉयज फेडरेशन द्वारा कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, प्रमुख मांगों और संघर्षों के दौर में हासिल की गई उपलब्धियों का विस्तृत ब्योरा दिया। राजेश मिश्रा ने लाल झंडे के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक आंदोलनों और श्रमिक नेताओं के बलिदानों का स्मरण कराया। उन्होंने कर्मचारियों से अपने अधिकार, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। ऐसे ही रोहित यादव महामंत्री, मजदूर संघ ने बेबाक अंदाज में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए रोहित यादव ने कहा कर्मचारियों ने लगातार सात बार मुझे कार्य समिति सदस्य चुनकर जो भरोसा जताया है, मैंने सदैव उनकी आवाज को पूरी मजबूती से उठाया है।

## शराब के लिये रुपये न देने पर युवक को पीटा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा पुलिस ने बताया कि मुजावर मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय वसील अली ई-रिक्शा चलाता है। बीती रात करीब सवा ग्यारह बजे वह चाय पीने के लिये गुलजारी की दुकान जा रहा था, जहां पर उसे मोहल्ले का पिन्टू सुल्तानी व अली मिले। जिन्होंने उससे शराब पीने के लिये एक हजार रुपये की मांग की। वसीम ने रुपये देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट कर उसे जमीन पर पटक दिया। जिससे उसे चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकने पर पुलिस और कांग्रेसियों में झड़प

### कांग्रेस ने जमकर किया प्रदर्शन राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा ने बुधवार को केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। रेस्ट हाउस से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल, कांग्रेस महासचिव एवं पार्षद राजेश चौबे तथा अमोल चौरसिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पैदल मार्च निकालते हुए बस स्टैंड पहुंचे। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बस स्टैंड पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंकने के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई। हंगामे के बीच कांग्रेसियों ने पुतले में आग लगा दी, जिसके बाद पुलिस ने पानी डालकर आग बुझा दी। कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के




नाम ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे, नीट पेपर लीक मामले के दोषियों पर कठोर कार्रवाई तथा पेपर लीक से जुड़े घटनाक्रम के कारण आत्महत्या करने वाले छात्र-छात्राओं के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि देने की मांग की। प्रदर्शन में प्रकाश कुररिया, आलोक पांडे, गणेश दहिया, ममता गोटिया सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कक्षा ज्ञान देती है, जबकि दृष्टि देता है कार्यस्थल

### मास कम्युनिकेशन विद्यार्थियों के कार्य अनुभव प्रशिक्षण का समापन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के जनसम्पर्क कार्यालय में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन एवं शोध विभाग के बी.ए. मास कम्युनिकेशन द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 14 से 22 जुलाई तक आयोजित कार्य अनुभव प्रशिक्षण का समापन प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि एवं एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन एफ.के. मेश्राम ने कहा कि कक्षा ज्ञान देती है, जबकि कार्यस्थल दृष्टि देता है। दोनों का समन्वय ही विद्यार्थियों को कुशल, उत्तरदायी और व्यावसायिक दृष्टि से सक्षम संचारक बनाता है। उन्होंने कहा कि आज जनसंचार केवल सूचना प्रसारित करने का माध्यम



नहीं, बल्कि समाज में विश्वास निर्माण, जन-जागरूकता और संस्थागत पारदर्शिता का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। ऐसे में मीडिया विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे सत्यता, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। श्री मेश्राम ने कहा कि एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी विद्युत व्यवस्था के कुशल संचालन के साथ-साथ युवा प्रतिभाओं के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट संचार, जनसम्पर्क, मीडिया प्रबंधन, समाचार लेखन एवं संपादन, प्रेस विज्ञप्ति लेखन, सोशल मीडिया प्रबंधन, फोटोग्राफी, दृश्य संचार तथा संस्थागत संचार की व्यावहारिक कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। कार्यपालक निदेशक एफ. के. मेश्राम ने प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित अनुशासन, समयबद्धता, सीखने की उत्सुकता एवं टीम भावना की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन एवं शोध विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योग और विश्वविद्यालय के बीच ऐसा समन्वय विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



### नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का 15 जुलाई से 21 जुलाई तक चले विभिन्न कार्यक्रमों का समापन किया गया । जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा रैली,फिल्म शो , पोस्टर , रंगोली ,भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों में प्रो.नीता तिवारी, डॉ. रिया अग्रवाल ,डॉ. अंजली मांडवे, डॉ. माया पारस, डॉ.अजय सिंह डॉ. दीपक, अमित साहू, प्रशांत तिवारी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए ।

# साइबर ठगों ने अलग-अलग खातों से उड़ाए लाखों

### एक महिला को डरा धमकाकर पंद्रह लाख रुपये ऐंठे

जबलपुर (स्वतंत्र मत।

साइबर ठगों ने दो महिलाओं व एक पुरुष के बैंक एकाउंटों से लाखों की राशि हड़प ली। जिनमें एक महिला को डरा धमकाकर उससे पंद्रह लाख रुपये ऐंठे गये है। जिसकी शिकायत पीड़िता ने कोतवाली थाने में दर्ज करायी है। वहीं दो अन्य ने गढ़ा व रांझी थाने में ऑनलाईन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने तीनों मामलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि एसबीआई कालोनी निवासी 35 वर्षीय सोनाली सेठिया के वाट्सअप नंबर पर अज्ञात नंबर से लगातार मैसेज कर डराया धमकाया गया। 13 से 16 जुलाई के बीच में पीड़िता को डरा धमकाकर साइबर अपराधियों ने उनके अलग-अलग स्केनर भेजकर पंद्रह लाख रुपये ऐंठ लिये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



### मोबाईल हैक कर 28 हजार हजार हड़पे

ऐसे ही गढ़ा पुलिस को शक्ति नगर निवासी 40 वर्षीय विनायक महावर ने बताया कि उसका बैंक खाता पीएनबी में है। विगत माह जब वह मोबाईल इंस्टाग्राम पर रील देख रहा था। उसी समय एचजेड एप का एड आया, जिस पर क्लिक हो गया। जिसके बाद एप डाउनलोड हो गया। जब वह शाम को सामान लेने गया और क्यूआर कोड स्केन किया तो उसे पता चला कि उसके एकाउंट से 28 हजार रुपये कट गये है। किसी ने उसका मोबाईल फोन हैक कर उक्त राशि हड़प ली है।

### मैसेज भेजकर खाते से 70 हजार रुपये उड़ाये

इसी प्रकार रांझी पुलिस ने बताया कि एकता विहार कालोनी निवासी 46 वर्षीय मधुलिका सिंह चौहान ओएफके अस्पताल खमरिया में सीनियर नर्स के पद पर पदस्थ है। जिनका सैलरी खाता एसबीआई खमरिया में है। 11 जुलाई की रात्रि उनके वाट्सअप पर अज्ञात नंबर से हाय का मैसेज आया, जैसे ही उन्होंने मैसेज ओपन किया उनके खाते से तीन बार में 70 हजार रुपये ऑनलाईन धोखाधड़ी कर हड़प लिये। जब बैंक से काऊल आया कि क्या आप स्वयं पेमेंट कर रहीं तो उन्हें ठगी का पता चला, जिसके बाद उन्होंने अपना एकाउंट लॉक कराया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया।

## भाजपा नेता संजय यादव का निधन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय यादव जी का हृदयाघात हो जाने से भोपाल में आकस्मिक निधन हो गया। संजय यादव वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती रजनी यादव के अनुज एवं युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक यादव के अग्रज भ्राता थे। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार 22 जुलाई को शाम 5 उनके निज निवास तमरहाई चौक से रानीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुई। श्री यादव के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, सह प्रभारी श्रीकान्त साहू, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, सुशील तिवारी, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, निगम अध्यक्ष रिंकू विज के साथ सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

# तेज रफ्तार ट्राले ने ईको को 500 मीटर तक घसीटा

### पाटन के गुरु पिपरिया की घटना, महिलाएं-बच्चे समेत 10 घायल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पाटन थाना क्षेत्र के गुरु पिपरिया के समीप बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रॉले ने सामने से आ रही ईको गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि ट्रॉला ईको वाहन को करीब 500 मीटर तक घसीटते हुए खेत में ले गया। हादसे में ईको वाहन में सवार महिलाओं, बच्चों और चालक समेत करीब 8 से 10 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार ट्रॉला क्रमांक एसआर-38एएल-3399 जबलपुर से लोहे के गर्डर लेकर पाटन की ओर जा रहा था। इसी दौरान पाटन से जबलपुर की ओर आ रही ईको गाड़ी सामने से ट्रॉले की चपेट में आ गई। टक्कर के बाद ईको का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रॉला उसे घसीटते हुए सड़क से दूर खेत तक ले गया। हादसे में ईको वाहन का



चालक स्टेयरिंग और केबिन के बीच बुरी तरह फंस गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस की मदद से काफी मशक्कत के बाद वाहन को काटकर चालक को बाहर निकाला गया।हादसे में घायल महिलाओं और बच्चों सहित सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। घटना की सूचना मिलते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने ट्रॉला जब्त कर लिया है, जबकि हादसे के बाद मौके से फरार हुए चालक की तलाश की जा रही है।

### बाईक ने मारी टक्कर

इसी प्रकार पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम वीजा निवासी 52 वर्षीय बलवीर पटेल अपनी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एसयू-9342 से दवाई लेने रोसरा जा रहा था। दोपहर करीब डेढ़ बजे जैसे ही वह बरौदा स्कूल के पास पहुंचा, उसी समय सामने आ रहीं मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एनएस-5399 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। जिससे बलवीर एक्सिस वाहन सहित गिर गये और उन्हें चोटे आ गई।

### मोटर साइकिल की टक्कर से एक्सिस सवार घायल

कुंडम पुलिस ने बताया कि गोराबाजार निवासी अमन स्वामी, अजय सिंह पवार, अंश बजाज व अनीश बजाज कपड़े बेचने का काम करते है। बीती देरशाम वह अपना व्यवसाय कर वापस जबलपुर लौट रहे थे। जैसे ही वे खंदिया पुल के पास पहुंचे, उसी समय मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एमएन 1465 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अंश व अजय की एक्सिस गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहन सहित गिर गये और उन्हें चोटे आ गई। जिन्हें उपचार के लिये जबलपुर भिजवाया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# जीरो वेस्ट जीवनशैली: विज्ञान आधारित पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी उपाय

विज्ञान ने मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इसके साथ बढ़ता प्लास्टिक कचरा, औद्योगिक अपशिष्ट और प्रदूषण पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि यदि कचरे का सही प्रबंधन न किया जाए तो मिट्टी, जल और वायु प्रदूषित होते हैं तथा जैव विविधता पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। इसलिए शून्य अपशिष्ट (ज़ीरो वेस्ट) जीवनशैली विज्ञान पर आधारित एक ऐसी सोच है, जो संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग और कचरे के प्रभावी प्रबंधन पर बल देती है।

### *विज्ञान और शून्य अपशिष्ट का संबंध*

विज्ञान हमें सिखाता है कि पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं। इसलिए उनका विवेकपूर्ण उपयोग, पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण तथा जैविक अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन आवश्यक है। इससे ऊर्जा की बचत होती है, प्रदूषण कम होता है और पर्यावरण संतुलित रहता है।

### पाँच वैज्ञानिक सिद्धांत

शून्य अपशिष्ट जीवनशैली पाँच वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है। पहला, अनावश्यक वस्तुओं का उपयोग न करना। दूसरा, संसाधनों का आवश्यकता अनुसार उपयोग। तीसरा, वस्तुओं का बार-बार प्रयोग। चौथा, उपयोग की गई वस्तुओं को नई वस्तुओं में बदलना और पांचवा है जैविक कचरे का कम्पोस्ट बनाकर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना।




### जैविक अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन

रसोई से निकलने वाले फलों और सब्जियों के छिलकों से कम्पोस्ट (जैविक खाद) तैयार की जा सकती है। यह खाद पौधों के लिए प्राकृतिक पोषक तत्व प्रदान करती है, रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम करती है तथा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखती है।

### ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण


कागज़, धातु, काँच और प्लास्टिक का पुनर्चक्रण करने से नई वस्तुओं के निर्माण में कम ऊर्जा खर्च होती है। इससे पेड़ों की कटाई कम होती है, खनिज संसाधनों का संरक्षण होता है तथा कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में भी कमी आती है।

### वैज्ञानिक सोच और जन-जागरूकता

विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को कचरा पृथक्करण, पुनर्चक्रण, कम्पोस्ट निर्माण और पर्यावरण संरक्षण के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी जानी चाहिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति वैज्ञानिक सोच अपनाकर छोटे-छोटे प्रयास करे, तो स्वच्छ और हरित पर्यावरण का निर्माण संभव है।

### प्लास्टिक प्रदूषण का वैज्ञानिक प्रभाव


प्लास्टिक आसानी से नष्ट नहीं होता और सैकड़ों वर्षों तक पर्यावरण में बना रहता है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता घटती है, जल स्त्रोत प्रदूषित होते हैं तथा समुद्री जीवों और वन्य जीवों को नुकसान पहुँचता है। विज्ञान के अनुसार कपड़े या जूट के थैले, स्टील और काँच की बोतलों का उपयोग प्लास्टिक प्रदूषण कम करने का प्रभावी उपाय है।



**शिवानी तिवारी, शिक्षक**
**आदर्श हितकरिणी चिल्ड्रन एकेडमी**
**गोविंदगंज, जबलपुर**

# आखिर इंसान बूढ़ा क्यों होता है?

हर व्यक्ति चाहता है कि वह लंबे समय तक स्वस्थ, ऊर्जावान और जवान बना रहे। लेकिन प्रकृति का एक अटल नियम है, जन्म, विकास, परिपक्वता और फिर वृद्धावस्था। क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर उम्र बढ़ती क्यों है? क्या केवल वर्षों का बीतना ही इसका कारण है, या हमारे शरीर के भीतर कोई ऐसी प्रक्रिया चलती रहती है जो धीरे-धीरे हमें बूढ़ा बनाती है? आइए जानते हैं समय के साथ शरीर में होने वाले अदृश्य बदलावों की वैज्ञानिक कहानी विज्ञान के अनुसार उम्र बढ़ना कोई अचानक होने वाली घटना नहीं, बल्कि कोशिकाओं, डीएनए, हार्मोन, प्रतिरक्षा तंत्र और पर्यावरण के संयुक्त प्रभाव से होने वाली एक जटिल जैविक प्रक्रिया है। आधुनिक विज्ञान इस रहस्य को समझने के लिए लगातार शोध कर रहा है ताकि स्वस्थ और लंबा जीवन संभव हो सके।



### उम्र बढ़ने का वैज्ञानिक कारण क्या है?

हमारा शरीर खरबों से बना है। ये कोशिकाएँ लगातार विभाजित होकर नई कोशिकाएँ बनाती रहती हैं। लेकिन समय के साथ इन कोशिकाओं की मरम्मत और पुनर्निर्माण की क्षमता कम होने लगती है। यही प्रक्रिया धीरे-धीरे वृद्धावस्था का कारण बनती है।

### 1. कोशिकाओं की मरम्मत की क्षमता कम होना

शरीर की कोशिकाएँ लगातार क्षतिग्रस्त होती हैं और स्वयं को ठीक भी करती रहती हैं। युवावस्था में यह प्रक्रिया तेज होती है, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ मरम्मत की गति धीमी पड़ जाती है। परिणामस्वरूप शरीर के अंग पहले जैसी दक्षता से काम नहीं कर पाते।

### 2. डीएनए को होने वाली क्षति

हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका में डीएनए मौजूद होता है, जो शरीर की सभी गतिविधियों का निर्देश देता है। समय के साथ सूर्य की पराबैंगनी किरणें, प्रदूषण, धूम्रपान, तनाव और अन्य कारणों से डीएनए को नुकसान पहुँचता है। जब यह क्षति बढ़ जाती है तो कोशिकाएँ सही ढंग से कार्य नहीं कर पातीं।

### 3. टेलोमीयर का छोटा होना

प्रत्येक गुणसूत्र के सिरों पर टेलोमीयर नामक संरचना होती है। हर बार कोशिका के विभाजन के दौरान यह थोड़ा-थोड़ा छोटा होता जाता है। एक समय ऐसा आता है जब टेलोमीयर बहुत छोटा हो जाता है और कोशिका विभाजित होना बंद कर देती है। यह वृद्धावस्था के प्रमुख वैज्ञानिक कारणों में से एक माना जाता है।

### 4. ऑक्सीडेटिव तनाव

शरीर में ऊर्जा बनने की प्रक्रिया के दौरान फ्री रेडिकल्स बनते हैं। यदि इनकी मात्रा अधिक हो जाए तो ये कोशिकाओं, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुँचाते हैं। इसे ऑक्सीडेटिव तनाव कहा जाता है, जो उम्र बढ़ने की गति को तेज कर सकता है।

### 5. माइटोकॉन्ड्रिया की कार्यक्षमता घटना

माइटोकॉन्ड्रिया को कोशिका का पावरहाउस कहा जाता है। यही ऊर्जा का उत्पादन करता है। उम्र बढ़ने के साथ इसकी कार्यक्षमता कम होने लगती है, जिससे थकान और शारीरिक कमजोरी बढ़ जाती है।

### क्या भविष्य में बुढ़ापा रोका जा सकेगा?

दुनिया भर के वैज्ञानिक जीन थेरेपी, स्टेम सेल, टेलोमीयर और एंटी-एजिंग दवाओं पर शोध कर रहे हैं। कुछ प्रयोगों में सकारात्मक परिणाम मिले हैं, लेकिन अभी ऐसी कोई वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित तकनीक उपलब्ध नहीं है जो मनुष्यों में बुढ़ापे को पूरी तरह रोक सके।

# कोल्ड ड्रिंक में बुलबुले कैसे निकलते हैं?

गर्मियों में ठंडी कोल्ड ड्रिंक पीना बहुत लोगों को पसंद होता है। लेकिन क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि जैसे ही बोतल या कैन खोली जाती है, फि ज़..... की आवाज़ आती है और असंख्य छोटे-छोटे बुलबुले ऊपर उठने लगते हैं? कई बार पेय बाहर भी निकल आता है। यह कोई जादू नहीं, बल्कि रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान का एक रोचक सिद्धांत है।



### कोल्ड ड्रिंक में बुलबुले किसके होते हैं?

कोल्ड ड्रिंक के बुलबुले कार्बन डाइऑक्साइड गैस के होते हैं। निर्माण के समय इस गैस को बहुत अधिक दबाव में पेय के भीतर घोल दिया जाता है। इसी प्रक्रिया को कार्बोनेशन कहते हैं।

### कार्बोनेशन क्या है?

कार्बोनेशन वह प्रक्रिया है जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड गैस को उच्च दबाव पर पानी या पेय में मिलाया जाता है। बंद बोतल या कैन के अंदर दबाव अधिक होने के कारण गैस घुली रहती है और बाहर नहीं निकलती।

### बोतल खोलते ही बुलबुले क्यों बनने लगते हैं?

जैसे ही बोतल का ढक्कन खोला जाता है, अंदर का दबाव अचानक कम हो जाता है। दबाव कम होने पर घुली हुई कार्बन डाइऑक्साइड गैस अब पेय में उतनी मात्रा में नहीं रह पाती। इसलिए वह छोटे-छोटे बुलबुलों के रूप में बाहर निकलने लगती है। यही बुलबुले ऊपर उठते दिखाई देते हैं और फिज़ की आवाज़ भी इसी गैस के तेजी से बाहर निकलने के कारण आती है।

### बोतल हिलाने पर झाग क्यों निकलता है?

यदि बोतल को जोर से हिलाया जाए, तो उसके अंदर पहले से मौजूद छोटे-छोटे गैस के बुलबुले तेजी से बढ़ने लगते हैं। बोतल खोलते ही ये बुलबुले एक साथ बाहर निकलते हैं, जिससे झाग बनता है और कभी-कभी पेय बाहर छलक जाता है।

### ठंडी कोल्ड ड्रिंक में गैस अधिक क्यों रहती है?

ठंडे तरल में कार्बन डाइऑक्साइड गैस अधिक मात्रा में घुल सकती है। इसलिए यदि कोल्ड ड्रिंक अच्छी तरह ठंडी हो, तो गैस लंबे समय तक घुली रहती है। गर्म होने पर गैस जल्दी बाहर निकलती है और पेय का स्वाद भी कम फिज़ वाला लगने लगता है।

# विज्ञान प्रयोग

## साबुन डालते ही काली मिर्च क्यों भाग जाती है?




क्या आपने कभी देखा है कि पानी से भरी प्लेट में तैर रही काली मिर्च पर जैसे ही साबुन लगी उंगली रखते हैं, काली मिर्च अचानक किनारों की ओर भाग जाती है? यह किसी जादू जैसा लगता है, लेकिन वास्तव में इसके पीछे एक रोचक वैज्ञानिक सिद्धांत काम करता है। इस सरल प्रयोग से हम सतही तनाव या सरफेस टेंशन और साबुन की क्रिया को आसानी से समझ सकते हैं।

### उद्देश्य

इस प्रयोग का उद्देश्य सतही तनाव को आसानी से समझना है। साथ ही यह भी जानना है कि साबुन पानी के गुणों को कैसे बदल देता है।

### आवश्यक सामग्री

- एक सपाट प्लेट या कटोरी
- साफ पानी
- पिसी हुई काली मिर्च
- थोड़ा-सा तरल साबुन या डिशवॉश लिक्विड
- एक उंगली या कॉटन बड

### प्रयोग की विधि

सबसे पहले एक प्लेट में पानी भरें। अब पानी की सतह पर हल्की मात्रा में काली मिर्च छिड़क दें। अपनी उंगली के सिरे पर थोड़ा-सा साबुन लगाएँ। साबुन लगी उंगली को धीरे से पानी के बीच में स्पर्श कराएँ। क्या होगा? जैसे ही साबुन पानी को छुएगा, पानी की सतह पर तैर रही काली मिर्च तेजी से चारों ओर फैलकर किनारों की ओर चली जाएगी। ऐसा लगेगा मानो काली मिर्च साबुन से डरकर भाग गई हो।

ऐसा क्यों होता है? (वैज्ञानिक कारण)

पानी के अणु आपस में मजबूती से जुड़े रहते हैं। इस कारण पानी की सतह पर एक पतली, खिंची हुई परत जैसी बन जाती है, जिसे सतही तनाव कहते हैं। जब साबुन पानी में मिलता है, तो वह पानी के अणुओं के बीच आकर्षण को कम कर देता है। जहाँ साबुन गिरता है, वहाँ सतही तनाव अचानक घट जाता है, जबकि आसपास के पानी में सतही तनाव पहले जैसा बना रहता है। यह अंतर पानी को अधिक सतही तनाव वाले हिस्से से कम सतही तनाव वाले हिस्से की ओर बहने पर मजबूर करता है। इस तेज़ गति से बहते पानी के साथ काली मिर्च भी किनारों की ओर खिसक जाती है। ध्यान रहे कि काली मिर्च स्वयं नहीं भागती, बल्कि पानी की सतह पर होने वाली गति उसे अपने साथ ले जाती है।


### सतही तनाव क्या है?

सतही तनाव पानी का वह गुण है जिसके कारण उसकी सतह एक खिंची हुई पतली झिल्ली जैसी व्यवहार करती है। इसी गुण के कारण कुछ छोटे कीट पानी की सतह पर चल पाते हैं। पानी की बूंदें गोल आकार लेती हैं और सुई या रेज़र ब्लेड को सावधानी से रखने पर वे कुछ समय के लिए पानी पर तैर सकते हैं।

### सावधानियाँ

- प्रयोग के लिए साफपानी का उपयोग करें।
- काली मिर्च कम मात्रा में छिड़कें।
- बहुत अधिक साबुन न डालें, एक बूंद या उंगली पर लगा थोड़ा-सा साबुन पर्याप्त है।
- प्रयोग के बाद प्लेट को अच्छी तरह धो लें।

## शब्द पहेली - 8929




**बाएँ से दाएँ**

1. तन, शरीर-3
3. चकोर, चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा, द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव, स्वर विस्तार-2
9. असली, शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण, जीवन तत्व-2
22. कुशल, होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी, साजन- 3

**ऊपर से नीचे**

2. अवलोकन, दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला, रस से भरपूर-4
8. बल, जोर, दम-3
10. चाचा, अंकल-2
11. शौहर, पति-3
13. 'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2,2
14. वहम, संदेह-3
15. राजा, सम्राट-3
16. उपद्रवी, आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2
23. रांझे की प्रेमिका-2

**शब्द पहेली -8928 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore



# कार्यवाही की आहट से पहले इस्तीफा!

## सरकारी डॉक्टर पर निजी अस्पताल चलाने के आरोप, पत्रकार से अभद्रता का मामला भी गरमाया

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. शुभम लिल्हारे का इस्तीफा ऐसे समय सामने आया है, जब उन पर सरकारी सेवा के नियमों के उल्लंघन, निजी अस्पताल में सक्रिय भूमिका निभाने और पत्रकार से अभद्र व्यवहार के आरोपों को लेकर शिकायतें प्रशासन तक पहुंची हैं। इस्तीफे को लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कार्रवाई की आहट मिलते ही सरकारी सेवा छोड़ने का फैसला क्यों लिया गया? विवाद की शुरुआत तब हुई, जब ट्रायपॉड हॉस्पिटल की ओर से एक मरीज की सफल सर्जरी का प्रेस नोट जारी किया गया। इस प्रेस नोट के लेटरहेड में डॉ. शुभम लिल्हारे का नाम अस्पताल के डायरेक्टर के रूप में अंकित था। आरोप है कि सरकारी चिकित्सक होने के



बावजूद स्वयं को निजी अस्पताल का डायरेक्टर बताना और वहां मरीजों का उपचार करना सेवा नियमों के विपरीत है। इसी मामले में परसवाड़ा के पत्रकार अशोक गिरी गोस्वामी ने डॉ. शुभम लिल्हारे से फोन पर उनका पक्ष जानना चाहा। आरोप है कि कुछ देर बातचीत के बाद डॉ. शुभम ने फोन अपने पिता एवं ट्रायपॉड हॉस्पिटल के सीईओ डॉ. अशोक लिल्हारे को थमा दिया। पत्रकार का आरोप है कि सवालों का जवाब देने के बजाय डॉ. अशोक लिल्हारे ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, अभद्र व्यवहार किया और पत्रकार को ही अपमानित करने का प्रयास किया। इस पूरी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी गई। घटना के बाद जिले के पत्रकार एकजुट हुए और ऑडियो रिकॉर्डिंग की पेन ड्राइव के साथ कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को शिकायत सौंपकर जांच और कठोर कार्रवाई



की मांग की। पत्रकारों का कहना है कि यदि कोई सरकारी डॉक्टर निजी अस्पताल में डायरेक्टर के रूप में कार्य करता है तो यह गंभीर सेवा नियम उल्लंघन का मामला है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इसी बीच डॉ. शुभम लिल्हारे ने अपनी सरकारी सेवा से इस्तीफे का प्रस्ताव सीएमएचओ कार्यालय में जमा कर दिया। इससे पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है। अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह इस्तीफा संभावित विभागीय कार्रवाई से बचने की रणनीति है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

**इस्तीफा की कार्यवाही भोपाल से होंगी.**- सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने पुष्टि करते हुए कहा कि डॉ. शुभम लिल्हारे का इस्तीफा कार्यालय में प्राप्त हुआ है, लेकिन अभी उसे स्वीकार नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस्तीफा स्वीकार करने का अधिकार भोपाल स्तर पर है और प्रस्ताव वहां भेजा जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पत्रकारों द्वारा की गई शिकायत की जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

**पत्रकार से अभद्रता सही नहीं**- पीड़ित पत्रकार अशोक गिरी गोस्वामी ने कहा कि उन्होंने समाचार के संबंध में जानकारी लेने के लिए डॉ. शुभम लिल्हारे को फोन किया था, लेकिन जवाब देने के बजाय उन्हें उनके पिता से बात कराई गई, जिन्होंने अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि सरकारी चिकित्सक का निजी अस्पताल में स्वयं को डायरेक्टर बताना गंभीर नियम विरुद्ध कृत्य है और इसकी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई होना चाहिए।

**प्राईवेट अस्पताल में डॉ. शुभम ने किया सर्जरी**- वहीं मरीज देवेंद्र यादव ने बताया कि एयरगन साफ करते समय छर्रा लगने के बाद उन्हें पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में किसी के कहने पर ट्रायपॉड अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉ. शुभम लिल्हारे ने उनका उपचार किया।

**जांच की ओर निगाहें**- अब पूरे मामले में सबकी निगाहें प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की जांच पर टिकी हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह केवल एक डॉक्टर के आचरण का मामला नहीं, बल्कि सरकारी सेवा की मर्यादा और चिकित्सा व्यवस्था की पारदर्शिता से जुड़ा गंभीर प्रश्न भी बन सकता है।

## मिरगपुर में 3 ज्वेलर्स और 1 मेडिकल दुकान के तोड़े ताले

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम मिरगपुर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों 3 ज्वेलर्स दुकानों और 1 मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 8 बजे स्थानीय लोगों ने दुकान संचालकों को सूचना दी कि उनकी दुकानों के शटर टूटे हुए हैं। सूचना मिलते ही दुकानदार मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। चोरों ने गगन ज्वेलर्स, गौरव ज्वेलर्स, आर्स ज्वेलर्स और राजेश चौधरी के मेडिकल स्टोर्स को निशाना बनाया है। चारों दुकानों के ताले और शटर तोड़कर सामान चोरी किया गया है। घटना की जानकारी तुरंत डायल 112 पर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच की। दोपहर 12 बजे तिरोड़ी थाने से पुलिस अधिकारी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। गगन ज्वेलर्स के संचालक नितेश चित्रिव ने बताया कि चोरों ने दुकान से अनुमानित 70 हजार रुपये का सामान चोरी किया है। वहीं गौरव ज्वेलर्स के संचालक सुमित गुराउ ने बताया कि उनकी दुकान से लगभग 20 हजार रुपये का सामान चोरी हुआ है। जबकि आर्स ज्वेलर्स से चोरी का प्रयास किया गया। राजेश चौधरी के मेडिकल स्टोर्स में भी चोरों ने वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। कुल मिलाकर अभी 90 हजार रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में अज्ञात चोर शटर का ताला तोड़ते और दुकान के अंदर घुसकर चोरी करते हुए दिखाई दे रहे है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जब्त कर ली है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।



## वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश खंडेलवाल से मिले अजय सुखदेवे, संगठन विस्तार और जनसेवा पर हुई चर्चा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के वरिष्ठ नेता अजय सुखदेवे ने नर्मदापुरम स्थित उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ नेतृत्व का आशीर्वाद प्राप्त कर संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।बैठक में भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका बढ़ाने तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विचार-विमर्श हुआ। श्री खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ समाज के बीच रहकर जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। अजय सुखदेवे ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का अनुभव और मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता एवं समाजसेवी जितेन्द्र गौतम भी उपस्थित रहे। श्री खंडेलवाल ने उनके द्वारा संचालित संस्कार निशुल्क कोचिंग क्लासेस, मेधावी छात्र सम्मान समारोह तथा शिक्षा जागरूकता अभियान सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों में शिक्षा के लिए किया जा रहा यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी है और इससे अनेक विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।



## राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का सफल समापन

कटंगी(स्वतंत्र मत)

राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी में 15 से 21 जुलाई तक नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का सफल आयोजन प्राचार्य अनिल कुमार शेंडे की अध्यक्षता में किया गया। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक कर स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम प्रभारी नवीन कुमार नाकतोड़े के मार्गदर्शन में अभियान की शुरुआत विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाकर की गई। इसके बाद रामनगर में जनजागरूकता रैली निकाली गई तथा महाविद्यालय परिसर से ड्रग अवेयरनेस रन आयोजित कर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।



अभियान के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने रील और लघु फिल्म के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर आधारित जागरूकता संदेश प्रस्तुत किए। तीसरे दिन नशा मुक्त भारत विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद भलावी एवं चंद्रदीप साहू विषय विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए। चौथे दिन पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में आर्या विश्वकर्मा प्रथम, मानसी विश्वकर्मा द्वितीय एवं भारती वडीचार तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता में भारती बिसेन ने प्रथम, रियाली बिसेन ने द्वितीय तथा तेजस्वी पटले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अभियान के अंतिम दिन रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रंगोली प्रतियोगिता में याशनी उइके प्रथम, जयश्री खुने द्वितीय एवं दीक्षा भारतकर तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में तेजस्वी पटले प्रथम, तनीषा पटले द्वितीय एवं महिमा दयलिंगे तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. कुसुमलता उइके, अधीर घोड़ेश्वर, विकास ठाकरे, कैलाश बरले, दिव्या सोयम, डॉ. आशीष मेश्राम, डॉ. आकांक्षा मेश्राम, डॉ. अंजुलता गोस्वामी, खिलेंद्र डोमड़े, रेड रिबन क्लब के सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। पूरे सप्ताह चले इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों और आमजन को नशामुक्त जीवन अपनाने का प्रभावी संदेश दिया गया।

## महंगाई की मार से राहत और क्वालिटी में कब होगा सुधार.?

**मानपुर (स्वतंत्रमत)** । आज के समय में आम आदमी दोहरी मार झेल रहा है। एक तरफ आसमान छूती महंगाई ने घर का बजट बिगाड़ दिया है, तो दूसरी तरफ रोजमर्रा की चीजों की घटती क्वालिटी (गुणवत्ता) ने जीवन को और मुश्किल बना दिया है, बाजार में दाम ज्यादा और काम अथवा गुणवत्ता कम की स्थिति बन चुकी है, ऐसे में हर नागरिक के मन में एक ही सवाल है कि इस बोझ से राहत कब मिलेगी और समग्री के स्तर में सुधार कब होगा, कंपनियां जहां सामान के दाम नहीं बढ़ातीं वहां उसकी मात्रा या वजन कम कर देती हैं, बिस्कुट, कापी, पेन, साबुन, निर्मा, चायपत्ती, हवन, धूप, चिप्स, सैम्पू जैसे पैकेट की कीमत वही रहती है और सामान वजन मे कम होता रहता है, आम जन मध्यम और गरीब वर्ग के परिवार पर आर्थिक स्थित दयनीय होती जाती है, वहीं दुकानों में शूखे सब्जी, चॉकलेट, टोस, लड्डू जैसे



बच्चों के लभाने वाले कई उत्पाद ऐसे मिलेंगे जिनमें निर्माण और स्पायरी डेट, जिसको बनाने में म्लाये गये पदार्थों के नाम एवं मात्रा न लिखा होगा, कुछ ऐसे खाद्य और पेय पदार्थ मिलेंगे जिनमें फफूंद लगे होंगे जिन्हें पैकिंग के अंदर वाले शुद्धता के विस्वाश में लोग ग्रहण कर लेते हैं तो कई गरीब लोग यह मानकर कि पैसा लग गया है इसे फेंकना नहीं खालो क्यों कि पैकिट खुला पदार्थ कोई वापस नहीं करेंगे, सड़ी नारियल को तोड़ने के बाद वापस कौन करता है जब कि क्रेता महंगे दर पर नारियल खरीद लिया करते हैं , वहीं दाम बढ़ने के बावजूद चीजों की क्वालिटी लगातार गिरते हुये दिख रही है, हरे सब्जी और फलों में केमिकल, मिस्ठान, तेल, घी, गुड़, बेसन, सहद में मिलावट, दाल में कलर, जो सीधे सेहत पर असर डाल रहा है। दवाई, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, प्लेम्बर, कपड़ा, लोहा, सीमेंट, पेंट, जैसे समग्रियों की क्वालिटी तेजी गिरते और महगाई बढ़ते हुये दिख रहा हैं,

## जनपद पंचायत गंगेव की समीक्षा बैठक में विकास कार्यों पर सख्ती, 88 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को दिए आवश्यक निर्देश

रीवा (स्वतंत्रमत)

जनपद पंचायत गंगेव सभागार में जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी की अध्यक्षता में क्षेत्र की 88 ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाना रहा। बैठक के दौरान अध्यक्ष विकास तिवारी ने पंचायतवार विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधूरे निर्माण कार्यों पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित पंचायतों को सभी लंबित कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शासन की प्रत्येक योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए।



## जवाबदार अधिकारियों के बिना, किसके सहारे मानपुर नगर..?

**मानपुर (स्वतंत्रमत)** । जिले के नगर परिषद मानपुर का संरक्षण और संचालनय किसके निगरानी में हो रहा है..? चर्चा का विषय बना हुआ है, पिछले माह यहां के सीएमओ, उपयंत्री और लेखापाल जी का स्थनांतरण हुआ है जब कि विगत कुछ सालों से प्रभारी लेखापाल यहां का कार्य किसी तरह से सम्भाल रहे थे। जिनके स्थनातरण के बाद मानपुर नगर कार्यालय में सीएमओ, उपयंत्री और लेखापाल के कुर्सी सजी हुई खाली रहती हैं। यहां नवागत सीएमओ ने पदभार ग्रहण कर लम्बे समय से अस्वस्थ्य रूपी अवकाश में हैं, यहां महीनों बाद भी आज दिनांक तक किसी उपयंत्री और लेखापाल द्वारा पदभार ग्रहण नहीं किया गया है जिससे क्षेत्रीय विकास कार्य, स्वच्छता, लाइट, सड़क किनारे पटरी भरवाई, नाली सफाई और पेयजल जैसे विभिन्न प्रकार के जटिल समस्याओं का उजागर होने लगा है, जिससे लोगों में बड़े निरास होने के छवि झलकते हुये दिखने लगे हैं।




## राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मंगलवार 21 जुलाई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं देश के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी द्वारा नीट परीक्षा में पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री आवास के सामने धरने में बैठने उन्हें और प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस जनों को गिरफ्तार किए जाने के विरोध पर जिला कांग्रेस ने गांधी चौक उमरिया प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव एडवोकेट पुष्पराज सिंह ने बताया है कि नीट परीक्षा में पेपर लीक और व्यापक धांधली के विरोध में देश लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री आवास के सामने कांग्रेस जनों के साथ धरने पर बैठे थे उसी समय दिल्ली पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लिया उसके विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मिलने पर तत्काल रात्रि में ही जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया ने स्थानीय गांधी चौक में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया एवं राहुल गांधी के द्वारा धरना प्रदर्शन का समर्थन किया एवं राहुल गांधी जी के गिरफ्तारी का विरोध किया। नीट परीक्षा लीक के दोषी,धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दे,के नारे लगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री मोहम्मद नईम. ब्लाक महा महामंत्री वीरेंद्र सिंह सेंगर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथिलेश राय, ध्रुव सिंह जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व पीसीसी राहुल देव सिंह, किशोरी सिंह, देव बहादुर सिंह, हर्ष सिंह, शिवम रजक, शिवम तिवारी, किशोरी सिंह, वरुण नामदेव, मंगल सिंह, शेख खुर्रम, विनय, विशाल अग्रवाल, अमरदीप नंदा, शशांक तिवारी सहित भरी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



## खराब ट्रांसफार्मर प्राथमिकता से बदले जाय

**रीवा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड पश्चिम संभाग के कार्यपालन यंत्री भूपेश विक्रम सिंह ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि जो टांसफार्मर खराब हो रहे हैं उनको प्राथमिकता के साथ नया लगाएं और वर्षात के सीजन में जो लाइने खराब हो रही है उन्हें भी मौके पर ही सुधरवाए जाने की व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा कि वर्षात के सीजन में बराबर बिजली उपलब्ध करायी जा रही है जिससे वर्षांती कीड़ों से मुक्ति मिल सके उजाला होने पर लोगों को राहत मिलती है वहीं किसानों की धान के रोपा एवं रोपाई में भी पानी की आवश्यकता को देखते हुए बराबर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से जिनका पुराना बिजली बिल बकाया है समय पर जमा करें ताकि बिजली उपलब्ध कराने में मंडल को सहूलियत हो सके और शासन की समाधान योजना में शामिल होकर पुराना बिजली बिल जमा करें जिन उपभोक्ताओं का पुराना बिल बकाया है मंडल के नियमों के तहत कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही की जायेगी और अवैध कनेक्शन पाये जाने पर शासन के नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी इंजीनियरिग कालेज सिरमौर चोरहटा बैकुंठपुर हिनौता बनकुइया क्षेत्र में जो उपभोक्ता अभी तक कनेक्शन नहीं लिए हैं और नया मकान बनाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

बुधवार 23 जुलाई को कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करनें के सभी प्रयास प्राथमिकता से किए जाए तथा शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करनें में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग समन्वित प्रयास करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीयन हो और यह प्रयास होना चाहिए कि कोई भी गर्भवती महिला छूटे नही। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला तत्परता से कार्य करें और जिला स्तर पर इसकी सतत मानीटरिंग की जाए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर इसकी उपलब्धि शत प्रतिशत करने व पोर्टल में आवश्यक इंट्री अनिवार्यत: करनें के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिला को नियत समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उनकी नियमित जांच की जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रो एक्टिव होकर प्रसूता को प्रसव से पूर्व ही अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था हो जाए ताकि बाद में उसे




अस्पताल तक पहुंचने में परेशानी न हो । उन्होंने आशा कार्यकर्ता को गांव के भ्रमण के दौरान पुरूष व महिलाओं की शुगर , बीपी व फैटीलीवर की जांच करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसएनसीयू से डिस्चार्ज बच्चों के नियमित फालोअप लेने, टीकाकरण करने और कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम में स्क्रीनिंग कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश बैठक में दिए गए। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों की नियमित जांच व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजन के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि दस्तक अभियान की नियमित मानीटरिंग भी करें। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि अनमोल पोर्टल में एएनसी पंजीयन की प्रगति 53 प्रतिशत व तिमाही पंजीयन की प्रगति 92 प्रतिशत है।

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

निविदा सूचना

क्रमांक-1054/ई-टेंडर / जोन - 02, 03 /न.पा.नि./2026 रीवा, दिनांक 22.07.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा एनआईटी क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_523289_1 22.07.2026 [FIRST CALL] 1050/22.07.2026 | जोन क्रमांक 3 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 में संजय गांधी हॉस्पिटल के सामने स्थित रोटरी के आकार में परिवर्तन व निर्माण का कार्य। | 3 माह रु. 05.53 लाख | रु. 2000.00 रु. 5530.00 | 7/8/2026 18:00 बजे तक |
| 2. | 2026_UAD_523290_1 22.07.2026 [FIRST CALL] 1051/22.07.2026 | जोन क्रमांक 2 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 में अली अहमद गैरेज से स्वयंबर विवाह घर तक RCC नाली निर्माण का कार्य। | 3 माह रु. 07.52 लाख | रु. 2000.00 रु. 7520.00 | 7/8/2026 18:00 बजे तक |
| 3. | 2026_UAD_523291_1 22.07.2026 [FIRST CALL] 1052/22.07.2026 | जोन क्रमांक 3 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 में बुद्धसेन पटेल जी के घर से दिनकर शर्मा जी के घर तक RCC नाली निर्माण का कार्य। | 3 माह रु. 08.84 लाख | रु. 2000.00 रु. 8840.00 | 7/8/2026 18:00 बजे तक |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (जोन क्रमांक- 02, 03)
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

## जनगणना पर प्रशिक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में आगामी जनगणना-2027 के सफल एवं प्रभावी संचालन की तैयारियों के तहत चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य से संबंधित राजस्व ग्राम एवं नगर निर्देशिका आंकड़ों का संकलन, सत्यापन तथा डीसीएचबी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करना था यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 27 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है

## ऑफलाइन पंजीयन प्रारंभ

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑफलाइन पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। विद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 26 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं प्राचार्य आरएस उलाड़ी द्वारा बताया गया कि कक्षा 11वीं कॉमर्स में 20, कक्षा 11वीं विज्ञान में 2, कक्षा 12वीं कॉमर्स में 17 तथा कक्षा 12वीं विज्ञान में 4 रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया केंद्रीय विद्यालय संगठन के शैक्षणिक दिशा-निर्देश 2026-27 के अनुसार संपन्न होगी।

## बीएलबीसी की समीक्षा बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नैनपुर जनपद में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की जून तिमाही समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक सुजय कुमार ने की। बैठक में नैनपुर विकासखंड के सभी बैंक शाखा प्रबंधकों तथा विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जून तिमाही के दौरान विभिन्न शासकीय प्रायोजित ऋण योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिन योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई उनके संबंध में संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि पात्र हितग्राहियों के ऋण आवेदन शीघ्र बैंक शाखाओं को प्रेषित किए जाएं।

## जिला स्तरीय बैठक 25 को

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम द्वारा 25 जुलाई को जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक प्रात: 11 बजे जिला योजना भवन में संपन्न होगी। बैठक में भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, विभागीय उपलब्धियों तथा लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित जिले के सभी प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## पेंशनर्स ने विजय उत्सव मनाया

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विगत दिवस गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन माहिष्मति घाट में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा ने मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के विभाजन की धारा 49 को समाप्त किए जाने पर विजय उत्सव के रूप में मनाया इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनर अजब सिंह राय, डाक्टर हर्ष कुमार कर्महे, बीके राय जिलाध्यक्ष,संरक्षक पूरन सिंह ठाकुर, एमके राय, श्रीराम भजन पटेल, श्रीनाथ सिंह ठाकुर मुख्य रूप से शामिल हुए वहीं ओपी मरकाम,सुरेश कुमार चौधरी श्रीराम भजन पटेल, एम के राय, आरके एस चौहान, महेश नामदेव, यशवंत तांबे राजेश गौतम, डीडी पांडे, योगेश श्रीवास्तव, सीके राय, मंजुश्री अग्रवाल ने पेंशनर हित में अपनी बात रखी अंत में राजेश गौतम ने आभार व्यक्त किया मंच का सफल संचालन राजेश गौतम ने किया।

# आरटीओ कार्यालय में नहीं एटीएस मशीन, फिटनेस प्रमाणपत्र के लिए जबलपुर-बालाघाट के चक्कर काट रहे वाहन मालिक

मण्डला(स्वतंत्र मत)

मंडला जिले में पिछले छह महीनों से व्यावसायिक वाहन मालिकों और ऑटो चालकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। जिले के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में वाहनों की फिटनेस जांच और फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह ठप्प पड़ी है। इसका कारण किसी अधिकारी की लापरवाही नहीं बल्कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था है जिसके तहत अब व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस जांच केवल ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन एटीएस के माध्यम से ही की जाएगी। समस्या यह है कि मंडला जिले में अभी तक एक भी एटीएस स्थापित नहीं किया गया है। ऐसे में जिले के करीब 5 हजार ऑटो चालकों, 1700 बस मालिक तथा अन्य व्यावसायिक वाहन संचालकों के सामने अपने वाहनों की फिटनेस बनवाने के लिए जबलपुर या बालाघाट जाने की मजबूरी खड़ी हो गई है। इससे न केवल हजारों रुपये का अतिरिक्त खर्च पड़ रहा है और दो से तीन दिन तक काम बंद रहने से उनकी आमदनी पर भी सीधा असर हो रहा है। आरटीओ कार्यालय में पिछले छह महीनों से व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस जांच नहीं हो पा रही है। पहले स्थानीय स्तर पर वाहनों की जांच कर फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किए जाते थे लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह प्रक्रिया पूरी तरह बंद हो गई। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित वे वाहन चालक हैं जिनकी रोजी-रोटी पूरी तरह वाहन संचालन पर निर्भर है। ऑटो चालक बताते हैं कि उनके वाहनों के फिटनेस




प्रमाणपत्र की अवधि समाप्त हो चुकी है लेकिन नया प्रमाणपत्र बनवाने का कोई विकल्प जिले में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में वाहन चलाना भी जोखिम भरा हो गया है। वाहन मालिकों का कहना है कि मंडला से जबलपुर की दूरी 100 किमी है तो वहीं बालाघाट की दूरी 130 किलोमीटर होने से बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। फिटनेस जांच के लिए वाहन लेकर वहां जाना टेस्टिंग कराना और वापस लौटना आसान नहीं है। इसमें डीजल-पेट्रोल, भोजन, अन्य खर्च और दो दिन की मजदूरी मिलाकर करीब 1500 से 3000 रुपये तक का अतिरिक्त बोझ पड़ता है। ऑटो चालक बताते हैं कि वे दिनभर मेहनत करने के बाद मुश्किल से 500 से 700 रुपये कमा पाते हैं। ऐसे में सिर्फ फिटनेस बनवाने के लिए हजारों रुपये खर्च करना उनके लिए आर्थिक संकट से कम नहीं है। ऑटो चालकों का कहना है कि फिटनेस नहीं होने से हर समय कार्रवाई का डर बना रहता है। कई बार यातायात जांच के दौरान दस्तावेज पूरे नहीं होने पर चालान काट दिया जाता है। चालक सवाल उठा रहे हैं कि जब स्थानीय स्तर पर फिटनेस बनवाने की सुविधा ही उपलब्ध नहीं है तो फिर कार्रवाई क्यों की जा रही है। उनका कहना है कि सरकार पहले जिले में एटीएस की व्यवस्था करे उसके बाद सख्ती लागू करे। बिना व्यवस्था दिए नियम लागू करना गरीब वाहन चालकों के साथ अन्याय है।

### ऑटो यूनियन ने जताई नाराजगी

ऑटो चालक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और आरटीओ कार्यालय का ध्यान आकर्षित कराया गया है लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। उनका कहना है कि यदि जल्द ही मंडला में एटीएस की व्यवस्था नहीं हुई तो हजारों वाहन चालकों का रोजगार संकट में पड़ जाएगा। ऑटो चालक संघ का कहना है कि वाहन चालक पहले से महंगाई डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और कम सवारी की समस्या से जूझ रहे हैं। अब फिटनेस के



लिए दूसरे जिले भेजने का निर्णय उनकी आर्थिक स्थिति को और कमजोर करेगा।

अधिकारी बोले शासन का निर्णय

मंडला आरटीओ कार्यालय के जिला परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता का कहना है कि फिटनेस जांच बंद करने का निर्णय स्थानीय स्तर पर नहीं लिया गया है। यह पूरी तरह शासन की नई व्यवस्था का हिस्सा है। शासन के निर्देशों के अनुसार अब व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस केवल अधिकृत ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) पर ही होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक शासन से नई व्यवस्था या कोई वैकल्पिक निर्देश प्राप्त नहीं होते तब तक स्थानीय स्तर पर फिटनेस प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जा सकते।

### यातायात पुलिस का तर्क

यातायात थाना प्रभारी ललित धुर्वे का कहना है कि सड़क पर नियमों का पालन कराना पुलिस की जिम्मेदारी है। यदि किसी वाहन के दस्तावेज अधूरे हैं या फिटनेस समाप्त हो चुकी है तो मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून का पालन करा रही है और शासन के नियमों के अनुसार ही कार्यवाही की जाती है।

### विधायक ने सरकार पर लगाया निशाना

बिछिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नारायण सिंह पट्टा ने इस पूरे मामले को सरकार की नीतिगत विफलता बताया है। उन्होंने कहा कि बिना स्थानीय व्यवस्था तैयार किए एटीएस प्रणाली लागू करना गरीब वाहन चालकों के साथ अन्याय है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मंडला में एटीएस सेंटर ही नहीं है तो यहां के लोगों को जबलपुर या बालाघाट क्यों भेजा जा रहा है। इससे हजारों रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ गरीब चालकों पर पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि सरकार को पहले हर जिले में एटीएस की सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए थी उसके बाद नई व्यवस्था लागू करनी चाहिए थी। उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने और सरकार से समाधान की मांग करने की बात कही।

### हजारों वाहनों पर संकट

जानकारों के अनुसार मंडला जिले में हजारों व्यावसायिक वाहन संचालित हैं। इनमें ऑटो बस ट्रक स्कूल वाहन और अन्य परिवहन वाहन शामिल हैं। इन सभी के लिए समय-समय पर फिटनेस प्रमाणपत्र आवश्यक होता है। यदि प्रमाणपत्र नहीं बन पाता तो वाहन का परमिट बीमा संबंधी प्रक्रियाएं और अन्य दस्तावेज भी प्रभावित होते हैं। यही कारण है कि यह समस्या केवल फिटनेस प्रमाणपत्र तक सीमित नहीं रह गई है बल्कि पूरे परिवहन तंत्र और उससे जुड़े हजारों परिवारों की आजीविका पर असर डाल रही है।

### कब होगा समाधान कर रहे इंतजार

फिलहाल जिले के वाहन मालिक और चालक शासन के अगले निर्णय का इंतजार कर रहे हैं। उनकी मांग है कि या तो मंडला में जल्द से जल्द ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन स्थापित किया जाए अथवा तब तक स्थानीय आरटीओ कार्यालय को अस्थायी रूप से फिटनेस जांच की अनुमति दी जाए ताकि लोगों को दूसरे जिलों के चक्कर न लगाने पड़ें। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक मंडला के हजारों वाहन चालक आर्थिक बोझ प्रशासनिक असुविधा और कार्रवाई के डर के बीच अपनी रोजी-रोटी बचाने की जद्दोजहद करते रहेंगे। यह मामला अब केवल परिवहन व्यवस्था का नहीं बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका और सरकारी व्यवस्था की जमीनी तैयारी पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

## सुधा गौतम इंद्रा जी वार्ड से पार्षद नियुक्त

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मप्र शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश पर राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद में वर्तमान परिषद से सह विस्तारी कार्यकाल या राज्य शासन के अन्य आदेश तक जो भी पहले हो तक के लिए पार्षदों को नियुक्त किया है। मंडला नगर पालिका क्षेत्र में पार्षद पद के लिए 6 नियुक्तियां की गई हैं। इसी कड़ी में इंद्रा जी वार्ड निवासी सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमति सुधा गौतम को वार्ड क्रमांक 02 इंद्रा जी वार्ड से पार्षद नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता विनय मिश्रा, रोचीराम



गुरूवानी, जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भावना साहू, पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, डॉ शिवराज शाह, रामप्यारे कुलस्ते, पंडित सिंह धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं नवनियुक्त पार्षद श्रीमति सुधा गौतम ने बताया कि वे इस वार्ड से पूर्व में चुनाव भी लड़ चुकी है साथ ही लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी हुई हैं सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भाजपा के तमाम धरना प्रदर्शन आंदोलन और बैठकों में वे समय समय पर उपस्थित होती रही है उन्होंने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

## घर के स्टोर रूम में पुलिस को मिला गांजा

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** थाना बिछिया पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए 2.048 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिछिया सौरव तिवारी के मार्गदर्शन में 21 जुलाई को थाना बिछिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छपरतला में एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा छिपाकर रखा हुआ है। सूचना



मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर सदन साहू पिता हल्के साहू उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम छपरतला को हिरासत में लिया वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में आरोपी के घर के सामने बने स्टोर रूम की तलाशी ली गई तलाशी के दौरान एक बैग में रखा 2.048 किलो ग्राम अवैध गांजा जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,00,000 है बरामद किया गया आरोपी से गांजा रखने संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया किंतु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका बरामदगी के आधार पर थाना बिछिया में अंतर्गत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया प्रारंभिक जांच में आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है।

## कॉलेज में काव्य गोष्ठी के साथ जयंती


**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिंदी विभाग के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ.टी.पी मिश्रा की उपस्थिति एवं महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एवं हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सियासरण ज्योतिषी की उपस्थिति में काव्य गोष्ठी एवं बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों से कवि एवं कवियित्री डॉ. सुधा तिवारी जो शोधकर्ता साहित्य एवं सिनेमा आलोचना में सक्रिय है इन्होंने समाज के वंचित वर्ग के मानव



अधिकार और उनके प्रिंट मीडिया में कवरेज पर पीएचडी की इनके द्वारा काव्य पाठ किया गया अष्टभुजा शुक्ल उत्तर प्रदेश अध्यापन और साहित्य रचना से संबंधित जुड़े हुए हैं उनकी कविताओं ने समां बांधा सुमन केसरी हिंदी की चर्चित कवियत्री आलोचक नाटककार, पूनम अरोड़ा लेखिका कवियित्री संपादक उन्होंने इतिहास कम्युनिकेशन और हिंदी में मास्टर किया है उनकी कविताओं का अंग्रेजी नेपाली मराठी भाषा में अनुवाद हुआ है ऐसे विद्वान इस रजा फाउंडेशन के काव्य गोष्ठी कार्यक्रम में एवं बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद जयंती कार्यक्रम पर काव्य गोष्ठी में सहभागिता की। काव्य गोष्ठी के माध्यम से बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद जयंती पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए उक्त कार्यक्रम में डॉ. सिया शरण ज्योतिषी ने बुंदेली लोकगीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अनुपमा कुजूर, सुश्री मनीषा सूर्या, हिंदी साहित्य के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश धुर्वे द्वारा किया गया।

## बिना सूचना स्थानांतरित हुआ डाकघर

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** नारायणगंज स्थित डाकघर के हाल ही में एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण किए जाने के बाद आम नागरिकों और हितग्राहियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डाकघर का स्थान बदलने के बावजूद विभाग की ओर से पुराने कार्यालय परिसर में नए पते संबंधी कोई सूचना चस्पा नहीं की गई है और न ही नए कार्यालय के बाहर कोई स्पष्ट सूचना पटल या संकेतक लगाया गया है इस कारण प्रतिदिन डाकघर पहुंचने वाले हितग्राही पुराने कार्यालय तक पहुंचकर वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। कई लोगों को नए कार्यालय की जानकारी नहीं होने से उन्हें काफी



समय तक इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बुजुर्ग महिलाएं और अन्य हितग्राही सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुराने कार्यालय स्थल पर नए पते की सूचना और दिशा-निर्देश वाला बोर्ड लगाया जाता तो लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। विभाग की इस लापरवाही से आमजन में नाराजगी देखी जा रही है नागरिकों ने डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि पुराने कार्यालय स्थल पर तत्काल सूचना पटल लगाया जाए तथा नए कार्यालय के बाहर भी स्पष्ट नाम-पट्ट एवं दिशा-सूचक बोर्ड स्थापित किए जाएं ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें डाक सेवाओं का लाभ सहजता से मिल सके।

## जीआरपी पुलिस ने पकड़ा मोबाइल चोर

### ट्रेन में करता था यात्रियों के मोबाइल चोरी

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



नैनपुर जी आर पी पुलिस ने एक मोबाइल चोर पकड़ा जो यत्रीगाडियो से यात्रियों के मोबाइल चोरी किया करता था। नैनपुर स्टेशन के प्लेट फार्म से ड्यूटी के दौरान संदेह होने पर एक व्यक्ति को थाना लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ करने पर उसने मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी का मोबाइल जप्त किया गया जिसे गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया। न्यायालय से पुलिस रिमांड में लेकर जी आर पी थाना नैनपुर लाया गया पूछताछ पर उसने और भी मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की। मोबाइल चोर नन्द किशोर पिता स्वर्गीय कौशल माहोरे निवासी ग्राम धमनियां थाना चांद जिला छिंदवाड़ा का रहने वाला बताया गया है। जिसने स्वीकार किया की वह सिवनी, छिंदवाड़ा, नैनपुर मंडला जबलपुर ट्रेन लाइन में चल कर यात्रियों के मोबाइल चोरी करता था। उसके बताए अनुसार ठिकाने से अलग अलग कंपनी के छ: मोबाइल बरामद किए गये हैं। चोरी किए हुए मोबाइल के मालिकों की तलाश की जा रही है। जिन्हें बुलाकर मोबाइल उन्हें सौंप दिए जाएंगे। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस पूरे अभियान में जी आर पी थाना प्रभारी दिलीप बढ़ई के मार्गदर्शन में संपूर्ण कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जिसमें टीम में शामिल प्रधान आरक्षक अनिल चुरहे, प्रधान आरक्षक डेविड तेकाम, प्रधान आरक्षक राहुल टांडेकर, प्रधान आरक्षक प्रमोद शरणागत, प्रधान आरक्षक मोहपेंद्र गोनगे, प्रधान आरक्षक नीतिन आर्मो आरक्षक सज्जन बंशकार, हेमंत परते महिला आरक्षक तृप्ति सिंह, मोनिका उईके एवं आरपीएफ पोस्ट नैनपुर से सउनि एस के पांडे की भूमिका सराहनीय रही।

## आज नैनपुर में निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा

नैनपुर( स्वतंत्र मत)

धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से ओत-प्रोत नगर नैनपुर में आज भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) परिवार द्वारा आयोजित इस दिव्य आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस्कॉन परिवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान श्री जगन्नाथ जी का पावन रथ एवं विग्रह बालाघाट से नैनपुर के निवारी क्षेत्र में प्रस्थान करेगा। यहां भगवान को परंपरागत रूप से छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। भोग ग्रहण कराने के उपरांत दोपहर लगभग 2 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव जी एवं सुभद्रा महारानी सुसज्जित रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। रथ यात्रा निवारी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खेरमाई रोड के रास्ते सरस्वती विद्यालय प्रांगण पहुंचेगी। पूरे मार्ग में भव्य कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन मंडलियों की मधुर धुनें, भक्तों का उत्साह और सांस्कृतिक




प्रस्तुतियां वातावरण को भक्तिमय बना देंगी। श्रद्धालु बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ रथ को खींचते हुए भगवान के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के समापन स्थल सरस्वती विद्यालय प्रांगण में भोग-भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि नैनपुर में इस्कॉन परिवार द्वारा यह भव्य रथ यात्रा पिछले तीन वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। हर वर्ष इस आयोजन में श्रद्धालुओं की संख्या और उत्साह में वृद्धि हो रही है, जो नगर की धार्मिक चेतना और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बनता जा रहा है। इस्कॉन परिवार ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य रथ यात्रा में सहभागी बनने एवं भगवान श्री जगन्नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

संपादकीय

## अनुसंधान का नया आसमान

भारत के निजी क्षेत्र ने अंतरिक्ष में भी प्रवेश कर लिया है। 'विक्रम-1' और 'मिशन आगमन' ने सर्वप्रथम सफलता हासिल की है, जब एक निजी कंपनी के रॉकेट ने अंतरिक्ष तक सफल उड़ान भरी और पृथ्वी की निश्चित कक्षा में स्थापित किया। यह सफल प्रयोग और प्रक्षेपण 'स्काईरूट एयरोस्पेस' नामक निजी कंपनी ने किए हैं। यह पूर्णतः स्वदेशी तकनीक का रॉकेट था, जिसे पृथ्वी की कक्षा तक पहुंचा कर इस कंपनी के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने इतिहास रचा है, अंतरिक्ष को एक बार फिर खंगाला है तथा अनुसंधान को वाकई एक नया आसमान दिया है। अभी तक अंतरिक्ष में प्रक्षेपण का काम 'इसरो' ही करता रहा था, जो एक सरकारी संस्थान है, लिहाजा उसे सरकार एक निश्चित बजट मुहैया कराती रही है। इसरो ने अंतरिक्ष में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं, लेकिन निजी क्षेत्र को अनुमति देना और फिर एक निजी कंपनी द्वारा रॉकेट भेजने के संकल्प को साकार करना वाकई अद्भुत, अप्रतिम, अनिर्वचनीय है। जाहिर है कि अवसरों के आसमान खुले हैं और इस क्षेत्र में भी रोजगार की संभावनाएं भरपूर हैं। 'विक्रम-1' की ऐतिहासिक सफलता तब हासिल की गई है, जब करीब 120 वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने इसरो से इस्तीफे दे दिए हैं अथवा वीआरएस ले लिया है। यह विदाई या अलगाव बेहद चिंताजनक माना गया, क्योंकि ये तकनीकी चेहरे भारत के 'चद्रयान-4' और 'गगनयान' जैसे विराट, दुस्साध्य अंतरिक्ष कार्यक्रमों से जुड़े थे। वे सभी कार्यक्रम अपने अंतिम और निर्णायक चरण में हैं। इस्तीफा देने वाले कई इसरो वैज्ञानिक और इंजीनियर अंतरिक्ष संबंधी स्टार्टअप्स से जुड़ गए। 'विक्रम-1' भेजने वाली 'स्काईरूट एयरोस्पेस' कंपनी की स्थापना भी 2018 में पवन कुमार चंदना और नागा भरत डाका ने की थी, जिन्होंने इसरो की नौकरी छोड़ी थी और यह स्टार्टअप शुरू किया था। इसरो से कुछ चेहरे विदाई लेते हैं, तो उसे 'राष्ट्रीय क्षति' नहीं मानना चाहिए। वे किसी स्टार्टअप अथवा निजी कंपनी से जुड़ना चाहें, तो इसरो को उन्हें एक निश्चित अवधि तक अनुमति दे देनी चाहिए, ताकि वे अपनी पेशेवर क्षमताओं का विस्तार कर सकें और आर्थिक रूप से अधिक समृद्ध हो सकें। 'विक्रम-1' परोक्ष रूप से इसरो का ही सृजन है, लिहाजा निजी क्षेत्र को भी 'राष्ट्रीय विस्तार' मानना चाहिए, क्योंकि अंतरिक्ष में, अंततः भारतीय 'तिरंगा' ही जाता है। यह डा. विक्रम साराभाई की ही विरासत है, जिन्होंने इसरो की स्थापना की और अंतरिक्ष कार्यक्रम को शुरू किया। निजी क्षेत्र की यह अंतरिक्ष-सफलता अमरीका और चीन के बाद भारत ने ही हासिल की है। कितना गर्व और गौरव महसूस होना चाहिए? प्रधानमंत्री मोदी ने ऑडियो संदेश के जरिए 'मिशन आगमन' की टीम को बधाई दी है, राष्ट्र-निर्माण और आत्मनिर्भरता में उनकी भूमिका को सराहा है और प्रधानमंत्री आवास पर मुलाकात का न्यौता दिया है। यह बेहद महत्वपूर्ण शुरुआत है। भारत में भी अंतरिक्ष से जुड़ा एक बाजार खुलेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हम अपनी सेवाएं दे सकेंगे। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष में कुछ पेलोड भेजे गए हैं। मसलन-इन ऑर्बिट रोबोटिक आर्म, भविष्य के मिशनों के लिए उपग्रह प्रणालियों का टेस्ट करेगा क्यूबसैट, नई अंतरिक्ष तकनीकों के सत्यापन के लिए टेस्ट सैटेलाइट, पिन पुलर एवं रिलीज नट सैटेलाइट छोड़ने के मैकेनिज्म के प्रभाव जांचेगा और 32 हीरों से बना कमल। भारत के दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में कुछ दिन बिता कर अध्ययन कर चुके हैं। शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय रहे, जो करीब 18 दिन तक अंतरिक्ष स्टेशन के भीतर रहे और 'तिरंगा' लहराते रहे। संभवतः वह 'गगनयान' में भी अपना योगदान देंगे। एक साथ 100 से अधिक उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने का कीर्तिमान भी भारत के नाम है। उम्मीद है कि एक दिन भारत 'अंतरिक्ष महाशक्ति' भी बन सकता है।

# अस्मिता को निगलती पर्यटन संस्कृति



लेह प्रशासन बड़े गर्व से बता रहा है कि पिछले साल की तुलना में इस बार लेह-लद्दाख में 44 फीसदी अधिक पर्यटक आए। हिमालय की गोद में बसा केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख पिछले कुछ सालों में एक बड़े वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है। हर साल गर्मी का मौसम आते ही यहां सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। पर्यटन ने प्रदेश की आमदनी में उल्लेखनीय इजाफा किया है। लेकिन इस आर्थिक समृद्धि के पीछे एक ऐसा स्याह सच भी छिपा है, जो लद्दाख की नाजुक पारिस्थितिकी के लिए किसी गंभीर खतरे से कम नहीं है। विडंबना यह है कि जिसे कभी 'शांग्री-ला' यानी पृथ्वी का स्वर्ग कहा जाता था, वह आज अनियंत्रित पर्यटन के कारण उपजे कचरे, पानी की किल्लत, बिजली के संकट और वाहनों के धुएं से हांफ रहा है।

लेह-लद्दाख में लगभग 670 होटल बन गए हैं और इनमें से 60 फीसदी लेह शहर में हैं। चूंकि अधिकांश पर्यटक सबसे पहले लेह ही आते हैं और उन्हें कम से कम दो दिन वहीं रुकने की सलाह दी जाती है ताकि उनका शरीर वहां के परिवेश के अनुरूप खुद को ढाल सके, सो लेह पर वहां की मूल आबादी से तीन गुना बाहर से आए लोगों का बोझ सदा बना रहता है, जिनमें 50 हजार तो प्रवासी मजदूर ही हैं। जान लें इस इलाके में कहीं हरियाली दिखती नहीं। यह बर्फीला रेगिस्तान है। समुद्र तल से कोई 11 हजार फुट ऊपर बसे लेह में यहां सालाना बारिश मात्र 10 सेंटीमीटर होती है। लेह शहर में सिंधु नदी से पानी की आपूर्ति होती है लेकिन इतने सारे होटल बोरवेल पर निर्भर हैं।


लद्दाख इस समय अपने इतिहास के सबसे गंभीर जल संकट से गुजर रहा है। शीत मरुस्थल होने के कारण लद्दाख हमेशा से पानी के लिए ग्लेशियरों के पिघलने और सीमित बर्फबारी पर निर्भर रहा है। पारंपरिक रूप से लद्दाख के लोग शुष्क शौचालयों का उपयोग करते थे, जिसमें पानी की आवश्यकता नहीं होती थी। लेकिन पर्यटकों की आधुनिक सुविधाओं और होटलों की मांग के कारण पारंपरिक व्यवस्था की जगह 'फ्लश टॉयलेट' ने ले ली है। एक स्थानीय लद्दाखी जहां गर्मियों में औसतन 21 लीटर पानी का उपयोग करता है, वहीं एक पर्यटक प्रतिदिन करीब 75 लीटर पानी सोख लेता है। लेह में होटलों और गेस्ट हाउसों की संख्या तेजी से बढ़ी है, जिन्होंने पानी की भारी मांग को पूरा करने के लिए अंधाधुंध कमर्शियल बोरवेल खोद डाले हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि लेह का भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा रहा है और प्रशासन को पानी की राशनिंग करने के साथ-साथ टैंकरों के जरिए जलापूर्ति करनी पड़ रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण कम होती बर्फबारी और पर्यटन के अत्यधिक दबाव ने पानी की इस कमी को जीवन-मरण का प्रश्न बना दिया है।

दरअसल, पर्यटन बढ़ने से हिमालय के पहाड़ों पर कचरे का संकट बढ़ता है। हालांकि अभी लेह प्रशासन ने समूचे इलाके में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पाबंदी के आदेश जारी किये हैं लेकिन अभी उसका कोई जमीनी असर दिख नहीं रहा। टूरिस्ट सीजन में लेह पर करीब 247 टन कचरे का अतिरिक्त बोझ बढ़ जाता है। म्युनिसिपल कमेटी के अनुसार सर्दियों में कचरे की मात्रा गर्मियों की तुलना में सिर्फ 25 प्रतिशत ही रह जाती है। यह समस्या तब और विकराल हो जाती है जब लद्दाख की भौगोलिक ऊंचाई और कड़ाके की ठंड इसमें अड़चनें पैदा करती हैं। यद्यपि साल 2020 में स्कम्पारी में सौर ऊर्जा से संचालित 30 टन क्षमता का वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया गया है, लेकिन शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे के तापमान में गीला कचरा पूरी तरह जम जाता है। अत्यधिक ठंड और ऊंचाई के कारण मजदूरों की कार्यक्षमता बुरी तरह प्रभावित होती है, जिससे कचरे की प्रोसेसिंग में देरी होने लगती है। सबसे खराब स्थिति सर्दियों में भारी बर्फबारी के दौरान होती है, जब कचरा इकट्ठा करने वाले ट्रकों की आवाजाही ठप हो जाती है।

एक तरफ बढ़ते पर्यटक हैं और फिर उनकी सुविधाओं के लिए बिजली की मांग बढ़ती है वहीं लद्दाख के पास अपनी सीमित पनबिजली और सौर ऊर्जा प्रणालियां हैं, जो इस अचानक बढ़ी मांग को पूरा करने में हांफने लगती हैं। गर्मियों में जब होटलों, रेस्टोरेंट्स और होमस्टे में पर्यटकों की भीड़ होती है, तब बिजली की मांग अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। पीक सीजन में इस कमी को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर डीजल जेनरेटरों का सहारा लिया जाता है। ये जेनरेटर न केवल भारी मात्रा में ईंधन की खपत करते हैं, बल्कि लद्दाख की शांत और स्वच्छ हवा में लगातार कार्बन और कानफोड़ू शोर घोलते रहते हैं। बिजली के इस अस्थायी और प्रदूषणकारी विकल्प ने शांत वादियों के पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया है।

इस पूरे संकट में वाहनों से निकलने वाला धुआं आग में घी का काम कर रहा है। पैंगोंग त्सो, नुब्रा वैली और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा के लिए हर दिन सैकड़ों डीजल चालित एसयूवी, टैक्सियां और कमर्शियल गाड़ियां लेह की सड़कों से गुजरती हैं। इन जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों के अनियंत्रित काफिलों के कारण लेह में न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो रही है, बल्कि इनसे निकलने वाला काला कार्बन (सूट) और धुआं हवा को प्रदूषित कर रहा है। यह काला कार्बन हवा में तैरकर आसपास के ग्लेशियरों पर जमा हो रहा है। ग्लेशियरों की सतह काली होने के कारण वे सूरज की रोशनी को परावर्तित करने के बजाय अधिक गर्मी सोख रहे हैं, जिससे उनके समय से पहले और तेजी से पिघलने का खतरा पैदा हो गया है। यह चक्र अंततः लद्दाख के पूरे जल विज्ञान और जीवन चक्र को नष्ट कर सकता है।

वर्तमान परिदृश्य में लद्दाख में पर्यावरण शुल्क जैसी नीतियां भी खामियों से भरी हैं, क्योंकि यह केवल लेह से बाहर जाने वालों के परमिट पर लागू होती हैं, जबकि सिर्फ लेह आकर प्रदूषण फैलाने वाले पर्यटकों से कुछ नहीं वसूला जाता। पर्यटन से होने वाली आमदनी का स्वागत है, लेकिन यह स्थानीय लोगों के जीवन की कीमत पर नहीं होना चाहिए। जब तक पर्यटक जिम्मेदार नहीं होंगे और प्रशासन कचरे, पानी, बिजली और वाहनों के धुएं के लिए एक एकीकृत मास्टर प्लान नहीं बनाएगा, तब तक इस नाजुक हिमालयी क्षेत्र को तबाही की तरफ बढ़ने से रोकना नामुमकिन होगा।



पंकज चतुर्वेदी

लेखक पर्यावर्णीय मामलों के जानकार हैं।

## अल्फा जेनरेशन को भाती है अपनी कल्पना की उड़ान

पिछले दिनों राष्ट्रपति भवन में दो दिन बच्चों को कहानी सुनाने और उनके साथ समय बिताने का अवसर मिला। अक्सर ऐसे कार्यक्रमों में जाना होता है जहां बहुत से बच्चे होते हैं, जिनमें दो-तीन साल के शिशु से लेकर चौदह-पंद्रह साल के बच्चे शामिल हैं। उनसे खूब बातें होती हैं। उनके साथ खेलना होता है। वे क्या पढ़ते हैं, इस बारे में भी अवश्य पूछती हूं। ये वे बच्चे हैं, जिनके माता-पिता युवा हैं। इनमें से भी बहुतों को कहानियां सुनाई हैं। आज उनके बच्चे सामने हैं, जिन्हें अल्फा जेनरेशन कहा जाता है। इस पीढ़ी के बारे में मशहूर है कि यह तो मोबाइल फोन ही हाथ में लेकर जन्मी है। यानी कि कोई भी सूचना इनके लिए नई नहीं है। जब हैरी पॉटर ने धूम मचाई थी, उस समय एक बड़ा लेख लिखा था कि इसकी सफलता का कारण हार्श मार्केटिंग, वर्ल्ड वाइड लांच और बुक स्टोर्स को पांच हजार पार्टियां देने के अलावा, यह भी था कि पश्चिम के बच्चे, तमाम तरह के गिजमोज और तकनीक से ऊब चुके थे। उन्हें जीवन में ऐसा कुछ चाहिए था, जिससे वे रोमांचित हो सकें। एक जमाने में अपने यहां बाल साहित्य को लेकर दो धाराओं में काफी बहस होती रही है। एक धारा कहती थी कि बच्चों को राजा-रानी, परी कथाएं, जिनके पात्र सिर्फ परियां ही नहीं, राक्षस, बौने, जादूगर, कोई चलने वाला पेड़, कोई बोलने वाला बाघ आदि होते थे, सुनाई जानी चाहिए। दूसरी धारा कहती थी कि बच्चों को वे कहानियां नहीं सुनाई, पढ़ानी चाहिए, जिनमें चमत्कार हों। वे चमत्कार की तरफ झुकें। तरह-तरह के अंधविश्वास उनके मन में न घर करें। इसलिए उन्हें वे कहानियां दें, जो उनके दैनंदिन जीवन से जुड़ी हों। यानी कि यथार्थवादी हों। क्योंकि बच्चे किसी चमत्कार के जरिए जीवन में सफलता नहीं प्राप्त कर सकते। परिश्रम से ही उन्हें सफलता मिलती है। ये बात सच भी है कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं और कोई चमत्कार बच्चे को सफलता दिलवा सकता है। और ऐसा भी नहीं है कि बच्चे इन बातों को जानते नहीं हैं कि अगर पढ़ेंगे नहीं, तो सफल होना मुश्किल है। अपनी नौकरी के दौरान पाया कि जब भी यथार्थवादी कहानियों पर अंक निकाले, उन्हें वह सफलता नहीं मिली जितनी कि राजा, रानी, वेद, पुराण, उपनिषद, कथा सरित्सागर, राजतरंगिणी, महाभारत, पंचतंत्र, हितोपदेश या ईसप की कथाओं को मिली। कई बार तो ऐसा हुआ कि ये अंक इतने बिके कि दोबारा छापने पड़े। इसके अलावा दैनंदिन जीवन की कथाएं कि बच्चों के बस्ते का बोझ कितना ज्यादा है, उन्हें पढ़ने में कितनी मेहनत करनी पड़ती है, उन्हें अपने मित्रों से किस तरह के धोखे मिलते हैं, या कि किसी गरीब बच्चे के जीवन में कितनी कठिनाइयां हैं, इन्हें आम तौर पर बच्चे सुनना नहीं चाहते। इससे ये निष्कर्ष भी निकला कि बच्चे जिन आफतों को रोजमर्रा के जीवन में भुगत रहे हैं, अगर आप उनका मनोरंजन करने आए हैं और उन्हें कहानियां भी यही सुना रहे हैं, तो वे हूट कर देते हैं। फिर जिस वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने, तार्किकता को बढ़ाने आदि की बातें की जाती हैं, उनमें एक दिक्कत यह भी है कि विज्ञान प्रति पल बदलता है। आज एक खोज कुछ कहती है, तो दूसरी खोज बिल्कुल उसके विपरीत बातें करती हैं, तो आखिर किस बात को सच माना जाए। जिन्हें परीकथा कहा जाता है, वहां भी तर्क नहीं होता, ऐसा नहीं कहा जा सकता। जिसे फेंटेसी कहा जाता है, वहां भी किसी कहानी में अच्छाई पर बुराई की विजय नहीं दिखाई जाती। न ही यह बताया जाता है कि सच के मुकाबले झूठ बोलना कितनी अच्छी बात है या कि पर्यावरण को नष्ट करना ठीक है। अथवा किसी जीव को सताना, किसी गरीब की मदद न करना, अपने बड़ों की बात न मानना ही बढ़िया है। फेंटेसी के भी बहुत मानवीयता वाले तर्क होते हैं। अपनी यूरोप की यात्रा के दौरान बहुत से भारतीय और विदेशी बच्चों से मिली हूं। वहां भारतीय बच्चे अपने देश के मिथकीय चरित्रों जैसे कि श्रीराम, रावण, श्रीकृष्ण, दुर्योधन, बाल गणेश, काली, बाल हनुमान, पंचतंत्र की जानवरों की कथाएं आदि को बहुत चाव से पढ़ते मिले। जैसे ही किसी वैज्ञानिक चीज के बारे में उनसे बात की गई, वे फौरन अपना मोबाइल दिखाकर कहने लगे कि ये बात उन्हें पहले से मालूम है। जैसे कि चांद के बारे में कहा जाता है कि वहां न आक्सीजन है, न पानी, न पेड़, पौधे, न कोई इन्सान। इसलिए इन दिनों बच्चों को चांद के बारे में यदि कोई चमत्कारिक कथा सुनाई जाए, तो वे नहीं सुनेंगे। लेकिन एक कहानी सैशन के दौरान बच्चों ने चांद के बारे मे ऐसी-ऐसी परिकल्पनाएं कीं कि लगा कि वे अब भी चांद को लेकर बहुत-सी कहानियां सुन सकते हैं, बुन सकते हैं।

– क्षमा शर्मा

# 'छात्रों की गूंज' और बदलता चुनावी विमर्श



जयसिंह रावत

वरिष्ठ पत्रकार



उत्तराखंड की राजनीति पारंपरिक रूप से राष्ट्रवाद, सैन्य गौरव और धार्मिक अस्मिता के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन हाल ही में देहरादून में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम ने राज्य और देश की मुख्यधारा की राजनीति को एक नया वैचारिक मोड़ दे दिया है। दो निरंतर कार्यकालों की सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इंकम्बेंसी) से जूझ रही भाजपा के खिलाफ विपक्ष के पास मुद्दों का अंबार था। बेरोजगारी और महंगाई जैसे राष्ट्रव्यापी विषयों से लेकर बद्रीनाथ में दान चोरी के कथित विवाद और अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे बेहद संवेदनशील स्थानीय मुद्दों तक, कांग्रेस के तरकश में कई तीर थे।

पूरा राजनीतिक अमला और सत्ता पक्ष इस बात के लिए मुस्तैद था कि लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी देहरादून की धरती से इन सभी ज्वलंत मुद्दों पर तीखे तीर चलाएंगे।

विशेष रूप से सैन्य बाहुल्य प्रदेश होने के नाते भाजपा को पूरा यकीन था कि राहुल गांधी 'अग्निवीर योजना' को लेकर सरकार को घेरेंगे। यही वजह थी कि राज्य सरकार ने रक्षात्मक रुख अपनाते हुए 17 जुलाई की शाम 5 बजे राहुल के कार्यक्रम से ठीक पहले आनन-फानन में अग्निवीर योजना को लेकर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर डाला और सरकार में 'अग्निवीर प्रकोष्ठ' के गठन जैसी बड़ी घोषणाएं भी कर दीं। सरकार ने विपक्ष के सबसे बड़े हमले की धार को पहले ही कुंद करने की पूरी बिसात बिछा रखी थी। लेकिन देहरादून के मंच पर राहुल गांधी ने न तो अग्निवीर का जिक्र किया और न ही अन्य राजनीतिक विवादों का। राहुल गांधी का पूरा ध्यान केवल और केवल एक मुद्दे पर केंद्रित रहा-'पेपर लीक और छात्रों के भविष्य पर सुनियोजित आघात।' राहुल गांधी का यह रुख किसी राजनीतिक चूक का परिणाम नहीं, बल्कि एक गहरी और सुनियोजित दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है।

कांग्रेस ने समझ लिया है कि राष्ट्रवाद और सैन्य मुद्दों पर भाजपा को उसकी पिच पर घेरना कई बार आत्मघाती साबित होता है। अग्निवीर पर बोलते ही बहस 'सेना के मनोबल' बनाम 'राजनीति' पर केंद्रित हो जाती, जिससे मूल मुद्दा भटक जाता। उन्होंने राज्य के अन्य भावनात्मक मुद्दों को छुए बिना अपना पूरा फोकस देश और राज्य के युवाओं की सबसे दुखती रग-'पेपर लीक'-पर रखा। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस की भावी रणनीति के केंद्र में अब 'युवा और छात्र' आ चुके हैं। इससे पहले कोटा में छात्रों से संवाद के दौरान राहुल गांधी ने वर्तमान शिक्षा और परीक्षा प्रणाली को 'रिजेक्शन सिस्टम' करार दिया था। देहरादून का कार्यक्रम इसी वैचारिक विमर्श का अगला और अधिक परिपक्व पड़ाव था। यह जनसभा युवाओं की आकांक्षाओं, रोजगार, शिक्षा और अवसरों की उपलब्धता पर केंद्रित एक गंभीर संवाद था।

उत्तराखंड पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं, जैसे यूकेएसएसएससी और लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं, में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं को लेकर राष्ट्रीय सुर्खियों में रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए देश का सबसे कड़ा 'नकल विरोधी कानून' लागू किया और कई मामलों में गिरफ्तारियां भी कीं।

सरकार ने इसे अपनी प्रशासनिक इच्छाशक्ति के रूप में पेश किया, लेकिन विपक्ष लगातार इसे इस रूप में प्रचारित करने में सफल रहा है कि व्यवस्था के भीतर बैठे लोग युवाओं के भविष्य के साथ 'अनंत अन्याय' कर रहे हैं। राहुल गांधी इसी सामूहिक हताशा को एक बड़े राजनीतिक आंदोलन में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय राजनीति दशकों से जातिगत समीकरणों और धार्मिक ध्रुवीकरण के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम ने यह साफ संकेत दे दिया है कि भविष्य की राजनीति में जाति और धर्म के पारंपरिक औजारों के समानांतर रोजगार, शिक्षा और समान अवसर भी उतने ही प्रभावशाली चुनावी मुद्दे बनने जा रहे हैं। अब सरकार के सामने असली चुनौती यह होगी कि वह केवल कड़े कानून बनाने तक सीमित न रहे, बल्कि रोजगार और भर्ती व्यवस्था में सुधार के ऐसे ठोस और दृश्यमान परिणाम प्रस्तुत करे, जिससे युवाओं के बीच खोया हुआ भरोसा बहाल हो सके। यदि नियुक्तियां समय पर, बिना किसी धांधली के और पारदर्शी तरीके से होती हैं, तो विपक्ष के इस नैरेटिव की हवा अपने आप निकल जाएगी।

युवा मतदाता आज किसी भी राजनीतिक दल की किस्मत बनाने या बिगाड़ने में सबसे निर्णायक कारक बन चुके हैं। वे सोशल मीडिया के दौर में जी रहे हैं, वे जागरूक हैं और अपनी समस्याओं के राजनीतिकरण को अच्छी तरह समझते हैं। राहुल गांधी के देहरादून दौरे ने यह साफ कर दिया है कि कांग्रेस अब लोकलुभावन और भावनात्मक बहसों के जाल में फंसने के बजाय सीधे उस मोर्चे पर लड़ना चाहती है, जहां सरकार सबसे ज्यादा संवेदनशील है।

# दुनिया के लिए सबक है यूरोप की असामान्य गर्मी



ज्ञानेन्द्र रावत

पर्यावरण विद्

ग्लोबल वार्मिंग ने दुनियाभर में कहर ढाना शुरू कर दिया है। इसके कारण जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो गई है। अब तापमान वैश्विक औसत की तुलना में दोगुनी गति से बढ़ रहा है। इसके चलते लंबे समय तक चलने वाली हीटवेव की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। यूरोप की भीषण गर्मी इस बात की चेतावनी है। यूरोप की इस गर्मी को 'हीट डोम' कहें, 'हीटवेव' कहें या फिर उसे 'ओमेगा हीटवेव' की संज्ञा दी जाए, हकीकत यह है कि यूरोप भीषण गर्मी के साये में झुलस रहा है। यूरोप के कई देश 1970 के दशक की तुलना में दो महीने अधिक 'हीट स्ट्रेस' का भीषण असर झेल रहे हैं। इसके लिए ग्लोबल वार्मिंग और जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार यूरोप महाद्वीप के कई हिस्सों में हीट डोम बना हुआ है, जिससे भीषण गर्मी पड़ रही है। सूरज की गर्मी हर दिन इसमें वृद्धि करती है। नतीजतन, बारिश और ठंडी हवाएं भी राहत नहीं दे पातीं। हीट डोम बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ते हैं। इससे लोग लंबे समय तक गर्मी झेलने को मजबूर होते हैं। इस समय फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और इटली की सरकारों ने रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। पूरे स्पेन में गर्मी का अलर्ट है। बेल्जियम और नीदरलैंड में भीषण गर्मी के चलते अभी तक 3700 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। स्थानीय अधिकारियों की मानें तो आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। फ्रांस के अधिकांश हिस्सों में हाई अलर्ट है। वहां के 54 विभागों में रेड अलर्ट है। यहां 1947 के बाद इस बार भीषण गर्मी देखी गई है।

हालात इतने खराब हैं कि गर्मी से राहत पाने की कोशिश में वहां जलाशयों व नदियों में गए तकरीबन 40 से ज्यादा लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। एफिल टावर के पास ट्रोकाडेरो फाउंटेन में गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कूदते देखे गए हैं। यही नहीं, वहां घरों में रहने वाले 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मौतों की तादाद सबसे ज्यादा, यानी 91 फीसदी है। बेल्जियम और नीदरलैंड में भी सबसे ज्यादा 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मौतें हुई हैं। यह हालात की भयावहता का जीता-जागता सबूत है। इन हालातों ने स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को बढ़ा दिया है। परिवहन सुविधाओं पर भी काफी दबाव पड़ा है। लोग मानने लगे हैं कि अब ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को गंभीरता से लेने का समय आ गया है। विशेषज्ञों के अनुसार यूरोप में गर्मी के रिकॉर्ड टूट सकते हैं। वैज्ञानिक इसे 'ओमेगा ब्लॉक' नामक दुर्लभ मौसमी पैटर्न की संज्ञा दे रहे हैं।



उनके अनुसार ओमेगा ब्लॉक के चलते यूरोप के कई देशों में तापमान रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है। इससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। स्कूल बंद करने पड़े हैं। बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है और पोल्ट्री फार्मों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार इस असामान्य गर्मी के पीछे 'ओमेगा ब्लॉक' नामक मौसमी पैटर्न है, जिसमें उच्च दबाव का क्षेत्र ग्रीक अक्षर 'ओमेगा' के आकार का बन जाता है। यह गर्म हवा को लंबे समय तक एक ही इलाके में रोककर रखता है, जिससे अमूमन तापमान सामान्य से 18 डिग्री सेल्सियस तक अधिक हो सकता है। फ्रांस के दक्षिण-पश्चिमी शहर पिसोस में तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। उत्तर-पश्चिमी शहर ब्रिटनी में बिजली आपूर्ति ठप रही है। वहीं, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को भी उत्पादन में सात फीसदी की कटौती करने को बाध्य होना पड़ा है। इसका कारण शीतलन के लिए वहां पर्याप्त पानी का अभाव था। इससे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है और स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी दबाव पड़ा है। वहीं, इटली में सोलह शहरों में उच्च स्तर का हाई अलर्ट जारी करना पड़ा है।

ब्रिटेन में बढ़ते तापमान के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा। फ्रांस में कारों में अत्यधिक तापमान के कारण कई छोटे बच्चे मौत के मुंह में चले गए। यहां के ब्रिटनी और पेज दे ला लोआर इलाके के अनेक पोल्ट्री फार्मों में अत्यधिक गर्मी से लाखों पक्षियों की मौत हो गई। दरअसल, अध्ययनों ने एक साल पहले ही चेता दिया था कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण तीन गुना अधिक भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। नेचर रिव्यू अर्थ एंड एनवायरमेंट में प्रकाशित किंग्स कॉलेज के अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार, स्वस्थ और युवा वयस्कों को बढ़ती गर्मी के चलते होने वाली कठिनाई की सीमा तीन गुना होने की संभावना व्यक्त की गई थी। अध्ययनकर्ताओं ने चेतावनी दी थी कि जिन क्षेत्रों में अत्यधिक गर्मी जैसे हालात होंगे, वहां वृद्ध लोगों को गर्मी से 35 फीसदी अधिक खतरा होगा। अध्ययनकर्ता प्रोफेसर टॉम मैथ्यूज के अनुसार, यदि वैश्विक तापमान में वृद्धि निर्धारित मानक के अनुपात में दो डिग्री तक पहुंच जाती है तो इसके घातक परिणाम होंगे। इससे वृद्ध लोगों को झुलसाने वाली गर्मी की सीमाएं बढ़ेंगी। वहीं, इससे युवा आने वाले समय में अधिक जूझते नजर आएंगे। शोधकर्ताओं का दावा है कि असहनीय गर्मी में शरीर का मुख्य तापमान छह घंटे के भीतर 47 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाता है। यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। सरकारों को अब ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को गंभीरता से लेना होगा।

# दो हाथियों की जोड़ी संभालेगी दो राज्यों की सरहद



**अमरावती**

आंध्र प्रदेश के पारवथीपुरम मान्यम जिले के सीमावर्ती गांवों में इंसान और हाथियों के बीच बढ़ते टकराव को रोकने के लिए राज्य का वन विभाग बड़ा कदम उठाने जा रहा है। वन विभाग जयंत और अभिमन्यु नाम के दो ट्रेंड कुमकी हाथियों को पलामनेरु कैंप से गुचिमी कैंप भेजने की अंतिम तैयारी कर रहा है।

यह निर्देश डिप्टी सीएम और वन और पर्यावरण मंत्री पवन कल्याण की तरफ से दिया गया है, ताकि ओडिशा से आने वाले जंगली हाथियों के झुंड से बने हालात पर काबू पाया जा सके।

**जयंत और अभिमन्यु को कमान**

जयंत को राज्य के नानियाल एलीफेंट कैंप में खास ट्रेनिंग दी गई है, जबकि अभिमन्यु को कर्नाटक से लाया गया है और उसे मैदानी अनुभव के लिए जाना जाता है। दोनों हाथी हाल ही में छह बड़े ऑपरेशन में हिस्सा ले चुके हैं, जिनमें पलामनेरु के पास एक अकेले और खतरनाक जंगली हाथी को पकड़ने का ऑपरेशन भी शामिल है। वन अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों हाथियों के मैदानी तालमेल, काम करने के तरीके और शांत स्वभाव को देखते हुए ही मान्यम में तैनाती के लिए इन्हें चुना गया है। अधिकारियों के मुताबिक, जंगलों के छोटे टुकड़ों में बंटने, पेड़ों की छांव कम होने और प्राकृतिक इलाकों में भोजन-पानी की भारी कमी की वजह से हाथियों के झुंड ओडिशा से मान्यम के सीमावर्ती गांवों की तरफ आ रहे हैं। इन हाथियों की वजह से किसानों की फसलों को लगातार नुकसान हो रहा है और खेती करने वाले लोगों की सुरक्षा को भी लगातार खतरा बना हुआ है।

इस समस्या के लंबे समय के समाधान के लिए आंध्र प्रदेश सरकार ओडिशा सरकार के साथ बातचीत कर रही है और ओडिशा से और कुमकी हाथी लाने की योजना पर भी काम चल रहा है। वहीं फौरी राहत के तौर पर डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने मुसलमाडुगु यानी पलामनेरु कैंप से जयंत और अभिमन्यु को गुचिमी भेजने का आदेश दिया है, ताकि सीमावर्ती गांवों को तुरंत राहत मिल सके।



## फ्रांस में बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने को विधेयक मंजूर



**पेरिस (वार्ता)।** फ्रांस की संसद ने 15 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है। बीएफएमटीवी ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी है। यह विधेयक एक सितंबर से लागू होगा। बीएफएमटीवी ने मंगलवार रात बताया कि विधेयक के समर्थन में 279 मत डाले गये जबकि 81 सांसदों ने इसके खिलाफ वोट किया। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि नए कानून के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को उपयोगकर्ता की उम्र सत्यापित करनी होगी और 15 साल से कम उम्र वालों को इससे रोकना होगा। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक्स पर लिखा, मैंने इसका वादा किया था और इस मुद्दे पर मतदान भी हुआ है, स्कूल वर्ष की शुरुआत से 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल नेटवर्क पर रोक होगी। सांसदों का धन्यवाद। हाल ही में कई देशों ने युवा पीढ़ी पर सोशल मीडिया के असर को कम करने के लिए कदम उठाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 10 दिसंबर, 2025 से 16 साल से कम उम्र वालों के लिए स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और दूसरे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए भी ऐसी ही पाबंदियां लागू होने वाली हैं। डेनमार्क, स्पेन, ग्रीस, तुर्की, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन ने भी ऐसे ही उपायों की योजना की घोषणा की है।

### यूक्रेन में राष्ट्रपति जेलेंस्की का बड़ा एक्शन

## आर्मी चीफ को पद से हटाया

**कीव**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को देश की सेना के कमांडर-इन-चीफ जनरल ओलेक्सांद्र सिर्स्की को पद से हटा दिया है। उनकी जगह मिखाइलो ड्रापाती को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह फैसला कीव समेत देश के कई शहरों में कई दिनों से चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बाद लिया गया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने सैन्य कमांडरों के साथ कई बैठकों के बाद यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा, हमारी एक ही इच्छा है। दुश्मन पर जीत और रूस पर ऐसा दबाव बनाना जिससे वह शांति की ओर बढ़ने को मजबूर हो। जेलेंस्की ने सिर्स्की के काम की सराहना करते हुए कीव की रक्षा, खारकीव और कुर्स्क अभियानों में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन की मजबूत फ्रंटलाइन के लिए उनके आभारी हैं। नए सेना प्रमुख मिखाइलो ड्रापाती ने फेसबुक पर लिखा कि यूक्रेन की सेवा करना हमेशा उनके लिए सम्मान की बात रही है और आजादी की इस जंग में यह सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सिर्स्की का भी धन्यवाद किया और कहा कि वह पूरी जिम्मेदारी के साथ सेना का नेतृत्व करेंगे। जेलेंस्की ने नए सैन्य नेतृत्व को रक्षा रणनीति अपडेट करने, सेना में सुधार जारी रखने, हथियारों और ड्रोन की तेज आपूर्ति सुनिश्चित करने, एयर डिफेंस मजबूत करने और स्पष्ट सैन्य भर्ती योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। सिर्स्की को हटाने की मांग पिछले कई दिनों से हो रहे प्रदर्शनों के दौरान उठ रही थी। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि वह पुराने सोवियत शैली के सैन्य नेतृत्व का पालन कर रहे थे और



सैन्य सुधारों में बाधा बन रहे थे। रक्षा मंत्री पद से हटाए गए मिखाइलो फेदोरोव ने भी सार्वजनिक रूप से सिर्स्की की आलोचना करते हुए कहा था कि यूक्रेन को युद्ध में सफल होने के लिए नए नेतृत्व और तेज सुधारों की जरूरत है। यही विरोध धीरे-धीरे देशव्यापी आंदोलन में बदल गया, जिसके बाद जेलेंस्की ने सेना के शीर्ष नेतृत्व में बदलाव का फैसला लिया।

### रूसी ट्रकों को ड्रोन से मारा

यूक्रेन-रूस युद्ध में ड्रोन अब मुख्य हथियार बन गए हैं। यूक्रेन सस्ते और प्रभावी ड्रोन्स का इस्तेमाल करके रूसी सैन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहा है। चोनहार हमला इसी पैटर्न का हिस्सा है। पहले केर्च ब्रिज पर हमले हुए थे, अब मुख्यभूमि से क्रिमिया जाने वाले रास्ते पर फोकस किया जा रहा है। यूक्रेन-क्रिमिया को जोड़ने वाले चोनहार चेकपॉइंट पर एक ड्रोन हमला हुआ। वीडियो फुटेज में दिखा कि ड्रोन रूसी भारी ट्रकों के काफिले पर टकराया। हमले के बाद आग की लपटें उठीं और लोग भागते दिखे। हालांकि दृश्य में ड्राइवरों के बीच कैजुअल्टीज की कोई पुष्टि नहीं हुई है। यूक्रेनी सूत्रों का कहना है कि यह हमला केर्च ब्रिज को हुए नुकसान के बाद रूसी सप्लाई लाइनों को बाधित करने का हिस्सा है। दोनों पक्षों ने घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन यह यूक्रेन-रूस युद्ध में ड्रोन हमलों के बढ़ते पैटर्न को दिखाता है। चोनहार चेकपॉइंट क्रिमिया को यूक्रेन के मुख्यभूमि से जोड़ने वाले इस्तहमस पर स्थित है। यह सड़क मार्ग रूसी सेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। केर्च ब्रिज पर पहले हो चुके हमलों के बाद यह रूट और भी जरूरी हो गया था। ड्रोन ने काफिले के बीच हमला किया, जिसमें ईंधन और सामान ले जा रहे ट्रक शामिल थे। वीडियो में आग लगने और लोगों के भागने के दृश्य साफ दिख रहे हैं। यह हमला रियर एरिया में हुआ, जहां आमतौर पर सुरक्षा कम होती है। यूक्रेन अब रूसी लॉजिस्टिक्स को निशाना बनाने की रणनीति अपना रहा है। ईंधन टैंकरों पर हमला करने से रूसी सेना की मोबिलिटी और सप्लाई प्रभावित होती है। यूक्रेन की रणनीति सप्लाई लाइनों को काटने की है। ईंधन, गोला-बारूद और खाने-पीने का सामान रूसी सैनिकों तक पहुंचना जरूरी है। अगर ये लाइनें प्रभावित हों तो मोर्चे पर दबाव बढ़ता है।

## होर्मुज के बाद 'नया रास्ता' भी बंद!

### भारत-चीन आ रहे सऊदी तेल टैंकर्स को लेना पड़ा यू-टर्न

**तेहरान**

अमेरिका-ईरान जंग के बीच जिसका डर था वही हुआ। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाद दूसरा वॉर फ्रंट खुल गया है। इसकी वजह से भारत-चीन आ रहे दो तेल टैंकर्स को यू-टर्न लेना पड़ा। ऐसा यमन में मौजूद ईरान-समर्थक हूतियों की धमकियों के बाद हुआ है। इन टैंकर्स ने लाल सागर में सऊदी अरब के यानबू बंदरगाह से चीन और भारत के लिए कच्चा तेल लोड किया था। लेकिन हूतियों की धमकियों के बाद वे बाब-अल-मंदेब से होते हुए हिंद महासागर में नहीं आए। बल्कि उल्टा स्वेज नहर की ओर बढ़ गए। अब उनको बहुत लंबा घूमकर अपना सफर पूरा करना होगा। हूतियों ने, जिनका उत्तरी और पश्चिमी यमन (जिसमें लाल सागर के मुहाने पर स्थित तट भी शामिल है) पर कंट्रोल है। उन्होंने सोमवार को सऊदी



अरब की नौसैनिक घेराबंदी का ऐलान किया था। फिर शिपिंग कंपनियों को लिखे एक पत्र में, हूतियों ने उन सभी जहाजों पर हमला करने की धमकी दी जो सऊदी तेल लोड या अनलोड करते हैं। बता दें कि जंग की वजह से खाड़ी से बाहर निकलने का रास्ता स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद हो गया है। ऐसे में लाल सागर सऊदी तेल को निकालने के लिए मुख्य वैकल्पिक रास्ता बन गया है। यानबू के जरिए पाइपलाइन से हर दिन लाखों बैरल सऊदी तेल इसी रास्ते से भेजा जा रहा है। लेकिन अब नया फ्रंट खुलने से इसमें भी चुनौती होगी। इस बीच मंगलवार को तेल की कीमतों में 2 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। ब्रेंट क्रूड की कीमत 91 प्रति बैरल से ऊपर रही और अमेरिकी गैसोलीन की कीमत फिर से 4 प्रति गैलन से ज्यादा हो गई। इस घटनाक्रम पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि हूतियों ने अभी तक बाब अल-मंडेब (लाल सागर की तरफ वाला रास्ता, जिसे आंसुओं का रास्ता या गेट ऑफ टीयर्स कहा जाता है) को बंद नहीं किया है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर वे ऐसा करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने दावा किया कि अब तक ऐसा नहीं हुआ है। अगर ऐसा कुछ होता है, तो हम उससे निपट लेंगे। राष्ट्रपति ने इस बात की भी पुष्टि की कि अब तक 18 अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं। जिनमें पिछले कुछ दिनों में जॉर्डन और इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरानी हमलों में मारे गए चार सैनिक भी शामिल हैं। दूसरी तरफ अमेरिकी सेना ने लगातार 11वीं रात ईरान पर बमबारी की। तेहरान के शहर दक्षिण-पूर्वी तटीय शहरों चाबहार और कोनारक में भी धमाके हुए। बुशहर में दो धमाके सुने गए, जहां ईरान का एकमात्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र मौजूद है।

## दुनियाभर में 10 में से 4 स्वास्थ्यकर्मी हिंसा के शिकार

**मुंबई**

मुंबई के डोंबिवली के शास्त्री नगर अस्पताल में डॉक्टरों के साथ हुई मारपीट के बाद चिकित्सा जगत में भारी आक्रोश है। ऐसे में अब डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग और होने वाले हिंसा के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एक डिजिटल ग्रिड जारी किया है, जिसमें हाल के वर्षों में देशभर में डॉक्टरों पर हुए 100 हमलों का ब्यौरा दर्ज किया गया है। दूसरी ओर विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रों के अनुसार, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ हिंसा अब सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चिंता बन गई है। बात अब अगर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट की करें तो, रिपोर्ट में जारी आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में 10 में से 4 लगभग 40 प्रतिशत स्वास्थ्यकर्मियों को अपने करियर के दौरान शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ता है। अगर इसमें अभद्र भाषा और गाली-गलौज को भी जोड़ दिया जाए, तो यह आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक हो जाता है। स्पेन के एक मेडिकल जर्नल अटेंशन प्राइमारिया के अनुसार, डॉक्टरों पर हमले के मामले जर्मनी में 91 प्रतिशत, चीन में 90 प्रतिशत, पेरू में 84.5 प्रतिशत, तुर्किए में 84 प्रतिशत और भारत में 77.3 प्रतिशत तक देखे गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मुंबई से लेकर सिंगापुर तक डॉक्टरों पर हमलों के कारण एक जैसे ही हैं। जैसे कि अस्पतालों में अत्यधिक भीड़ और कर्मचारियों की कमी। इलाज के लिए लंबा इंतजार और मरीजों और उनके परिजनों का का धैर्य खोना। मरीज के परिजनों और डॉक्टरों के बीच सही संवाद न होना। इसके अलावा हिंसा का बड़ा जिम्मेदार लोगों का यह सोचना



भी है कि पैसा खर्च करने के बाद मरीज का 100 प्रतिशत ठीक होना तय है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## शाहरुख की पठान का ताज छीन लेगी जन नायकन



कड़े संघर्ष के बाद साउथ सुपरस्टार और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय थलपति की आखिरी फिल्म जन नायकन जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कुछ दिन पहले इस मोस्ट अवेटेड मूवी की एडवांस बुकिंग विंडो को मेकर्स की तरफ से ओपन किया गया है और इस मामले में जन नायकन को अच्छा रिस्पॉन्स मिलता हुआ नजर आ रहा है। अब खबर आ रही है कि एडवांस बुकिंग कलेक्शन के आधार पर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि विजय की जन नायकन बॉलीवुड सुपरस्टार शाह रुख खान की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान को पहले दिन की कमाई का रिकॉर्ड ध्वस्त कर सकती है। भारतीय सिनेमा की सबसे बड़े स्तर पर रिलीज के तौर पर विजय की जन नायकन को देखा जा रहा है। विजय के एक्टिंग करियर की आखिरी मूवी के तौर पर मेकर्स इस हिट बनाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहते हैं। इसके लिए पूरे भारत में 8000 शो प्लान किए गए हैं, जिनमें से अकेले तमिलनाडु में ही 3500 से ज्यादा शो होंगे। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार सुबह तक जन नायकन ने ओपनिंग डे के लिए एडवांस बुकिंग के माध्यम से 15 करोड़ की कमाई कर ली है। ब्लॉक की गई सीटों को जोड़ने पर यह आंकड़ा 20 करोड़ के पार पहुंच रहा है और अकेले पहले दिन के लिए 6.5 लाख टिकट बिक चुके हैं। दुनियाभर में जन नायकन के लिए पहले वीकेंड की एडवांस बुकिंग 30 करोड़ से ज्यादा हो गई है और ये आंकड़ा तेजी से आगे बढ़ता जा रहा है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि जन नायकन को ग्लोबली 100 करोड़ से अधिक की ओपनिंग मिल सकती है। अगर ऐसा होता है तो ये फिल्म रिलीज के पहले दिन शाह रुख खान की फिल्म पठान के वर्ल्डवाइड 104 करोड़ के रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। विजय की जन नायकन को अपने रिलीज के लिए करीब 7 महीने से ज्यादा का संघर्ष करना पड़ा और अब जाकर ये मूवी रिलीज के लिए तैयार है। बता दें कि 23 जुलाई को इस बहुचर्चित फिल्म को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

## कीटनाशक खेती के खतरों को उजागर करेगी 'द इंडिया स्टोरी'

काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अभिनीत फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल वाली खेती और उससे



जुड़े जनस्वास्थ्य संबंधी खतरों को प्रमुखता से उठाया गया है। फिल्म के निर्माताओं द्वारा जारी नए पोस्टर में कृषि क्षेत्र में बढ़ते कीटनाशक उपयोग के प्रभावों को प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया है। पोस्टर यह संदेश देता है कि हमारी थाली तक पहुंचने वाला भोजन कई बार ऐसे छिपे हुए खतरों को साथ लेकर आता है, जो मानव स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक असर डाल सकते हैं। फिल्म के संदेश पर बात करते हुए काजल अग्रवाल ने कहा कि 'द इंडिया स्टोरी' एक महत्वपूर्ण विषय पर आधारित फिल्म है, जो लोगों को अपने भोजन और उससे जुड़े विकल्पों के प्रति जागरूक बनने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उन्हें इसलिए आकर्षित कर सकी क्योंकि यह रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े एक ऐसे मुद्दे को सामने लाती है, जिस पर अक्सर पर्याप्त चर्चा नहीं होती। श्रेयस तलपड़े ने कहा कि यह कहानी केवल खेती की पद्धतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य और भविष्य से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि फिल्म इस विषय पर सार्थक चर्चा को बढ़ावा देगी और लोगों में जागरूकता पैदा करेगी।

## प्रभास देश के सबसे पसंदीदा स्टार

पैन-इंडिया सुपरस्टार प्रभास ने एक बार फिर अपनी लोकप्रियता का परचम लहराते हुए जून 2026 के लिए ऑरमैक्स मीडिया की 'स्टार्स इंडिया लव्स' रैंकिंग में देश के सबसे पसंदीदा मेल फिल्म स्टार का पहला स्थान हासिल किया है देशभर के दर्शकों की पसंद को दर्शाने वाली इस रैंकिंग में प्रभास ने भारतीय सिनेमा के कई बड़े सितारों को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विभिन्न भाषाओं और क्षेत्रों के दर्शकों के बीच उनकी व्यापक लोकप्रियता और मजबूत प्रशंसक आधार को रेखांकित करती है।

'बाहुबली' फ्रेंचाइजी से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले प्रभास ने 'सालार' और 'कल्कि 2898 एडी' जैसी फिल्मों के जरिए लगातार अपनी स्टार पावर साबित की है। उनकी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस, विविध किरदारों को निभाने की क्षमता और पूरे देश के दर्शकों को जोड़ने वाली अपील ने उन्हें भारतीय सिनेमा का एक बड़ा पैन-इंडिया सितारा बना दिया है।

यह सम्मान ऐसे समय में मिला है जब प्रभास के लिए वर्ष 2026 बेहद सफल रहा है। उनकी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को हाल ही में राष्ट्रीय पुरस्कारों में सम्मान मिला है। वहीं उनकी आगामी फिल्मों 'फौजी', 'स्पिरिट', 'सालार 2' और 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

फिल्म विशेषज्ञों का मानना है कि प्रभास की लगातार बढ़ती लोकप्रियता और बड़े बजट की फिल्मों में उनकी मौजूदगी उन्हें भारतीय सिनेमा के सबसे प्रभावशाली सितारों में बनाए हुए है। ऑरमैक्स की ताजा रैंकिंग भी इस बात की पुष्टि करती है कि प्रभास वर्तमान समय के सबसे पसंदीदा और चर्चित फिल्म सितारों में शामिल हैं।



# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में किया तहसील कार्यालय का घेराव

## पानी में भीगते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

पानी मे भीगते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ता ने तहसील कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर सड़क पर डटे रहे । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार की रात जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय के समक्ष एकत्र होकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध जताया। रात करीब 9 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में शहीद भगत सिंह फ़ोटो एवं तख्तियां लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने तानाशाही नहीं चलेगी ,लोकतंत्र की हत्या बंद करो ,राहुल गांधी जिंदाबाद व जब जब छात्र बोला सिंहासन डोला है , वोट चोरी ,चंदा चोरी के नारे भी लगाए । जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि दिल्ली में छात्र आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा था। छात्र अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी लोकतांत्रिक तरीके से छात्रों का समर्थन करने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने बर्बरतापूर्वक उन्हें हिरासत में ले लिया। यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

आवाज दबाने के लिए सरकार विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार कर रही है। कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। हम सड़क से लेकर सदन तक इसका विरोध करेंगे। कांग्रेस नेता मनीष राय ने कहा कि दिल्ली में सी जे पी के द्वारा पेपर लीक होने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफा की मांग की जा रही हें छात्रों के हितो के लिए सोनम वांगचुक भूख हड़ताल बैठे हुए है हमारे नेता राहुल गांधी उनके समर्थन में जंतर-मंतर पे गए हुए थे और उनको जिस तरीके से पुलिस ने बर्बरता पूर्वक गिरफ्तार किया है उससे यह साबित होता है कि सरकार आलोचना बर्दाश्त नहीं कर सकती। केंद्र सरकार छात्र विरोधी नीतियां लागू कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी और शिक्षा के मुद्दे पर जब छात्र सड़कों पर उतरे तो उनकी बात सुनने के बजाय दमन किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष नपा जिनेश जैन ने कहा की राहुल गांधी हमेशा आमजन और छात्रों की आवाज बने हैं।

संविधान हमें शांतिपूर्ण प्रदर्शन और अभिव्यक्ति की आजादी देता है। राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन किया द्य जैन ने आगे कहा की विपक्ष के नेताओं को इस तरह गिरफ्तार करना अलोकतांत्रिक है। राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन किया । छात्रों, किसानों व आमजनों के अधिकारो व उनके सम्मान के लिए कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ी हें द्य कांग्रेस नेता रविशेखर जायसवाल ने कहा कि छात्र सड़को पर पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठा रहे थे राहुल गांधी उनके साथ खड़े हुए तो उनको गिरफ्तार कर लिया गया ।

कांग्रेस अन्याय को सहन नही करेगी। दमनकारी नीति का पुरजोर विरोध किया जाएगा । पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत तपा ने कहा हमारे नेता राहुल गांधी छात्रों के सम्मान में उनके संघर्ष में जब उनके साथ खड़े हुए तो केंद्र सरकार के इशारे पर पुलिस ने बलपूर्वक गिरफ्तार कर लिया यह घोर निंदनीय है कांग्रेस शांत नही बैठेगी । ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश सैनी ने संचालन व आभार प्रदर्शन राजीव दुबे ने किया । कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की तत्काल रिहाई और छात्र आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की । विरोध प्रदर्शन करने वालो में कांगेस नेता एच व्ही रफीक, रविशेखर जायसवाल, बसंत तपा, प्रकाश चौरसिया, उमा गुप्ता, विनोद ठाकुर, मुकेश गुप्ता, छोटे राजा कौरव, स्वामी राजेश नीरस,अवधेश रुसिया, अजेंद्र राठौर, अशोक मंगलानी,वीरू व्यास, मुकेश सोनी धर्मेंद्र भार्गव ,प्रभात कुशवाहा, छुट्टन पटैल,शरद साहू, सुखदेव शर्मा, , संजय कौरव मनीष कौरव सुनील दुबे, पवन चौधरी, संगीता जायसवाल, राजुल शेखर जायसवाल,उमा देवी , राजदीप दुबे, रियाज मोहम्मद, आयुष जैन, राहुल राय, सौरभ जैन धुर्व राडवे सहित ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। पुलिस प्रशासन भी मौके पर मुस्तैद रहा।

# नि :शुल्क शिविर का आयोजन किया गया

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम-आरबीएसके के अंतर्गत जन्मजात टेड़े-मेड़े पैरों (क्लबफुट) के उपचार एवं परामर्श के लिए एक विशेष नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों को विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया गया। शिविर में कुल 35 बच्चों की स्क्रीनिंग कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई।

चिकित्सकों द्वारा बच्चों की स्थिति के अनुसार तत्काल उपचार प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसके तहत 6 बच्चों का प्रथम चरण में प्लास्टर किया गया, 2 बच्चों की टेनटॉमी (माइनर सर्जरी) की गई तथा 18 बच्चों को पैर की बनावट सुधारने के लिए विशेष प्रकार के क्लबफुट शूज (ब्रैसेस) नि:शुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान



जिला चिकित्सालय के डॉ. गुरुचरण चौरसिया, डॉ. हर्षित पालीवाल एवं डॉ. नवनीत जैन द्वारा बच्चों का गहन परीक्षण एवं उपचार किया गया।

इस अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. निखलेश साहू, डॉ. आरती शर्मा, डॉ. सरिता पटेल एवं डॉ. शिवानी सोनी के साथ डी.ई.आई.सी. मैनेजर राकेश लोधी तथा आरबीएसके अर्बन टीम के डॉ. अमित सोनी और डॉ. गौरिश सोनी भी उपस्थित रहे और अपनी सेवाएं प्रदान की। इस जनकल्याणकारी शिविर का सफल आयोजन अनुष्का फाउंडेशन (एसबीआई फाउंडेशन) के सहयोग से किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि क्लबफुट एक ऐसी जन्मजात स्थिति है, जिसका समय पर और सही उपचार कराने पर बच्चा पूर्णत: सामान्य रूप से चल-फिर सकता है।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि बच्चों के पैरों में किसी भी प्रकार का टेढ़ापन दिखाई दे, तो वे तुरंत जिला अस्पताल के डीईआईसी सेंटर में संपर्क कर उपचार कराएं।

# आंदोलनकारी छात्र-छात्राओं के समर्थन में नगर की छात्र और छात्राओं ने प्रदर्शन किया




**नरसिंहपुर ।** नरसिंहपुर सुभाष पार्क के पास छात्र-छात्राएं दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे आंदोलनकारी छात्र-छात्राओं के समर्थन में नगर की छात्र ओर छात्राओं ने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। यहां पर धरना देकर दिल्ली में हुए लाठी चार्ज की निंदा करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग की। साथ ही सुभाष पार्क से लेकर मुशरन पार्क तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पेपर लीक मामले में सरकार की नीतियों को दोषी बताया गया और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग की गई। छात्र-छात्राओं ने कहा कि दिल्ली में छात्र-छात्राओं के साथ बदसलूकी की, अभद्रता और बेरहमी से पिटाई की गई है वह निंदनीय है।

इस विरोध प्रदर्शन से जुड़े आर्यन पाली, अंश नेमा ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्रा बड़ी संख्या में शामिल रहे। इन छात्रों ने कहा कि सोनम वांगचुक हम सबके लिए संघर्ष कर रहे हैं । वे हमारे लिए प्रेरणादायक है। उक्त प्रदर्शन में प्रतीक्षा पटेल, आदित्य पाली संजय राजपूत, रणवीर पचौरी, देव वासवानी , प्रज्वल मेहरा, फरहान कुरैशी, शुभा नेमा, निकी ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्र शामिल हुए।

# नेमा समाज के युवा पर प्राणघातक हमले पर पुलिस के रवैये पर उठे सवाल

## नहीं हुई ठोस कार्यवाही तो करेंगे उग्र आंदोलन

**नरसिंहपुर।** जिले के करेली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेमा समाज के एक युवक पर हुए जानलेवा हमले, लूटपाट और पुलिस द्वारा इस मामले में ढिलाई बरते जाने का गंभीर मामला सामने आया है।पीड़ित युवक की माता बबीता नेमा के नेतृत्व में समाज के तमाम पदाधिकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक (स्क्) के नाम पुलिस कार्यालय मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से करेली पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच, नामजद आरोपियों व उनके अन्य साथियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी व वांछित धाराओं में एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग की गई है। यह है पूरा घटनाक्रमसौंपे गए ज्ञापन के मुताबिक, घटना 12 जुलाई 2026 की रात्रि करीब 01ः50 बजे की है। पीड़ित युवा शिवेंद्र नेमा अपने कुछ साथियों के साथ डीएम पैलेस से एक विवाह समारोह से वापस लौट रहा था । इसी दौरान होटल पी.एस. के पास ईशु यादव, अनुराग यादव, गौरव शर्मा, आदित्य सेन एवं अन्य 3-4 अज्ञात असामाजिक तत्वों ने उनका रास्ता रोककर शिवेंद्र पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने शिवेंद्र को गंभीर चोटें पहुँचाईं, इस दौरान उसके मित्र गौरव वासवानी की सोने की चेन तथा शिवेंद्र के कान की सोने की बाली भी लूट ली गई और जाते-जाते आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद भी नहीं हो रही ठोस कार्यवाही,,,

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इस घटना के संबंध में थाना करेली में संपूर्ण तथ्यों, मेडिकल रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज के पुख्ता साक्ष्यों के साथ शिकायत दर्ज कराई गई थी। परंतु, करेली पुलिस द्वारा लगातार हीलाहवाली करते हुये मामले की लीपापोती की जा रही है। न तो आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास और लूट जैसी गंभीर धाराओं में उचित एफ.आई.आर. दर्ज की गई और न ही उनकी गिरफ्तारी के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए। पुलिस की इस ढूलमूल कार्यप्रणाली के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पीड़ित परिवार तथा समाज में भय का माहौल है।

**ज्ञापन की प्रमुख मांगें,,**

नेमा समाज के सचिव विनीत नेमा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि ?ज्ञापन के माध्यम से संपूर्ण नेमा समाज की ओर से प्रमुख माँगे रखी गई हैं,,थाना करेली पुलिस की संदिग्ध कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जाँच कराई जाए और मामले की विवेचना किसी अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को सौंपी जाए।

सख्त धाराओं मे हो कार्यवाही ःदिए गए आवेदन और साक्ष्यों के आधार पर सभी नामजद एवं अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास, लूट और आपराधिक षड्यंत्र की सख्त धाराओं में तत्काल मामला दर्ज किया जाए। गिरफ्तारी और बरामदगीःसभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए तथा लूटे गए आभूषण (सोने की चेन व बाली) बरामद किए जाएँ। आरोपियों द्वारा लगातार मिल रही धमकियों को देखते हुए पीड़ित शिवेंद्र नेमा एवं उसके पूरे परिवार को तत्काल पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए।

**नहीं हुई ठोस कार्यवाही, तो होगा उग्र आंदोलन,,,**ज्ञापन के अंत में चेतावनी दी गई है कि यदि आगामी 3 दिनों के भीतर पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले में कठोर एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जाती है, तो संपूर्ण नेमा समाज सड़क पर उतरकर उग्र धरना लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस एवं जिला प्रशासन की होगी।

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** पानी मे भीगते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ता ने तहसील कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर सड़क पर डटे रहे । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार की रात जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय के समक्ष एकत्र होकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध जताया। रात करीब 9 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में शहीद भगत सिंह फ़ोटो एवं तख्तियां लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने तानाशाही नहीं चलेगी ,लोकतंत्र की हत्या बंद करो ,राहुल गांधी जिंदाबाद व जब जब छात्र बोला सिंहासन डोला है , वोट चोरी ,चंदा चोरी के नारे भी लगाए । जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि दिल्ली में छात्र आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा था। छात्र अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे थे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी लोकतांत्रिक तरीके से छात्रों का समर्थन करने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने बर्बरतापूर्वक उन्हें हिरासत में ले लिया। यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है। आवाज दबाने के लिए सरकार विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार कर रही है। कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। हम सड़क से लेकर सदन तक इसका विरोध करेंगे। कांग्रेस नेता मनीष राय ने कहा कि दिल्ली में सी जे पी के द्वारा पेपर लीक होने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफा की मांग की जा रही हें छात्रों के हितो के लिए सोनम



वांगचुक भूख हड़ताल बैठे हुए है हमारे नेता राहुल गांधी उनके समर्थन में जंतर-मंतर पे गए हुए थे और उनको जिस तरीके से पुलिस ने बर्बरता पूर्वक गिरफ्तार किया है उससे यह साबित होता है कि सरकार आलोचना बर्दाश्त नहीं कर सकती।

केंद्र सरकार छात्र विरोधी नीतियां लागू कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी और शिक्षा के मुद्दे पर जब छात्र सड़कों पर उतरे तो उनकी बात सुनने के बजाय दमन किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष नपा जिनेश जैन ने कहा की राहुल गांधी हमेशा आमजन और छात्रों की आवाज बने हैं। संविधान हमें शांतिपूर्ण प्रदर्शन और अभिव्यक्ति की आजादी देता है। राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन किया द्य जैन ने आगे कहा की विपक्ष के नेताओं को इस तरह गिरफ्तार करना अलोकतांत्रिक है। राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन किया । छात्रों, किसानों व आमजनों के अधिकारो व उनके सम्मान के लिए कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ी हें द्य कांग्रेस नेता रविशेखर जायसवाल ने कहा कि छात्र सड़को पर पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठा रहे थे राहुल गांधी उनके साथ खड़े हुए तो उनको गिरफ्तार कर लिया गया । कांग्रेस अन्याय को सहन नही करेगी। दमनकारी नीति का पुरजोर विरोध किया जाएगा । पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत तपा ने कहा हमारे नेता राहुल गांधी छात्रों के सम्मान में उनके संघर्ष में जब उनके साथ खड़े हुए तो केंद्र सरकार के इशारे पर पुलिस ने बलपूर्वक गिरफ्तार कर लिया यह घोर निंदनीय है कांग्रेस शांत नही बैठेगी । ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश सैनी ने संचालन व आभार प्रदर्शन राजीव दुबे ने किया । कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की तत्काल रिहाई और छात्र आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की । विरोध प्रदर्शन करने वालो में कांगेस नेता एच व्ही रफीक, रविशेखर जायसवाल, बसंत तपा, प्रकाश चौरसिया, उमा गुप्ता, विनोद ठाकुर, मुकेश गुप्ता, छोटे राजा कौरव, स्वामी राजेश नीरस,अवधेश रुसिया, अजेंद्र राठौर, अशोक मंगलानी,वीरू व्यास, मुकेश सोनी धर्मेंद्र भार्गव ,प्रभात कुशवाहा, छुट्टन पटैल,शरद साहू, सुखदेव शर्मा, , संजय कौरव मनीष कौरव सुनील दुबे, पवन चौधरी, संगीता जायसवाल, राजुल शेखर जायसवाल,उमा देवी , राजदीप दुबे, रियाज मोहम्मद, आयुष जैन, राहुल राय, सौरभ जैन धुर्व राडवे सहित ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। पुलिस प्रशासन भी मौके पर मुस्तैद रहा।

## विश्व बाघ दिवस पर छात्रों में जागा वन्यजीव संरक्षण का जज़्बा

**नरसिंहपुर।** विश्व बाघ दिवस 2026 के उपलक्ष्य में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर द्वारा पीएम श्री एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में वन्यजीव संरक्षण विषय पर शर्ट चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में नरसिंहपुर विकासखंड के 10 विद्यालयों के कुल 156 छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वन विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों को सफेद शर्ट प्रदान की गई, जिन पर विद्यार्थियों ने बाघ सहित विभिन्न वन्य प्राणियों के आकर्षक चित्र उकेरे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्यजीवों के प्रति प्रेम, संरक्षण और समर्पण की भावना विकसित करना रहा।

# नुक्कड़ नाटक व कठपुतली के माध्यम से गाडरवारा में दिया गया नशामुक्ति का संदेश

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा गाडरवारा शहर में नशामुक्ति को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कन्याशाला विद्यालय, पुत्रीशाला विद्यालय, बीटीआई विद्यालय एवं रेलवे स्टेशन गाडरवारा में नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया तथा नशा छोड़ने का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रमों में विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं आमजन ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभाग द्वारा ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर 17 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

## 32 अधिकारियों पर जुर्माना अधिरोपण की कार्रवाई

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन 181 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध में शासन स्तर से जारी मासिक जिला रैंकिंग में जून 2026 के लिए नरसिंहपुर जिले को 78.51 अंक प्राप्त हुए हैं। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देश पर जिले में निम्न प्रदर्शन करने वाले सी एवं डी श्रेणी के 17 अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की 67 अनिराकृत शिकायतों के संबंध में जवाबदेही तय करते हुए 32 अधिकारियों को नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध जुर्माना अधिरोपण की कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके तथा जिले की रैंकिंग में भी अपेक्षित सुधार हो।

## किसान 31 जुलाई तक कराएं अपनी फसल का बीमा

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026-27 की अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई 2026 की अंतिम तिथि से पहले अनिवार्य रूप से कराएं। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान के विरुद्ध मजबूत आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना के तहत जिले में धान (असिंचित एवं सिंचित), मक्का, सोयाबीन, तुअर और उड़द फसलों को शामिल किया गया है। किसानों को बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम अदा करना होगा, जबकि शेष प्रीमियम शासन द्वारा वहन किया जाता है। किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा जैसे अतिवृष्टि, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि या अन्य अधिसूचित जोखिमों से फसल को नुकसान होने पर किसानों को योजना के प्रावधानों के अनुसार बीमा दावा प्राप्त होगा।

# एनसीएल ने ओबरी से कसैया वाया कन्हैया दह सड़क निर्माण हेतु मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के साथ किया एमओयू

सिंगरौली।

बुधवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने सीएसआर के तहत सड़क निर्माण हेतु मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए), सिंगरौली के साथ एमओयू किया। जिला कलेक्टर, सिंगरौली, गौरव बैनल की गरिमामयी उपस्थिति में इस आशय के एमओयू पर एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर), राजीव रंजन और मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए), सिंगरौली की ओर से महाप्रबंधक, गणेश प्रसाद मिश्रा ने हस्ताक्षर किए द्य हर मौसम के लिए अनुकूल बनने वाली 8 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण की अनुमानित लागत 11.7 करोड़ है। उल्लेखनीय है कि माननीय सांसद सीधी और



माननीय विधायक देवसर ने उपरोक्त सड़क के निर्माण हेतु पूर्व में अनुसंशा किया था।उक्त एमओयू के तहत एनसीएल द्वारा ओबरी से कसैया वाया कन्हैया दह तक 8 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क और क्रास ड्रेनेज (पुल-पुलिया) के निर्माण कार्य हेतु 11.71 करोड़ रुपये का वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। इस सड़क निर्माण से आस-पास के गांवों की देवसर ब्लॉक से सीधी और सुगम कनेक्टिविटी के साथ हर मौसम में निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही, बेहतर सड़क अवसंरचना से स्थानीय व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा किसानों के लिए कृषि उत्पादों को मंडियों तक पहुँचाना अधिक आसान और सुगम हो पायेगा।

# जब सड़क किनारे लगी कलेक्टर की पाठशाला

## बच्चों से एबीसीडी व पहाड़ा सुनकर बढ़ाया हौसला, दिया पेन-कॉपी का उपहार

कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रशासनिक दायित्वों के बीच भी बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रेरक उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब कलेक्टर आशीष तिवारी स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम निमास स्थित मार्बल खदान का निरीक्षण कर बुधवार को वापस लौटते समय छोटे कछारगांव में स्कूल की छुटटी के बाद घर जाते दिखे छात्रों के पास कलेक्टर ने अपने वाहन रूकवाया और छात्र-छात्राओं से पढाई लिखाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। कुछ ही देर में यह मुलाकात स्कूलीं छात्रों के लिए यादगार अनुभव बन गई और आसपास मौजूद ग्रामीण भी इस दृश्य को देखकर प्रभावित हुए।



### निमास और कछार के विद्यार्थियों से की चर्चा

संवाद के दौरान बच्चों ने बताया कि वे निमास माध्यमिक शाला तथा कछार गांव की प्राथमिक शाला के विद्यार्थी हैं। कलेक्टर ने उनसे पढ़ाई, विद्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने सातवीं की छात्रा महिमा ठाकुर से दो और चार का पहाडा सुना और महिमा को कॉपी और पेन उपहार में दिया। इसी प्रकार कक्षा 2 के छात्र प्रिंस ठाकुर द्वारा पूरी एबीसीडी सुनाने पर खुश होकर कलेक्टर ने प्रिंस को पेन का उपहार दिया कलेक्टर इन्हीं मे से सातवीं की छात्रा रागिनी ठाकुर से साथ स्कूल जाने वाले उसके भाई शिवराज का नाम स्कूल में लिखवाने कलेक्टर ने छात्रा को प्रेरित किया। बातचीत के दौरान शा.मा. शाला निमास की छात्रा महिमा ठाकुर से कलेक्टर ने गणित के कुछ सवाल पूछे। छात्रा ने बिना किसी झिझक के सभी प्रश्नों के उत्तर आत्मविश्वास और निडरता के साथ दिए। कलेक्टर ने छात्रा की सराहना करते हुए अन्य बच्चों को भी इसी तरह मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

### नन्हें शिवराज की मासूमियत ने बिखेरी मुस्कान

बातचीत के दौरान कलेक्टर ने नन्हें शिवराज से भी कुछ सहज प्रश्न पूछें जिसका उसने मजाकिया अंदाज में उत्तर दिया जिस पर कलेक्टर व वहाँ उपस्थित अधिकारियों ने खूब आनंद लिया। कलेक्टर ने शिवराज की बहन को बताया कि स्कूल जाने पर शिवराज को निःशुल्क ड्रेस, पाठ्यपुस्तकें, मध्यान्ह भोजन सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा, जिससे उसकी शिक्षा और भविष्य दोनों मजबूत होंगे। इस दौरान प्रशिक्षु आईएस श्लोक वाईकर, एसडीएम बहोरीबंद प्रदीप मिश्रा, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित और महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह भी मौजूद रहे।

# नसरवन बाड़े में बने अवैध निर्माण पर चला बुल्डोजर

## नगर निगम ने की बड़ी कार्रवाई, राजनीतिक दबाव भी नहीं आया काम

कटनी (स्वतंत्रमत)



गजानन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास नसरवन बाड़ा में नगर निगम की बिना अनुमति के हुए अवैध निर्माण को नगर निगम प्रशासन ने बुलडोजर से ढहा दिया। नगर निगम प्रशासन ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। अचानक हुए इस एक्शन से अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कम्प मच गया। जानकारी के मुताबिक गुरुनानक वार्ड स्थित गजानन कॉम्प्लेक्स के पास स्थित नसरवन बाड़ा में अवैध निर्माण ढहाने के लिए सुबह से निगम प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ था। कमिश्नर तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम अमला पुलिस बल की मौजूदगी में दो जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंचा और अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। पता चला है कि कार्रवाई रुकवाने के लिए पर्दे के पीछे से आधा दर्जन पार्षदों, एक एमआईसी मेंबर और बड़े नेताओं द्वारा दबाव भी बनाया जाता रहा लेकिन निगम प्रशासन ने समय से पहले ही धावा बोल दिया। बताया जाता है कि नगर निगम द्वारा पूर्व में जारी नोटिस के आधार पर गोवर्धन संगतानी, राजेश चंदनानी, गुड्डू गुप्ता, नीरज गुप्ता, विजय भाटीजा, ज्योति भाटीजा, प्रकाश भाटीजा बॉम्बे बूट हाउस द्वारा कराए गए बिना अनुमति के अवैध निर्माणों को हटाया गया है।

### बिना नक्शा पास कराए पक्का निर्माण

उल्लेखनीय है कि 20 हजार 400 वर्गफुट की इस विवादित जमीन पर वर्ष 2012 से बिना नक्शा पास कराए अवैध दुकानें व पक्के निर्माण खड़े किए जा रहे थे। इस कार्रवाई को रुकवाने के लिए शहर के जनप्रतिनिधि और नेता एड़ी चोटी का जोर लगा रहे थे लेकिन नगर निगम के इस अचानक और सख्त रुख ने साफ कर दिया है कि अवैध निर्माणों के खिलाफ कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। इस अवसर पर अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय उपयंत्री रवि हनोते, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# लभेर नदी में दिखे तीन विशालकाय मगरमच्छ

## ढीमरखेड़ा क्षेत्र में दहशतय वन विभाग ने जारी की चेतावनी



कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले की ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम कंजिया से होकर गुजरने वाली लभेर नदी में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक साथ तीन विशालकाय मगरमच्छों को पानी में तैरते देखा। एक साथ तीन बड़े मगरमच्छ नजर आने से गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया है। गांव के बुजुर्गों के अनुसार, लभेर नदी को हमेशा से स्थानीय जल स्रोतों, खेती-किसानी और मवेशियों के लिए सुरक्षित माना जाता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले कभी इस नदी में मगरमच्छ नहीं देखे गए थे। हालांकि, पिछले दो-तीन वर्षों से कभी-कभार मगरमच्छ दिखाई देने लगे हैं, लेकिन एक साथ तीन बड़े मगरमच्छों की मौजूदगी ने ग्रामीणों, पशुपालकों और बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विकास निगम के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही वन अमला सतर्क हो गया है और लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वन विकास निगम (कुंडम परियोजना) के रेंजर जुहैद हुसैन ने बताया। लभेर नदी में तीन मगरमच्छ देखे जाने की सूचना मिली है। मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। मगरमच्छों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने और दूसरे सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए जल्द ही रेस्क्यू टीम बुलाई जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गांव में मुनादी करवाई जा रही है, ताकि ग्रामीण नदी किनारे जाने से बचें और सतर्क रहें। वन विभाग ने ग्रामीणों की सुरक्षा के मद्देनजर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं:- नदी तट से दूरी: जब तक रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा नहीं हो जाता, तब तक ग्रामीण नदी तट की ओर न जाएं। मवेशियों की सुरक्षा: मवेशियों को नदी में पानी पिलाने या नहलाने ले जाने से बचें। बच्चों पर निगरानी: छोटे बच्चों को नदी के आसपास किसी भी स्थिति में न जाने दें। आपातकालीन सूचना: किसी भी आपात स्थिति या मगरमच्छ की हलचल दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

# कटनी स्टोन को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में आगे बढ़ा जिला प्रशासन

## कलेक्टर आशीष तिवारी ने लमतरा औद्योगिक क्षेत्र और निमास मार्बल खदान का किया निरीक्षण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले के खनिज आधारित उद्योगों को नई पहचान दिलाने और स्थानीय स्तर पर निवेश एवं रोजगार के अवसरों का विस्तार करने की दिशा में कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को लमतरा औद्योगिक क्षेत्र एवं स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम निमास स्थित मार्बल खदान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्योगों की उत्पादन क्षमता, आधुनिक तकनीक, विपणन व्यवस्था और उद्यमियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों की विस्तार से जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में कलेक्टर ने एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) के अंतर्गत कटनी सैंड स्टोन से तैयार की जा रही कलात्मक मूर्तियों, आकर्षक नक्काशी और उत्कृष्ट शिल्पकृतियों का अवलोकन किया। उन्होंने आधुनिक गैंग सॉ, सीएनसी



ऑटोमैटिक कार्विंग एवं स्टैच्यू कार्विंग मशीनों की कार्यप्रणाली देखी और युवा उद्योगपति अमन खरे से उत्पादन प्रक्रिया एवं बाजार की संभावनाओं पर चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि कटनी स्टोन केवल एक खनिज नहीं, बल्कि जिले की विशिष्ट पहचान और विरासत है। इसकी गुणवत्ता और कलात्मक उपयोग को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर कटनी स्टोन से वॉल क्लैडिंग कराने की संभावना पर भी चर्चा की, ताकि स्थानीय उत्पादों को सरकारी परिसरों में भी प्रोत्साहन मिल सके। निरीक्षण के दौरान उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि जिले में वर्तमान में कटनी स्टोन की चार सक्रिय खदानें संचालित हैं। युवा उद्योगपति अमन खरे ने जानकारी दी कि उनकी इकाई को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 20 फीट ऊंची



आदियोगी भगवान शिव की प्रतिमा निर्माण, राजस्थान के उदयपुर में स्लैब एवं टाइल्स निर्माण तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से भी महत्वपूर्ण कार्य प्राप्त हुए हैं। इससे कटनी स्टोन की गुणवत्ता और बढ़ती राष्ट्रीय मांग का पता चलता है। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम निमास स्थित मेसर्स बीडीएच इको एनर्जी इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई द्वारा संचालित मार्बल खदान एवं सोलर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने खदान संचालक प्रभाष कुमार राजगढ़िया से उत्पादन लागत, विपणन, गुणवत्ता और खनन से जुड़े व्यावसायिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि निमास क्षेत्र का मार्बल अपनी मजबूती, टिकाऊपन और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण उदयपुर एवं चित्तौड़गढ़ सहित देश के विभिन्न बाजारों में विशेष मांग रखता है।

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का धरना

कटनी (स्वतंत्रमत)

दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह के आव्हान पर कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन सेवादल सहित विभिन्न मोर्चा संगठनों सहित ब्लाक कांग्रेस जनो द्वारा कलेक्ट्रेट गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता जोरदार नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी की रिहाई की मांग कर रहे थे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री आवास तक इसलिए पहुंचे थे ताकि हाल के घटनाक्रम और प्रदर्शनकारियों पर हुई कार्रवाई के संबंध में प्रधानमंत्री से जवाब मांग सकें। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें और अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया, जिसके विरोध में देशभर में कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का स्तीफा और जंतरमंतर में बेगुनाह छात्रों पर पुलिस की बर्बर कार्यवाही के विरोध में संसद में चर्चा कराना चाहती है। इन्ही मुद्दों को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे सहित प्रियंका गांधी व कांग्रेस सांसदों ने पीएम



आवास पर धरना दिया जिसके उपरांत सरकार के इशारे पर राहुल गांधी सहित कांग्रेस सांसदों को घसीट कर जेल भेजा गया। इसी के विरोध में कांग्रेस जनो ने जोरदार प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर कार्यकर्ता रघुपति राघव राजा राम भजन गाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना कर रहे हैं। धरने में कांग्रेस नेता राकेश द्विवेदी गुड्डू, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अजय खटीक, ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, राजेश जाटव, राजा जगवानी, प्रशान्त जायसवाल, कमल पांडे, अभिषेक प्यासी, शासक गुप्ता, अहमद सिद्दीकी, सुनील श्रीवास, सूर्यकांत कुशवाहा, अजय जेसवानी, हरीश यादव, नारायण निषाद, रानू, रवि मंगलानी, गोलू गुप्ता, रविन्द्र प्रताप, बृजेश मौर्य, मंगल सिंह, कपिल विश्वकर्मा, राहुल सिंह, यूसूफ खान, अभय खरे, मंगल गोटियां, कल्लू बैरागी, श्याम यादव, संजय खरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क से 20 फीट नीचे गिरी तेज रफ्तार बस

कटनी (स्वतंत्रमत)

बनारस से इंदौर जा रही भैया ट्रेवल्स की तेज रफ्तार यात्री बस बुधवार की सुबह करीब 4 बजे नेशनल हाईवे क्रमांक 30 पर पीरबाबा-चाका बायपास मार्ग पर ग्राम द्वारा के पास अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 20 फीट नीचे जाकर पलट गई। हादसे के समय अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे। बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। हादसे में ड्राइवर सहित कई यात्री घायल हुए। लोगों की चीख पुकार सुनकर लोग वहां पहुंचे। स्थानीय लोगों और कुठला पुलिस की मदद से घायल यात्रियों को तत्काल बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। राहत की बात यह रही कि इस भीषण दुर्घटना में जनहानि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कुठला पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। बाद



में हाइड्रा क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त बस को खाई से बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे के वास्तविक कारणों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। इस भीषण दुर्घटना के बावजूद सभी यात्रियों का सुरक्षित बच जाना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# एनकेजे पुलिस ने की वाहन चेकिंग

## ब्रीथ एनालाइजर से जांच, किया पैदल मार्च



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध एनकेजे पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में मंगलवार की शाम एनकेजे पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रेमनगर, रोशननगर, खेल मैदान और दुर्गा चौक पर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रूपेंद्र राजपूत के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान करीब आधा सैकड़ा वाहन चालकों को रोककर ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गई। थाना प्रभारी राजपूत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार की शाम वाहन चैकिंग अभियान संचालित किया गया। इसी कड़ी में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए क्षेत्र में पैदल मार्च बीबी किया गया। वाहन चालकों से भी अपील की गई है कि वे वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करें।

# रक्षाबंधन एवं सावन पर्व पर कटनी प्रधान डाकघर की विशेष पहल

## स्पेशल राखी काउंटर एवं गंगोत्री का पवित्र गंगाजल उपलब्ध

कटनी (स्वतंत्रमत)

भाई-बहन के अटूट प्रेम के पर्व रक्षाबंधन एवं पवित्र सावन माह के अवसर पर कटनी प्रधान डाकघर, जबलपुर संभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए विशेष सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर देश एवं विदेश में रहने वाले भाई.बहनों तक राखी समय पर एवं सुरक्षित पहुँचाने के लिए प्रधान डाकघर में स्पेशल राखी काउंटर स्थापित किया जाएगा। यहाँ ग्राहकों को राखी की बुकिंग, पैकिंग एवं डाक संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। विदेशों में रहने वाले अपने परिजनों को राखी भेजने के इच्छुक ग्राहकों के लिए निःशुल्क पिकअप सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए



व्हाट्सएप्प नंबर 7587598077 पर अपना नाम, पता मैसेज करना है । इसके अंतर्गत निर्धारित शर्तों के अनुसार डाक विभाग द्वारा ग्राहक के घर अथवा कार्यालय से ही राखी एवं पार्सल का संग्रहण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कम लागत एवं ट्रैकिंग सुविधा के साथ इंटरनेशनल ट्रैक्ड पैकेट सर्विस के माध्यम से अनेक देशों में राखी भेजने की सुविधा भी उपलब्ध है। आईटीपीएस सेवा ट्रैकिंग के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पार्सल भेजने का एक किफायती विकल्प है। सावन माह में श्रद्धालुओं के लिए कटनी प्रधान डाकघर में गंगोत्री धाम का पवित्र गंगाजल भी




उपलब्ध है। भक्तजन डाकघर से गंगाजल प्राप्त कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सकते हैं। कटनी प्रधान डाकघर ने नागरिकों से अपील की है कि रक्षाबंधन के दौरान अंतिम समय की भीड़ से बचने एवं समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए अपनी राखी एवं उपहार शीघ्र बुक कराएं तथा डाक विभाग की विश्वसनीय सेवाओं का लाभ उठाएं। रिश्तों की डोर हो या आस्था का विश्वास, भारतीय डाक है आपके हर पर्व के साथ। इस रक्षाबंधन और सावन में अपनाइ, भारतीय डाक की सुरक्षित, विश्वसनीय एवं सुविधाजनक सेवाएं।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी पहली जीत के इरादे से उतरेंगे अय्यर

हरारे

भारत अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में अपनी गिरती हुई परफॉर्मेंस को सुधारने और कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में गुरुवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की सीरीज में एक नई शुरुआत करने का प्रयास करेगा। सबकी नज़रें अय्यर पर होंगी, जो भारत के टी-20 कप्तान के तौर पर अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। हालांकि यह दाएं हाथ का बल्लेबाज़ बैटिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन युवा टीम को संभालने और भारत की किस्मत बदलने की उनकी काबिलियत पर कड़ी नज़र रखी जाएगी, क्योंकि टीम अगले टी-20 वर्ल्ड कप साइकल के लिए तैयारी शुरू कर रही है। यह सीरीज़ मौजूदा टी-20 वर्ल्ड चैंपियन के लिए एक अहम मोड़ है, जो आयरलैंड और इंग्लैंड से लगातार सीरीज़ हारने के बाद पिछले सात टी-20 मैचों में कोई जीत हासिल नहीं कर पाए हैं। इस अप्रत्याशित गिरावट ने भारत के आक्रामक बैटिंग स्टाइल और लीडरशिप में बदलाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे जिम्बाब्वे का यह दौरा सिर्फ़ एक और द्विपक्षीय सीरीज़ से कहीं ज़्यादा अहम हो गया है। आयरलैंड सीरीज से पहले भारत के नए टी-20 कप्तान बनाए गए श्रेयस अय्यर के लिए कार्यकाल की शुरुआत मुश्किल रही है; टीम को आयरलैंड के हाथों 2-0 से हार का सामना करना पड़ा और फिर इंग्लैंड में 4-0 से क्लीन स्वीप झेलना पड़ा, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। भारत ने इस साल की शुरुआत में टी-20 विश्व कप जीता था, वह जिम्बाब्वे के खिलाफ इस प्रारूप में अपने




खराब दौर को खत्म करने के लिए उत्सुक होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और तेज गेंदबाज यश ठाकुर और अशोक शर्मा को पहली बार सीनियर टीम में बुलाया गया है। ऑलराउंडर हर्ष दुबे, जो दो वनडे मैच खेल चुके हैं, उन्हें भी पहली बार टी-20 टीम में है। टीम में काफी बदलाव किए गए हैं। मार्च में भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन को आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरों के दौरान चार मैचों में सिर्फ़ 33 रन बनाने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा को भी टीम में जगह नहीं मिली। इंग्लैंड के खिलाफ भारत के दूसरे टी-20 में सैमसन की जगह युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को मौका मिला था, हालांकि वे आखिरी मैच के लिए टीम में वापस आ गए थे। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने ज़िम्बाब्वे दौरे के लिए अपनी जगह बनाए रखी है; वे इंग्लैंड में भारत के सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बने थे। सीरीज में अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद, यह युवा खिलाड़ी बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहा। तीनों मैच हरारे में होने हैं, ऐसे में यह युवा खिलाड़ी भी खुद पर भरोसा रखेगा। इस साल की शुरुआत में, वैभव ने इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ़ अंडर-19 वर्ल्ड कप के फ़ाइनल में 80 गेंदों पर 175 रन बनाए थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज़ रिंकू सिंह की टीम में वापसी हुई है; वे आखिरी बार इस साल की शुरुआत में भारत के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले अभियान का हिस्सा थे। तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी टीम में वापसी हुई है, जो आखिरी बार 2024 के आखिर में भारतीय टीम के लिए खेले थे। वहीं, चोटिल वरुण चक्रवर्ती की जगह लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई को टीम में शामिल किया गया। वहीं जिम्बाब्वे की बात की जाये तो अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा टीम की कप्तानी करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में भारत का पलड़ा जिम्बाब्वे पर भारी रहा है। पुरुषों के टी-20 में दोनों टीमें 14 बार आमने-सामने हुई हैं, जिनमें से भारत ने 11 और ज़िम्बाब्वे ने 3 मैच जीते हैं। दोनों टीमें आखिरी बार टी-20 विश्व कप 2026 में भिड़ी थीं, जिसमें भारत ने 72 रनों से जीत हासिल की थी। जुलाई 2024 में भारत के जिम्बाब्वे दौरे पर भारत ने 4-1 से सीरीज जीती थी।

**दोनों देशों के पास बराबर का मौका होगा: सिकंदर रज़ा**- ज़िम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रज़ा का मानना है कि भारत के खिलाफ आने वाली तीन मैचों की टी 20 सीरीज़ में मुकाबला बराबरी का होगा, उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि मेहमान टीम को टी 20 वर्ल्ड कप चैंपियन होने के बावजूद ज़्यादा फेवरेट नहीं माना जाना चाहिए। सीरीज़ गुरुवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में शुरू होगी, और तीनों मैच एक ही जगह पर खेले जाएंगे। भारत व्हाइट-बॉल क्रिकेट में मुश्किल दौर के बाद इस सीरीज़ में उतर रहा है। नए टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर की लीडरशिप में, उन्हें आयरलैंड से 2-0 से सीरीज़ हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद इंग्लैंड ने उन्हें 4-0 से हरा दिया। भारत शुभमन गिल की लीडरशिप में इंग्लैंड के खिलाफ इसके बाद हुई वनडे सीरीज़ भी 2-1 से हार गया। भारत के हालिया संघर्षों के बावजूद, रज़ा ने कहा कि दोनों टीमें सीरीज़ की शुरुआत बराबरी से करेंगी। इस सीरीज़ में दोनों देशों के पास बराबर का मौका होगा। लेकिन एक बात मुझे पक्की है कि क्योंकि ज़िम्बाब्वे बहुत लगातार और बहुत एंटरटेनिंग क्रिकेट खेल रहा है, मैं पक्के तौर पर कह सकता हूँ कि यह सीरीज़ बहुत एंटरटेनिंग होगी।

# सिंधु और आयुष ने चाइना ओपन में जीत के साथ शुरुआत की

बीजिंग (वार्ता)




भारतीय बैडमिंटन स्टार आयुष शेट्टी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने चाइना ओपन में जीत के साथ शुरुआत की। आयुष शेट्टी ने चाइना ओपन सुपर 1000 के शुरुआती राउंड के मुकाबले में वापसी करते हुए अल्वी फरहान को 21-17, 5-21, 21-17 से हराया। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी थोड़ा पीछे रह गए, जहां उन्होंने केवल पांच अंक बनाए, लेकिन वापसी करते हुए इंडोनेशियाई पूर्व जूनियर वर्ल्ड चैंपियन के खिलाफ निर्णायक गेम जीत लिया। इसके बाद महिला एकल वर्ग में पीवी सिंधी ने हमवतन उन्नति हुड्डा के खिलाफ एक मुश्किल ऑल-इंडियन मुकाबले में जीत हासिल की। सिंधु, जो रविवार को जापान ओपन में खिताब जीतकर आ रही हैं, को हमवतन खिलाड़ी ने तीन गेम तक खींचा, जिसके बाद उन्होंने 56 मिनट में 21-14, 9-21, 21-10 से जीत हासिल की। पुरुषों के युगल मुकाबले में, हरिहरन अम्साकारुनन और एमआर अर्जुन चौथी सीड लियांग वेई कांग और वांग चांग से 21-16, 21-17 से हार गए। इससे पहले, मिश्रित युगल की जोड़ियाँ सीडेड चीनी खिलाड़ियों के खिलाफ पहले राउंड में ही बाहर हो गईं। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे टॉप सीड फेन यान झे और हुआंग डोंग पिंग से हार गए। ध्रुव कपिला और तनिशा क्रैस्टो पाँचवीं सीड गुओ शिन वा और चेन गैंग हुई से हार गए।

# शुभमन गिल वनडे में नंबर-1 बनने से एक अंक दूर



**दुबई।** टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल वनडे के नंबर-1 बल्लेबाज बनने से एक अंक दूर है। वे आईसीसी के वनडे बैटर्स की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। गिल के 801 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जबकि मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 डेरिल मिचेल के 802 अंक हैं। 19 जुलाई को लॉर्ड्स में 138 रनों की पारी खेलने वाले रोहित शर्मा ने विराट कोहली से रेटिंग पॉइंट्स का फासला कम कर लिया है। दोनों में 9 रेटिंग पॉइंट्स का अंतर है। रोहित चौथे और विराट तीसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। वनडे की बैटिंग रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट को चार स्थान का फायदा हुआ है। वे 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। रूट साल 2020 के बाद पहली बार उन्होंने वनडे रैंकिंग के टॉप-10 में जगह बनाई है। रूट ने भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में नाबाद रहे थे। उन्होंने 76, 99 और 74 रन की पारियां खेली थीं। लॉर्ड्स वनडे में 141 रन बनाने वाले बेन डकेट 11 स्थान की बढ़त के साथ संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के अक्षर पटेल, वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ और इंग्लैंड के सैम करन को 10-10 स्थान का फायदा हुआ है। अक्षर 32वें, जोसेफ 26वें और करन 70वें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर चौथे और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती संयुक्त नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# डेविड वॉर्नर ने शराब पीकर गाड़ी चलाने की बात स्वीकारी



**सिडनी (वार्ता)।** सिडनी थंडर के कप्तान डेविड वॉर्नर शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। वॉर्नर के वकील बॉबी हिल ने बताया कि उन्होंने ईस्टर संडे के दिन शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप को स्वीकार कर लिया है। वॉर्नर को बुधवार को वेवरली स्थानीय कोर्ट में पेश होने की जरूरत नहीं पड़ी। पांच अप्रैल को सिडनी में सड़क किनारे हुई शराब जांच में वॉर्नर का नमूना पॉजिटिव पाया गया था। पुलिस थाने में हुए दूसरे टेस्ट में पता चला कि उनके खून में शराब की मात्रा वैध सीमा से दोगुनी से भी अधिक थी। हिल ने पहले कहा था, उन्हें पता है कि उन्होंने जो किया वह गलत था। वह मानते हैं कि यह एक गैर-ज़िम्मेदाराना और बेवकूफ़ी भरा फ़ैसला था कि उन्होंने उबर लेने के बजाय अपनी कार चलाई। ईसा मसीह के पुनरुत्थान के दिन एक गिलास वाइन पीना कोई अपराध नहीं है। असल में, कुछ लोग तो इसे पूरी तरह से सही भी मानेंगे। उनका अपराध, जैसा कि मैंने कहा, प्लान बी के बजाय प्लान ए जैसा बेवकूफ़ी भरा फ़ैसला चुनना था। क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ली जर्मन ने वॉर्नर की गिरफ्तारी के बाद कहा था, ये आरोप निश्चित रूप से गंभीर हैं और हम इन्हें बेहद गंभीरता से लेते हैं। क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स में हम सुरक्षित ड्राइविंग के समर्थक हैं। हिल के अनुसार वॉर्नर को अपने किए पर पछतावा है और वह अदालत से नरमी की अपील करेंगे। उन्हें उम्मीद है कि उनके साथ किसी भी अन्य नागरिक की तरह ही व्यवहार किया जाएगा। उनकी सजा पर फ़ैसला 18 अगस्त को सुनाया जाएगा।

# वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को दो विकेट से हराया

ब्रिजटाउन (वार्ता)




शिमरॉन हेटमायर (नाबाद 69) और शरफेन रदरफोर्ड (61) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत वेस्टइंडीज ने पांचवें एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 15 गेंदें शेष रहते दो विकेट से शिकस्त दी। हेटमायर को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। जबकि पांच मैचों की सीरीज में 14 विकेट लेने वाले जेडन लेनॉक्स को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। न्यूजीलैंड ने यह सीरीज 3-2 से अपने नाम की। 269 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए अकीम अग्युस्ट और जस्टिन ग्रीव्स की जोड़ी ने तेजी के साथ रन बटोरते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़ कर टीम को अच्छी शुरुआत दी। छठे और सातवें ओवरों में वेस्टइंडीज ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये। अकीम अग्युस्ट (34) और जस्टिन ग्रीव्स (22) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान शाई होप और केसी कार्टी ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाज स्कोर 118 रन तक ले गये। 24वें ओवर में लेनॉक्स ने होप (39) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। 26वें ओवर में लेनॉक्स ने केसी कार्टी (20) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। ऐसे संकट के समय शिमरॉन हेटमायर और शेरफेन रदरफोर्ड की जोड़ी ने पारी को संभाला और टीम की जीत की ओर ले गये। शिमरॉन हेटमायर ने संयम बनाए रखा और 64 गेंदों पर नाबाद 69 रन बनाकर वेस्टइंडीज को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पांचवें और आखिरी वनडे में सांत्वना जीत दिलाई। उन्होंने और शेरफेन रदरफोर्ड (58 गेंदों पर 61 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 90 गेंदों पर 95 रन जोड़े। 41वें ओवर में यह साझेदारी तब टूटी जब माइकल ब्रेसवेल ने रदरफोर्ड को स्टंप आउट कर दिया, जिससे न्यूजीलैंड को मैच के आखिर में जीत की उम्मीद जगी। 44वें ओवर में, जेडन लेनोक्स ने मैच का अपना तीसरा विकेट लिया - गुडाकेश मोती को आउट करके - और सीरीज में अपने विकेटों की संख्या 14 तक पहुंचा दी। जैकब डफी ने 45वें ओवर में और मुश्किलें खड़ी कर दीं, जब उन्होंने मैथ्यू फोर्ड को बोल्ड किया और अल्जारी को पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट कर दिया। हेटमायर दूसरे छोर से यह सब देखते रहे, जबकि वेस्टइंडीज 248/8 के स्कोर पर मुश्किल स्थिति में फंस गया था। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और जेडन सील्स के साथ मिलकर लक्ष्य हासिल किया। इससे पहले दिन में, न्यूजीलैंड ने तीन खिलाड़ियों के अर्धशतक की बदौलत सीरीज का सबसे बड़ा स्कोर नौ विकेट पर 268 रन बनाया। पांचवें ओवर में फोर्ड द्वारा हेनरी निकोल्स के स्टंप्स उखाड़ने के बाद, विल यंग और निक केली ने दूसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी के दौरान, यंग ने 52 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जिसके बाद विटेल लॉज़ ने उन्हें बोल्ड कर दिया। शानदार गेंदबाजी करते हुए लॉज ने जल्द ही मार्क चैपमैन को भी आउट कर दिया, लेकिन फिर केली ने अपने कप्तान टॉम लैथम के साथ मिलकर एक और उपयोगी साझेदारी की।


# ओलंपिक चैंपियन नॉर्वे के नाविक ओलाफ टफ्टे का निधन



**ओस्लो (वार्ता)।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नॉर्वे के नाविक ओलाफ टफ्टे का 50 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 21वीं सदी की शुरुआत में नौकायन के सबसे बेहतरीन नाविक में से एक, टफ्टे पानी के अंदर और बाहर अपने प्रतिद्वंद्वियों के साथ दुश्मन के बजाय दोस्त बनने के लिए जाने जाते थे। सात बार ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले टफ्टे ने अटलांटा 1996 ओलंपिक खेलों में अपना डेब्यू किया था। टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों के बाद अंतरराष्ट्रीय नौकायन से संन्यास लेने से पहले उन्होंने चार पदक (दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य) जीते। तब तक, उनके नाम छह वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक थे और उन्हें खेल के सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तिगत सम्मान थॉमस केलर पदक से सम्मानित किया गया था। उनके लिए, रोइंग सिर्फ़ एक ओलंपिक खेल नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका था। उन्होंने एक बार वर्ल्ड रोइंग से कहा था, मैं जानता हूं कि मैं क्या करता हूं, मैं रोइंग परिवार को जानता हूं, और मैंने रोइंग को एक लाइफस्टाइल के तौर पर अपनाया, न कि सिर्फ़ एक पल के तौर पर। युवा प्रतिभा को गाइड करने और प्रतिद्वंद्वियों का हौसला बढ़ाने की उनकी इच्छा को मंगलवार को उनके निधन की घोषणा करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट पर कई श्रद्धांजलि संदेशों में याद किया गया। जर्मन ओलंपिक पदक विजेता जेसन ओसबोर्न ने कहा, मुझे याद है कि बचपन में मैंने आपको बीजिंग में जीतते हुए देखा था। इसी से मुझे अपना रोइंग करियर शुरू करने की प्रेरणा मिली। आप हमेशा एक सच्ची प्रेरणा रहे हैं और रहेंगे। रेस्ट इन पीस, चैंपियन।

# अजियो ब्यूटी की 1,500 ब्रांड्स के साथ शुरुआत

**मुंबई (वार्ता)।** अजियो पर पहले से उपलब्ध ब्यूटी प्रोडक्ट्स का दायरा बढ़ा करते हुए रिलायंस रिटेल ने बुधवार को अजियो ब्यूटी की शुरुआत की घोषणा की। अजियो ब्यूटी पर ग्राहकों को 1,500 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के स्किनकेयर, मेकअप, हेयरकेयर, फ्रेगरेंस और पर्सनल केयर उत्पाद एक ही जगह मिलेंगे। रिलायंस रिटेल ने बुधवार को बताया कि अजियो ब्यूटी पर स्किनकेयर, मेकअप, हेयरकेयर, फ्रेगरेंस, बाथ एंड बॉडी, पर्सनल केयर और ब्यूटी एक्सेसरीज की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। इसमें रोजमर्रा के किफायती उत्पादों




से लेकर प्रीमियम और लग्जरी ब्रांड्स तक शामिल होंगे। कंपनी के मुताबिक, इन उत्पादों की डिलीवरी देशभर के 19,000 से अधिक पिन कोड पर की जायेगी। चुनिंदा शहरों में अजियो रश के जरिये तेज डिलीवरी की सुविधा भी मिलेगी। इस नये प्लेटफॉर्म के लिए रिलायंस रिटेल ने अपने ओम्नीचैनल ब्यूटी प्लेटफॉर्म टीरा की विशेषज्ञता को अजियो की डिजिटल पहुंच के साथ जोड़ा है। प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों को नये ब्यूटी ट्रेंड, अलग-अलग जरूरतों के अनुरूप रूटीन, एकीकृत जानकारी और व्यक्तिगत पसंद के अनुसार सुझाव भी दिये जाएंगे।

# इटरनल का मुनाफा 268 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई (वार्ता)

फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो की प्रवर्तक कंपनी इटरनल को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में समेकित आधार पर 92 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 268 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बुधवार को निदेशक मंडल की बैठक के बाद वित्तीय परिणामों की घोषणा की। उसने बताया कि तिमाही के दौरान समायोजित राजस्व भी सालाना 173 प्रतिशत बढ़कर 20,648 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अप्रैल-जून 2026 की अवधि में सीधे ग्राहकों से मिले ऑर्डर का शुद्ध मूल्य (एनओवी) 54 प्रतिशत बढ़कर 31,120 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, समायोजित परिचालन लाभ 555 करोड़ रुपये हो गया जो सालाना आधार पर 223 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। कंपनी के क्विक कॉमर्स कारोबार का एनओवी 86 प्रतिशत बढ़कर 17,132 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# अडानी पावर का पहली तिमाही का मुनाफा 47 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई (वार्ता)



अडानी पावर को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 4,867 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ, जो सालाना आधार पर 47 प्रतिशत ऊपर है। कंपनी के निदेशकमंडल की बुधवार को हुई बैठक के बाद वित्तीय परिणामों की घोषणा की गयी। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान कंपनी का सतत परिचालन राजस्व 28 प्रतिशत बढ़कर 17,550 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान सतत परिचालन लाभ 6,983 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22 फीसदी की वृद्धि हुई है। अडानी पावर ने बताया कि पहली तिमाही में ईंधन की लागत 30 प्रतिशत बढ़कर 9,513 करोड़ रुपये हो गयी। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 7,309 करोड़ रुपये रही थी। वित्तीय परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अडानी पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.बी. ख्यालिया ने कहा कि एक बार फिर सतत आधार पर रिकॉर्ड परिचालन लाभ अर्जित किया है। यह उसके सक्षम पोर्टफोलियो और परिचालन की उत्कृष्टता को रेखांकित करता है। उसके पोर्टफोलियो का आकार बढ़कर 45 गीगावाट पर पहुंच गया है।

# चौतरफा बिकवाली से गिरा शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को चौतरफा बिकवाली देखी गयी और प्रमुख सूचकांक लगातार तीसरे दिन टूटते हुए करीब दो सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 715.06 अंक (0.92 प्रतिशत) लुढ़ककर 76,755.05 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 191.45 अंक यानी 0.79 प्रतिशत उतरकर 23,996.25 अंक पर आ गया। दोनों सूचकांकों का यह 09 जुलाई के बाद का निचला स्तर है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल में तेजी रही। लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4.5 प्रतिशत चढ़कर 95 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। इसने निवेश धारणा को कमजोर किया जिससे बाजार में शुरू से ही बिकवाली देखी गयी। वृहत बाजार में ज्यादा दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50



सूचकांक 1.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.54 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। ऑटो और एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। रियल्टी और मीडिया सेक्टरों में ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। बैंकिंग, आईटी, वित्त, फार्मा और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक एक से दो प्रतिशत तक टूट गये। एनएसई में जिन 3,409 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,231 लाल निशान में और 1,068 हरे निशान में रहे। अन्य 110 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 के शेयर नुकसान में रहे। इंडिगो का शेयर 3.57 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 1.97 फीसदी, भारतीय स्टेट बैंक में 1.81, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.80, आईसीआईसीआई बैंक में 1.50, एक्सिस बैंक में 1.44, अडानी पोर्ट्स में 1.37, टेक महिंद्रा में 1.17, ट्रेंट में 1.15, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.14, एचडीएफसी बैंक में 1.09 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.08 प्रतिशत और सन फार्मा में 0.98 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, बीईएल, एलएंडटी, टीसीएस, टाटा स्टील और मारुति सुजुकी के शेयर भी लाल निशान में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी, पावरग्रिड और टाइटन के शेयर हरे निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.18 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग 0.95 प्रतिशत टूट गया।

# चंद्रशेखर आजाद नगर को मिलेगी 340 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

## अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को देंगे श्रद्धांजलि, किसानों से करेंगे संवाद

## डॉ. यादव बलराम कृषि महोत्सव में होंगे शामिल



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जिलों में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर में उनकी 120वीं जन्म जयंती के अवसर पर कृषि उपज मंडी में 23 जुलाई 2026 को बलराम कृषि महोत्सव, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जन्मजयंती समारोह आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चंद्रशेखर आजाद नगर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली आजाद कुटिया पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करेंगे। इसके बाद वे मुख्य कार्यक्रम स्थल कृषि मंडी पहुंच कर बलराम कृषि महोत्सव में जिले के प्रगतिशील किसानों से संवाद कर कृषि क्षेत्र में नवाचार,आधुनिक तकनीकों तथा कृषि विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री संभाग के अलग-अलग जिलों से आए विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित इंफ्लूएंसर्स से भी संवाद करेंगे।

***मुख्यमंत्री किसानों और मेधावी छात्रों का करेंगे सम्मान***- कार्यक्रम में जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों तथा मेधावी छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। बलराम कृषि महोत्सव का उद्देश्य किसानों को कृषि एवं कृषि से संबद्ध क्षेत्रों की नवीनतम तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। इसी के साथ विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा।

***प्रदर्शनी का करेंगे अवलोकन***- बलराम कृषि महोत्सव में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकी तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

***मुख्यमंत्री विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपने प्रस्तावित आलीराजपुर प्रवास के दौरान जिले को विकास कार्यों की बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों के लगभग 287.32 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इन विकास कार्यों में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण संपर्क मार्गों का निर्माण, जनजातीय कार्य विभाग के नवीन हाई स्कूल भवन, जल संसाधन विभाग के बैराज निर्माण, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के विद्युत उपकेंद्र, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के नवीनीकरण एवं नव-निर्माण कार्य सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य विभागों के विभिन्न निर्माण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले में सड़क संपर्क, शिक्षा, सिंचाई, विद्युत अधोसंरचना तथा ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी। इसके साथ ही वे लगभग 53.55 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न निर्माण एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पित होने वाले कार्यों में विद्युत विभाग के नवीन 33/11 केवी उपकेंद्र, शिक्षा विभाग के विद्यालय भवन, महिला एवं बाल विकास विभाग के अनेक आंगनवाड़ी भवन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अटल सेवा केंद्र, पुलिया, स्टॉप डैम, निस्तार तालाब, आरएमएस, नाली एवं पेवर ब्लॉक सहित अन्य ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्य शामिल हैं।

***इन्लुएंसर्स टॉक कार्यक्रम में करेंगे सीधा संवाद***- बलराम कृषि महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स से सीधा संवाद कर कृषि, जनजातीय संस्कृति, पर्यटन, स्थानीय उत्पादों, प्राकृतिक खेती, ग्रामीण नवाचार जैसे विषयों पर उनके अनुभव जानेंगे।



# राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना जागरुक नागरिक की पहचान: डॉ. यादव

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे विद्यार्थी देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता हैं। लोकतंत्र को समझना, उसके मूल्यों को आत्मसात करना और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाना ही जागरूक नागरिक की पहचान है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को लोकतांत्रिक संस्थाओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। सरकार कैसे काम करती है, नियम-कानून कैसे बनाये जाते हैं, संसदीय परम्पराएं क्या होती हैं, विधानसभा यह सब जानने-समझने का सबसे उत्तम विद्यालय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास में युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मध्यप्रदेश विधानसभा स्थित समिति कक्ष क्रमांक-1 में स्कूली बच्चों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री से विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही देखने आए आगर-मालवा जिले के विभिन्न अंचलों के 50 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों तथा स्टेम फील्ड इंटरनेशनल स्कूल, जबलपुर के 40 विद्यार्थियों ने सौजन्य भेंट कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनसे विधानसभा भ्रमण के अनुभव भी जाने। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बताया कि उन्हें पहली बार विधानसभा सत्र की सदन में चल रही कार्यवाही को निकट से देखने और संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला, जो उनके लिए अत्यंत रोचक एवं प्रेरणादायी अनुभव रहा। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, सृजनशीलता और नवाचार की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि आगर-मालवा जिले के आगर से विधायक माधव सिंह (मधु गहलोत) तथा जबलपुर कैंट विधायक अशोक रोहाणी के मार्गदर्शन में भोपाल पहुंचे इन विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने हाथों से तैयार किए गए विभिन्न मॉडल एवं आकर्षक सीनरीज भी भेंट की।

# विश्व कप के रण में मध्यप्रदेश का गौरव

## हॉकी इंडिया की विश्व कप टीम में हॉकी अकादमी के एसोसिएट खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद का चयन

## 15 अगस्त से बेल्जियम-नीदरलैंड में शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे विवेक सागर प्रसाद



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के लिए एक बार फिर गर्व का अवसर आया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के एसोसिएट खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद का चयन एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम एवं नीदरलैंड-2026 के लिए घोषित भारतीय पुरुष हॉकी टीम में हुआ है। यह विश्व कप 15 से 30 अगस्त 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें भारतीय टीम विश्व विजेता बनने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी। विवेक सागर प्रसाद का चयन न केवल उनकी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है, बल्कि यह मध्यप्रदेश की खेल अकादमियों में उपलब्ध विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और खिलाड़ियों के समग्र विकास की प्रभावी व्यवस्था का भी प्रमाण है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके विवेक अब विश्व हॉकी के सबसे प्रतिष्ठित मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे। भारतीय टीम की कप्तानी अनुभवी डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह उपस्थिति से टीम को मजबूती देंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम को अनुभव और युवा ऊर्जा का संतुलित मिश्रण बताते हुए विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन का भरोसा जताया है। भारत को विश्व कप के पूल-डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को वेल्स के विरुद्ध करेगी, इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड तथा 19 अगस्त को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला खेलेगी। मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी से जुड़े खिलाड़ी का विश्व कप टीम में चयन प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का विषय है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेल अकादमियां लगातार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार कर रही हैं, जिसका परिणाम देश की विभिन्न राष्ट्रीय टीमों में प्रदेश के खिलाड़ियों की बढ़ती भागीदारी के रूप में सामने आ रहा है।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण का शुभारंभ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** अथाई आमचौपरा मार्ग स्थित श्रीदेव रासबिहारी राधाकृष्ण मंदिर में गुरुपूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत दिव्य एवं भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार मंगल ध्वनि एवं हरिनाम संकीर्तन के बीच श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान श्रीराधाकृष्ण श्रीमद्भागवत महापुराण और संत-महात्माओं के जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कथा के मुख्य यजमान दुर्गा यादव ने विधि-विधानपूर्वक श्रीमद्भागवत महापुराण एवं कथा व्यास रवि शास्त्री का पूजन-अर्चन कर कथा का शुभारंभ कराया। वैदिक ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन एवं मंगलाचरण के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत समस्त वेदों उपनिषदों एवं पुराणों का सार है यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं भक्ति ज्ञान वैराग्य तथा मोक्ष का अमृतस्वरूप महापुराण है कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल एवं श्रेष्ठ साधन श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण है।

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना

दमोह (स्वतंत्र मत)



लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर निहत्थे छात्र छात्राओं पर पुलिस द्वारा डंडों से पीटने को लेकर जब वह पीएम आवास के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे थे तब दिल्ली पुलिस द्वारा उनसे झूमाझपटी कर गिरफ्तारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेसजनों के साथ जिला कलेक्ट्रेट के सामने 9 बजे बरसते पानी में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटैल ने कहा धिक्कार है। मोदी सरकार पर मासूम छात्र-छात्राओं पर बर्बरता पूर्वक लाठिया चलाई गई जिसको पूरे देश ने देखा। एक अनपढ़ पीएम से युवाओ को यह उम्मीद न थी। परीक्षाओ में बैठने वाले छात्र छात्राये अपने भविष्य को लेकर सशंकित है। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, नितिन मिश्रा, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, विजय बहादुर सिह, परम यादव ने कहा कि भाजपा ने धर्म की आढ में चंदा चोरी की, चढ़ावा चोरी की लोगो की आस्था पर प्रहार किया और अब प्रजातंत्र को कुचलने का काम कर रही है। डीपी पटैल, विक्रम ठाकुर, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, दिनेश रैकवार, मुकेश रोहिताश, अखिलेश सोनी, मदन सुमन, अभिषेक यादव, शैलैन्द्र सिंह, गोपाल रैकवार, अजय जाटव, डा हीरालाल, गीता लोधी, आशीष शर्मा, कफील कुरैशी, शानु जुनेजा, खिल्लू ठाकुर, वकील कुरैशी, पप्पू कुशवाहा, जाबेद रोजान, एके चिश्ती ने कहा कि जब जब जुल्मी राज करेगा सत्ता के गलियारो से चप्पा चप्पा गुंज उठेगा इंकलाब के नारों से सत्ता के मद में मदमस्त भाजपा की सरकार वह दिन अब दूर नहीं जब तुम्हारा भी अहंकार भी टूटेगा। इस अवसर पर सुशोभित पटैल, श्रीकांत पटैल, भूपेन्द्र सेन, रत्नेश डिम्हा, मुकेश थापा, अंकित दुबे, विकास पटेल सहित कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

# सत्येंद्र साहू की किताब 'ने करो 12' का विमोचन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** लेखक सत्येंद्र साहू द्वारा लिखित किताब ने करो 12 का विमोचन बुंदेलखंड के कलाकारों के समागम हटा में ओम की हास्य सभा कार्यक्रम में बुंदेली गायक जित्तू खरे बादल, जाहर भैया, माखन दाऊ, बल्लु बुंदेली, नारान सिंह, भगत दाऊ,ओम साहू, साहिल शर्मा, हर्ष कुसमरिया सहित कई कलाकारों ने किया.हटा जिला दमोह मे बुंदेलखंड के कलाकारों का समागम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, लालचंद खटीक, सत्येंद्र साहू, गंगाराम रहे। बुंदेली कलाकारों मे जित्तू खरे बादल, जाहर भैया आशीष उपाध्याय, विट्ठू, हल्ले दाऊ, गुड्डू भैया, आदित्य, खुशबू, अंजलि, नारान सिंह, माखन दाऊ, भगत दाऊ रहे।

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में हटा में कांग्रेस का प्रदर्शन

## बारिश में भी केंद्र सरकार के खिलाफ गरजे कार्यकर्ता



**हटा (स्वतंत्र मत)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के समर्थन में धरना दे रहे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के विरोध में मप्र में कांग्रेस का प्रदेश से लेकर ब्लॉक स्तर तक प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में मंगलवार शाम दमोह जिले के हटा नगर के मंदिर-मस्जिद चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में डटे रहे और राहुल गांधी की गिरफ्तारी का विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भाजपा सरकार के इशारे पर गिरफ्तार करना लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई दिनों से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ भाजपा समर्थकों द्वारा मारपीट की गई जिसकी कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए राहुल गांधी और प्रदर्शनकारी छात्रों को तत्काल रिहा करने की मांग उठाई। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मोनू पटेरिया ने कहा कि कांग्रेस छात्रों, गरीबों और किसानों की आवाज उठाती रहेगी तथा भाजपा की दमनकारी नीतियों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस की मौजूदगी में भी केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# बिना अनुमति कीमती कोहा के पेड़ काटने का आरोप

**हटा (स्वतंत्र मत)।** कमला नेहरू वार्ड निवासी ब्रजबिहारी चौरसिया ने विद्युत मंडल के ठेकेदार पर बिना अनुमति उनके खेत में लगे कीमती कोहा सागौन प्रजाति के पेड़ काटने का आरोप लगाया है। कार्रवाई नहीं होने से परेशान आवेदक अब न्याय के लिए विभागों के चक्कर काट रहा है। शिकायतकर्ता ने वन विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को डाक रजिस्ट्री के माध्यम से भी शिकायत भेजकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदक के अनुसार खेत में लगे कीमती कोहा के पेड़ों को विद्युत लाइन के कार्य के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के काट दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित ठेकेदार ने न तो नगर पालिका और न ही वन विभाग से अनुमति ली। पेड़ काटने के दौरान खेत में बना मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। ब्रजबिहारी चौरसिया ने बताया कि उन्होंने पहले हटा थाना में शिकायत की। जहां से उन्हें वन विभाग में आवेदन देने की सलाह दी गई। इसके बाद उन्होंने वन विभाग को लिखित शिकायत के साथ डाक रजिस्ट्री के माध्यम से भी आवेदन भेजा है।

# पथरिया एमएलबी स्कूल में टीचर की हरकत पर बवाल

## एमएलबी स्कूल में शिक्षक पर छात्राओं की साइकिलों में लात मारने का आरोप

पथरिया (स्वतंत्र मत)



जहां एक ओर स्कूल के शिक्षक शिष्टाचार और नैतिकता का पाठ पढ़ाते है। वहीं पथरिया एमएलबी गर्ल्स स्कूल के एक शिक्षक द्वारा ऐसा अमानवीय कृत्य किया गया जिससे स्कूली छात्राओं और उनके अभिभावकों में रोष का माहौल है। कथित आरोपों के अनुसार पथरिया एमएलबी स्कूल में पदस्थ शिक्षक बहादुर अहिरवाल ने किसी बात से गुस्से में आकर बच्चों को चिल्लाते हुए उनकी साइकिलों में लाते मारी साथ ही बच्चों को जोर से चिल्लाकर वहां से भगा दिया। वहीं जब समस्त घटना की जानकारी छात्राओं के अभिभावकों को पता चली तब उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया। जिसके बाद नगर के कई पत्रकार स्कूल पहुंचे और वहां समस्त घटना की जानकारी मांगी। कैमरे की फुटेज का गायब हो जाना, कथित तौर पर लगाए गए आरोपों को खंगालने के लिए जब स्कूल प्रबंधक सुभाष चंद जैन से कैमरे की फुटेज मांगी गई तो उनके द्वारा बताया गया दो दिन से डीबीआर की हार्ड डिस्क खराब है और सुधरने डली है। जिस वजह से कैमरे में रिकॉर्डिंग सेव नहीं हो पाई है। वहीं अगर देखा जाए तो गर्ल्स स्कूल एमएलबी में 1700 छात्राएं है। जिनकी समस्त जवाबदेही स्कूल प्रबंधक की रहती है। और ऐसे में सीसीटीवी फुटेज का न होना स्कूल प्रबंधक की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है।

वहीं स्कूल प्राचार्य सुभाष चंद जैन ने भी घटना घटने की पुष्टि की जिसके एवज में संबंधित शिक्षक को जवाबदेही नोटिस दिया जाएगा और प्रतिवेदन बनाकर पूरी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को भेज कर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। कथित आरोपों पर शिक्षक का कहना है कि अभिभावकों और बच्चों द्वारा जो आरोप शिक्षक बहादुर अहिरवाल पर लगाए गए उनकी पुष्टि स्वयं शिक्षक द्वारा की गई। अतः अपनी सफाई देते हुए इनका कहना था कि जिस जगह पर मैने बच्चों की साइकिलों में लात मारी और उन्हें वहां से भगाया गया वहां पास के पेड़ पर मधु मक्खी का छाता लगा था। अतः बच्चे रोकने पर मान नहीं रहे थे। जिस कारण से मैंने उनकी साइकिलों में लात मारी और उन्हें वही गिरा दिया जिससे बच्चे वहां न जाए।

### इनका कहना है

समस्त घटना की जानकारी मिलते ही वृन्देश पांडेय मौके पर स्कूल पहुंचे वहां उन्होंने बच्चों और स्कूल पक्ष दोनों को सुनने के पश्चात स्कूल प्रबंधक से जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

**वृंदेश पाण्डेय, नायब तहसीलदार पथरिया**

प्राचार्य से पूरी मामले की जानकारी ले रहा हूं यदि ऐसा किया गया है तो यह बहुत ही गलत है नोटिस जारी कार्यवाही की जाएगी।

**धर्मेंद्र चौबे**
**बीईओ पथरिया**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27/65
दिनांक 22/7/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हितेश महावर पुत्र स्व. राजेश महावर ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 3/17 एवं 3/17 ए.एपी.आर 01 संपत्ति के पिन क्रमांक 1000386347 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 1100 व.फु आरसीसी 875 व.फु आरसीसी पर निम्न दस्तावेज दान पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री स्व. राजेश महावर पिता श्री रामेश्वर दयाल महावर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 22/7/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नीलकमल सुहाने पुत्र रामनारायण सुहाने (2) श्रीमती रजनी सुहाने पति श्री नीलकमल सुहाने ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 2 कांती विलास कजरवारा संपत्ति के पिन क्रमांक 1004366301 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1312 व.फु जिस पर निर्मित भूतल 900 व.फु प्रथम तल 900 व.फु पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री मनोज फगवानी पिता श्री जयराम दास फगवानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**



**एनडीआरएफ की टीम ने दी महत्वपूर्ण जानकारियां**

## विद्यार्थियों को मिला आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय एकलव्य आवासीय माध्यमिक विद्यालय, रामपुर छापर में 11वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से बचाव, सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार तथा सीपीआर सहित जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ के बचावकर्मियों ने भूकंप, अग्निकांड, बाढ़ एवं अन्य आपात स्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों का प्रदर्शन किया।

**सनातन धर्म स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

## सेवा और ईमानदारी से बनता है सच्चा नेतृत्व




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हाथीताल स्थित सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार, 22 जुलाई को छात्र परिषद सत्र 2026-27 का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संस्था अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री तरुण भनोत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सभा के उपाध्यक्ष डी आर सेठी व सुखबीर कोचर, राकेश गुप्ता, अनुपम आनंद और नीरज ब्योत्रा सहित प्रबंध समिति के अनेक सदस्य मौजूद रहे। नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद की शपथ लेते हुए विद्यालय के अनुशासन, गरिमा और सर्वांगीण विकास के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।



# धांधली और पेपर लीक के कारण ठगा जा रहा देश का युवाः जयवर्धन





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में यूथ कांग्रेस द्वारा आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। बड़ी संख्या में मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश का युवा अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर आंदोलन कर रहा है। जयवर्धन सिंह ने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए जोर दिया कि देश को इस समय यूनीफॉर्म सिविल कोड की नहीं, बल्कि यूनिफॉर्म एजुकेशन कोड, समान शिक्षा नीति और समान चिकित्सा नीति की सख्त जरूरत है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। अपने संबोधन के दौरान विधायक जयवर्धन सिंह ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही धांधलियों को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में सीबीएसई, नीट और पीएससी जैसी परीक्षाओं के पेपर लगातार लीक हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एनटीए में ऐसे अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिनका ट्रैक रिकॉर्ड मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी विवादित रहा है और पेपर लीक से जुड़ा है।

### भाजपा कर रही निर्दोष और प्रतिभावान युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

जयवर्धन सिंह ने परीक्षा प्रणाली के निजीकरण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पूरी व्यवस्था के चार चरणों-पेपर सेटिंग, प्रिंटिंग, ट्रांसपोर्टेशन और एग्जाम सेंटर पर सवाल उठाए। उनके अनुसार, इन चारों चरणों का ठेका और जिम्मेदारी निजी हाथों व दलालों को सौंप दी गई है। इससे अमीर परिवारों के बच्चों को फायदा पहुंचाया जा रहा है, जबकि गरीब और योग्य छात्र अपनी मेहनत के बावजूद ठगे जा रहे हैं। उन्होंने इसे निर्दोष और प्रतिभावान युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ और बड़ा पाप करार दिया। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जयवर्धन सिंह ने बताया कि राहुल गांधी द्वारा कोटा और देहरादून में शुरू की गई इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस पूरे देश के 100 से अधिक शहरों में यह आयोजन कर रही है। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग की। इस अवसर पर जबलपुर शहर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, अमरीश मिश्रा और प्रदेश भर के कई युवा नेता व छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित युवा की गूंज कार्यक्रम में हिस्सा लेने जबलपुर पहुंचे मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह का शहर आगमन पर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। जबलपुर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आत्मीयता के साथ उनका अभिनंदन किया। आयोजित कार्यक्रम में युवाओं से जुड़े विभिन्न ज्वलंत विषयों, उनके अधिकारों और शिक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर जयवर्धन सिंह ने युवाओं की भागीदारी और उनके हक की लड़ाई को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। इस दौरान जबलपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मुकुल खमपरिया, संगठन मंत्री राजेश पटेल, सोशल मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा, सिद्धार्थ पांडे, ऋषि पटेल, रामेश्वरम गिरी, बच्चा यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सूने घरों में चोरों का धावा, अधारताल और संजीवनी नगर में वारदात

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल व संजीवनी नगर स्थित दो सूने घरों पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर कीमती जेवर, नगदी और सामग्री पर हाथ साफ कर दिये। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामलों को विवेचना में लिया है। अधारताल पुलिस ने बताया कि सुहागी नर्मदा परिसर निवासी सुश्री अन्नपूर्णा पांडे अपनी बहन के साथ विगत 14 जुलाई को अमरनाथ यात्रा पर गई हुई थी। घर के देखरेख के लिये उन्होंने पड़ोसी सागर श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी थी। बीती शाम सागर घर पहुँचा, जिसने देखा मेडम के घर के मेनगेट में ताला लगा था अंदर के मेन दरवाजे में ताला नहीं है एलड्राप नहीं लगा था। जिसके बाद वह अपने घर से मेन गेट की चाबी लेकर अंदर पहुंचा और पीड़िता को फोन पर चोरी होने की जानकारी दी। अज्ञात आरोपी उक्त मकान से सोने की 1 चैन, चांदी की 1 जोड़ी पायल, कुछ नगदी राशि चुरा ले गये। इसी प्रकार संजीवनी नगर पुलिस को शुभम शुक्ला उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम घुनवारा थाना अमदरा जिला मैहर वर्तमान पता धनवंतरीनगर संजीवनी नगर ने बताया कि 18 जुलाई की शाम वह अपने घर में ताला लगाकर पैतृक निवास ग्राम घुनवारा मैहर चला गया था। बीते दिवस जब वापस लौटा तो देखा कि घर के मेन दरवाजा का ताला टूटा था। उसने अंदर जाकर देखा घर तो का सामान बिखरा हुआ था। आलमारी में रखी सोने की अंगूठी, 2 लोंग, चांदी की 1 जोड़ी पायल, 1 चैन, 2 साड़ियां, 1 सूट, ब्रांडेड लेडिज घड़ी 3 नग, इंडक्शन 1, स्पीकर 1 नग, हेलमेट 1 नग, बड़ा पिट्ठू बैग तथा नगदी लगभग 4 हजार रूपये नहीं थे। दोनों मामलो की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।



# अवैध रूप से संचालित सेंटरों पर निगम और पुलिस टीम का छापा

### संयुक्त कार्यवाही से मचा हड़कंप

### संदिग्ध हालत में मिले युवक युवतियां

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में अवैध रूप से संचालित स्पा सेंटरों और कैफेटेरिया के खिलाफ बुधवार शाम पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। नेपियर टाउन, राइट टाउन, इनकम टैक्स चौराहा और गोहलपुर क्षेत्र में एक साथ दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान कई युवक-युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में मिले, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि शहर के कई स्पा सेंटरों में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। आरोप था कि यहां रुपये लेकर न केवल नशा कराया जा रहा है, बल्कि गलत गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष जाखड़ और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल के नेतृत्व में नगर निगम की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। पुलिस के पहुंचते ही कुछ लोगों ने भागने की कोशिश की।राइट टाउन स्थित एक स्पा सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों से पुलिस की मौजूदगी का पता चलते ही कुछ युवक और महिलाएं मौके से फरार हो गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने स्पा सेंटरों से रजिस्टर, दस्तावेज और अन्य रिकॉर्ड जब्त किए हैं। इन दस्तावेजों में सेंटर पर आने वाले लोगों का विवरण दर्ज बताया जा रहा है, जिसकी जांच की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष जाखड़ ने बताया कि कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। उन्होंने कहा कि गोहलपुर और विजय नगर क्षेत्र के कुछ अन्य स्पा सेंटरों में भी अनैतिक गतिविधियों की सूचना मिली है, जहां जांच और कार्रवाई जारी है। वहीं नगर निगम की टीम यह भी जांच कर रही है कि संचालित स्पा सेंटरों के पास वैध लाइसेंस और अन्य आवश्यक अनुमति है या नहीं।

## संत रामपाल जी महाराज से प्रेरित होकर शिष्या ने किया देहदान

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई अंतिम विदाई



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मानव सेवा का सच्चा भाव केवल जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि मृत्यु के बाद भी समाज के लिए प्रेरणा बन सकता है। ऐसा ही प्रेरणादायक उदाहरण 22 जुलाई 2026 को जबलपुर के गढ़ा स्थित गौतम जी की मढ़िया निवासी 60 वर्षीय दुर्गा दासी ने प्रस्तुत किया। संत रामपाल जी महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित होकर उन्होंने जीवनकाल में ही अपनी अंतिम इच्छा व्यक्त की थी कि उनके निधन के बाद उनकी देह चिकित्सा शिक्षा एवं मानव सेवा के लिए दान की जाए। दुर्गा दासी ने वर्ष 2013 में संत रामपाल जी महाराज से नामदीक्षा ग्रहण की थी। नामदीक्षा के बाद उन्होंने संत रामपाल जी महाराज की मानव सेवा, परोपकार और समाज कल्याण की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाया। तभी से उनकी यह अंतिम इच्छा थी कि उनके निधन के बाद उनकी देह चिकित्सा क्षेत्र में दान कर दी जाए, ताकि भविष्य के चिकित्सकों की शिक्षा और शोध कार्य में उसका उपयोग हो सके।

## दस-दस हजार लेकर महिलाओं को थमाए फर्जी बीपीएल कार्ड

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोरखपुर क्षेत्र में महिलाओं के साथ ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां महिलाओं से दस-दस हजार रुपए लेकर फर्जी गरीबी रेखा के कार्ड पकड़ा दिए गये, इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ है जब एक महिला अपने बच्वें का स्कूल में एडमिशन कराने पहुंची। जिसके बाद पीड़ित महिलाओं ने गोरखपुर थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने बताया कि गोरखपुर क्षेत्र में गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाली महिलाओं सोना शर्मा, गीता विश्वकर्मा, मेधा बर्मन, प्रभा पटेल, क्रांति सेन और महक पटेल के गोरखपुर तहसील कार्यालय की एक महिला कर्मचारी ने कार्ड बनवाने के एवज में प्रत्येक महिला से दस-दस हजार रुपये वसूले और सभी को नकली बीपीएल कार्ड थमा दिये, जब महिलाएं बच्चों के स्कूल एडमिशन और राशन के लिए निगम व तहसील पहुंचीं तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। स्कूल प्रबंधन ने कार्ड पर नगर निगम की सील और हस्ताक्षर कराने के लिए कहा, जब महिलाएं नगर निगम पहुंचीं तो वहां के कर्मचारियों ने उन्हें तहसील कार्यालय जाने की सलाह दी।

## बिना वॉटर फिल्टर लाइसेंस ब्रांडेड कंपनियों के लगा रहे थे स्टीकर

### कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त टीम ने की छापामारी, दो प्लांट सील




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

राजस्व, खाद्य सुरक्षा एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को नयागांव मांडवा बस्ती स्थित पानी पैकेजिंग प्लांट एक्वा ओसियनल एवं उन्नति इंटरप्राइजेज का निरीक्षण कर गंभीर अनियमिततायें पाये जाने पर दोनों को सील कर दिया है। पानी पैकेजिंग प्लांटो के निरीक्षण की यह कार्यवाही कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर की गई। दोनों प्लांटो के अवैध संचालन की शिकायत जिला प्रशासन को प्राप्त हुई थी। एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान दोनों पानी पैकेजिंग प्लांट के वैध एफ एसएसएआई लायसेंस नहीं पाये गये। इनके पास पानी को फिल्टर करने का लायसेंस भी नहीं था। केवल डिस्ट्रीब्यूशन के लायसेंस पर ही इन दोनों पैकेजिंग प्लांट में शीतल, जल, पारस, बड़कुल जैसी अलग-अलग कंपनियों के नाम के स्टीकर पानी की बोतलों में लगाये जा रहे थे। एसडीएम गोरखपुर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दोनों प्लांटो से पैकेज्ड पानी के सेम्पल परीक्षण हेतु लिये गये हैं तथा अवैध रूप से संचालित पाये जाने पर दोनों को सील कर दिया गया है।

## बदले मार्ग से चलेगी शक्तिपुंज



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

यात्रियों की सुविधा, संरक्षा एवं बेहतर परिचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल अंतर्गत सीतारामपुर जंक्शन-प्रधान खांटा जंक्शन रेलखण्ड पर मुगमा रेलवे स्टेशन को कनेक्शन के साथ कमीशनिंग के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य करने का निर्णय लिया गया हैद्ध इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से संचालित चार रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन रहेगा। प्रारम्भिक तिथियों से मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियों में गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, 23 सितम्बर से 26 सितंबर तक अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से रवाना होकर अपने निर्धारित मार्ग पतरातू-चंद्रपुरा जंक्शन-धनबाद जंक्शन-सीतारामपुर जंक्शन के बजाय परिवर्तित मार्ग पतरातू-भोपलका-कोडरमा जंक्शन-महेशमुण्डा जंक्शन-मधुपुर जंक्शन-सीतारामपुर जंक्शन से होकर गंतव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, 24 सितम्बर से 27 सितम्बर तक अपने प्रारम्भिक स्टेशन हावड़ा से रवाना होकर अपने निर्धारित मार्ग सीतारामपुर जंक्शन-धनबाद जंक्शन-चंद्रपुरा जंक्शन-पतरातू के बजाय परिवर्तित मार्ग सीतारामपुर जंक्शन-मधुपुर जंक्शन-महेशमुण्डा जंक्शन-कोडरमा जंक्शन-भोपलका-पतरातू से होकर गंतव्य को जाएगी।

# बच्चों को सिखाए तनाव प्रबंधन व स्वस्थ्य दिनचर्या के गुर

## जिनसार द्वारा केसी हितकारिणी चिल्ड्रन्स अकादमी में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च (जिनसार) के मेडिकल-सर्जिकल नर्सिंग विभाग द्वारा विश्व मस्तिष्क दिवस के अवसर पर के.सी. हितकारिणी चिल्ड्रन्स अकादमी में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य इस वर्ष की वैश्विक थीम सभी के लिए मस्तिष्क स्वास्थ्य के अनुरूप विद्यार्थियों में मस्तिष्क स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अर्चना गुप्ता के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने इस जन-जागरूकता पहल के लिए जिन्सार की सराहना करते हुए कहा कि बचपन से ही स्वस्थ आदतों का विकास जीवनभर अच्छे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य की आधारशिला है। इस अवसर पर बी.एससी. नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में एक इंटरएक्टिव स्वास्थ्य जागरूकता सत्र एवं शैक्षणिक नुक्कड़ नाटक (स्किट) प्रस्तुत किया। स्किट के माध्यम से विद्यार्थियों को अस्वस्थ जीवनशैली के दुष्परिणामों तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नशे से दूरी तथा पढ़ने, पहेलियाँ हल करने एवं नई चीज़ें सीखने जैसी मानसिक गतिविधियों के महत्व के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से जानकारी दी गई।

### स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने दिलाया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर एवं संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। स्किट एवं संवादात्मक प्रस्तुति ने मस्तिष्क स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेशों को रोचक एवं प्रभावशाली तरीके से विद्यार्थियों तक पहुँचाया। कार्यक्रम में कक्षा 6 एवं 7 के कुल 55 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों की जिज्ञासा, सहभागिता एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया ने कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार एवं समाज में मस्तिष्क स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया। यह कार्यक्रम प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी, प्राचार्य (प्रभारी), जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. आराधना धन्यबाद एवं सुश्री आसिया अंजुम द्वारा किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अर्चना गुप्ता, विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**